संसेक्स 72,085.63 ▲ +440.34
डॉलर 83.011 ▼ +0.051

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 14.0 | 22.0 |
| धनबाद | 25.0 | 15.0 | 23.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 14.0 | 26.0 |
| पलामू | 25.0 | 15.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 05 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 110, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय सक्सेस में नॉलेज के साथ बिहेवियरल ... 8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
रानी मुखर्जी 'ब्लैक' की 19वीं एनिवर्सरी ...12 देश/विदेश




### सूचना

'राष्ट्रीय नवीन मेल' कम से कम कीमत में एक साफ सुथरा अखबार आपको देने की नीति पर चलता रहा है पर महंगाई और न्यूज प्रिंट के मूल्य में वृद्धि के कारण इसकी कीमत में मामूली वृद्धि कर तीन रुपए कर दी गई है। आशा है आप सभी का सहयोग पूर्ववत मिलता रहेगा।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,540
चांदी (किलो) 71,410

### एक नजर

#### झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से मिले विधायक लोबिन हेंब्रम



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक लोबिन हेंब्रम ने रविवार को पार्टी प्रमुख और सांसद शिबू सोरेन से उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। इसके बाद मीडिया से बातचीत में हेंब्रम ने कहा कि वह चंपाई सोरेन सरकार के साथ हैं। सरकार को कोई खतरा नहीं है। विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट में वे पार्टी के साथ सरकार के समर्थन में वोट करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव, डीजीपी सहित अन्य वरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# अपराध मुक्त झारखंड, राज्य सरकार की प्राथमिकता : चंपाई सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अपराध मुक्त झारखंड, राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की विस्तृत जानकारी रखी। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को अवगत कराया कि पिछले दिनों नामकुम थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने जेएसएससी बिल्डिंग में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है, जिस पर पुलिस प्रशासन ने एफआईआर दर्ज किया है और अनुसंधान भी जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईटी का गठन कर जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन कर दोषियों की गिरफ्तारी की जाए। साथ ही कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने धनबाद के झरिया में हुई घटना की भी जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झरिया में घटित घटना पर एफआईआर दर्ज कर त्वरित जांच की जाए। पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि इस घटना पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। कई गिरफ्तारियां भी की गई हैं। अनुसंधान जारी है।

**पॉक्सो एक्ट जघन्य अपराध, नियंत्रण पर हो काम :** मुख्यमंत्री ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



#### रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह जमशेदपुर, हजारीबाग में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखें

मुख्यमंत्री ने हत्या अपराध से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि हत्या के मामलों में जरूर कमी हुई है लेकिन इनका शीघ्र उद्भेदन जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर एवं हजारीबाग में अपराध ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### हत्या, महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों का उद्भेदन सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री ने महिला अत्याचार से संबंधित समीक्षा की। इस संबंध में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य में विधि व्यवस्था संधारण में प्रयासों की वजह से सांप्रदायिक एवं संवेदनशील घटनाओं में कमी आई है। झारखंड पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से अपराध शीर्ष यथा दहेज प्रताड़ना, चोरी, पॉक्सो एवं हत्या के मामलों में भी कमी आई है। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने कहा कि महिला अत्याचार के विभिन्न मामलों में वर्ष 2019 में 7650 केस दर्ज किए गए थे। वर्ष 2020 में 7464, वर्ष 2021 में 7279, वर्ष 2022 में 6963 वर्ष 2023 से अबतक 6132 मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले चार वर्षों में महिला अत्याचार के मामलों में निरंतर कमी आई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हैदराबाद से रांची वापस लौटे गठबंधन के 35 विधायक

# फ्लोर टेस्ट आज, बढ़ी हलचल

- चंपाई के विश्वास मत की राह में नहीं है कोई परेशानी
- भारत जोड़ो यात्रा के साथ आज राजधानी में रहेंगे राहुल
- कोर्ट की अनुमति से हेमंत भी फ्लोर टेस्ट में लेंगे भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपाई सोरेन ने दो फरवरी को राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी अब सोमवार को उनकी अग्निपरीक्षा है। इसी दिन उन्हें सदन के पटल पर बहुमत हासिल करना है। सोमवार को राहुल गांधी भी अपनी भारत जोड़ो न्याया यात्रा के क्रम में राजधानी में मौजूद रहेंगे। इसे लेकर राजधानी में राजनीतिक गतिविधि बढ़ गई है। बताते चलें कि देवघर में राहुल ने कहा था कि भाजपा ने झारखंड में सरकार चुराने की कोशिश की लेकिन कांग्रेस ने इसे असफल कर दिया। वैसे विभिन्न दलों के विधायकों की संख्या देखते हुए मुख्यमंत्री के लिए इसमें कोई परेशानी आने की संभावना नहीं है। अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की इजाजत दे दी है। चंपाई सोरेन ने सरकार गठन के दावे के समय राज्यपाल को 43 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा था। कहा था वैसे गठबंधन के पास 47 विधायकों का समर्थन है। इसके बाद राज्यपाल ने नए मुख्यमंत्री को 10 दिनों के अंदर विश्वासमत साबित करने को कहा था। चंपाई की शपथ के बाद ही सत्तारूढ़ गठबंधन के 35 विधायक दो चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए थे। चंपाई सोरेन ने विश्वासमत प्राप्त करने के लिए झारखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र 5 फरवरी यानी सोमवार से बुलाया है। विशेष सत्र राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण से शुरू होगा। इसके बाद विधायी कार्य आरंभ हो जाएंगे। फिर स्पीकर रबींद्र नाथ महतो को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन विश्वास मत हासिल किए जाने संबंधी प्रस्ताव देंगे। स्पीकर फ्लोर टेस्ट के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित करेंगे और चर्चा के बाद वोटिंग प्रक्रिया शुरू होगी। गठबंधन सरकार में शामिल सभी पार्टियों ने अपने-अपने विधायकों के लिए व्हिप जारी कर दिया है।

#### हैदराबाद से वापस लौटे सभी विधायक

सदन में फ्लोर टेस्ट को देखते हुए सत्तारूढ़ गठबंधन के 35 विधायक रविवार शाम हैदराबाद से वापस रांची लौट आए। सभी को बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से सीधे सर्किट हाउस ले जाया गया जहां सभी कड़ी सुरक्षा केबीच हैं। पार्टी के बड़े नेताओं को छोड़ किसी अन्य को उनसे मिलने की इजाजत नहीं है। गठबंधन के विधायकों के टूटने के डर से उन्हें हैदराबाद भेजा गया था। राज्य में बीजेपी के पास 26 विधायक हैं, सहयोगी दलों और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### विधानसभा का अंकगणित

- झारखंड विधानसभा में कुल सदस्यों की संख्या 81
- जिसमें से गांडेय विस क्षेत्र का एक सीट रिक्त है
- 80 में बहुमत के लिए कम से कम 41 विधायकों का समर्थन जरूरी
- 48 विधायक इंडिया ब्लॉक के हैं
- जेएमएम से 29, कांग्रेस से 17, आरजेडी-सीपीएम के एक-एक
- सीएम ने 43 विधायकों की सूची गवर्नर को दी है।
- 31 विधायक हैं राजग के पास
- बीजेपी 26, आजसू के तीन, एनसीपी (अजित पवार गुट) के एक और दो निर्दलीय

#### सात को मंत्रिमंडल विस्तार संभव, बसंत व सीता के नाम की चर्चा

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र और फ्लोर टेस्ट के बाद सात फरवरी को मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद है। इसके लिए झामुमो की तैयारी हो चुकी है। हेमंत सोरेन के छोटे भाई और दुमका विधायक बसंत सोरेन और भाभी विधायक सीता सोरेन भी मंत्री बनाई जा सकती हैं। झारखंड में राहुल गांधी की न्याय यात्रा के बाद कांग्रेस के मंत्रियों की सूची पर सहमति दिए जाने की बात कही जा रही है। इस बार के मंत्रिमंडल में नये चेहरे शामिल किए जाने की जाने की संभावना है।

# संवेदक व पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

- सीसीटीवी में कैद हुए दोनों हत्यारे, पुलिस जांच में जुटी
- सरेआम भरे बाजार में गोली मारे जाने की घटना से लोगों में भय, दहशत व आक्रोश
- आक्रोशित लोगों ने शव के साथ जाम की सड़क, आठ घंटे सैकड़ों वाहन फंसे रहे



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष मांझी उर्फ मंगलू की दिनदहाड़े सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना रविवार तड़के 8:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार पूर्व पंचायत समिति और वर्तमान पंचायत समिति सदस्य पुनम देवी के पति संतोष मांझी उर्फ मंगलू साप्ताहिक हाट कुडू के संवेदक थे। बाजार टांड़ स्थित बिजली ऑफिस के सामने चुंगी वसूलने बैठे थे। तभी पैदल पहुंचे दो अज्ञात अपराधकर्मियों ने नजदीक से पांच गोली मार दी, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सरकार रहेगी या जायेगी की चर्चा, रोजगार के मुद्दे पर खामोशी

# राजनीतिक रूप से मुखर पलामू बुनियादी समस्याओं पर मौन



**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** राजनीतिक रूप से मुखर पलामू के राजनेता यहां की बुनियादी समस्याओं पर चुप्पी की चादर ओढ़ लेते हैं। इन दिनों जिले के शहरों के साथ ग्रामीण अंचलों के चौक-चौराहों पर भी प्रदेश में व्याप्त राजनीतिक हलचल की चर्चा छाई हुई है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सरकार फ्लोर टेस्ट पास करेगी कि नहीं सब पक्ष-विपक्ष में जमकर तर्क दिया जा रहा है, किंतु क्या सरकार जिले की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी को दूर करने की दिशा में कोई कदम उठायेगी, इस पर किसी का ध्यान नहीं है। राजनीतिक प्रखरता के कारण ही पलामू को झारखंड की राजनीतिक राजधानी कहा जाता है। कहते हैं किसी भी विषय पर वैचारिक रूप से पलामू वासी काफी जागरूक होते हैं। प्रदेश में सरकार कोई भी हो पलामू का प्रतिनिधित्व अवश्य रहता है। छतरपुर प्रखंड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इंडिया

# सोशल मीडिया में जजों की आलोचना और उठते सवाल



सुनील बादल

**स्मार्ट** फोन और सोशल मीडिया के जमाने में हर कोई पत्रकार ही नहीं विशेषज्ञ बना हुआ है उसपर भी तुर्रा यह कि यूट्यूब से लेकर कुछ इलेक्ट्रोनिक चैनल तक मीडिया ट्रायल और अदालती फैसलों की आलोचना से कहीं आगे फैसले देने वाले जजों की ट्रोलिंग तक पहुँच रहे हैं जो एक खतरनाक संकेत है । यही कारण है कि कुछ दिनों पूर्व भोपाल में आयोजित दसवें मप्र न्यायाधीश सम्मेलन में जिला न्यायालयों के जजों ने यह मुद्दा जोर शोर से उठाया और वरिष्ठ जजों से मार्गदर्शन मांगा कि न्यायाधीशों की ट्रोलिंग पर उन्हें क्या करना चाहिए ? सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों की ट्रोलिंग भी अदालती अवमानना हो सकती है या नहीं? सोशल मीडिया में किसी खास वैचारिक एजेंडे अथवा पूर्वाग्रह दुराग्रह के चलते गढ़े जाने वाले नरेटिव, शरारत और जजों की व्यक्तिगत आलोचना को किस रूप में लिया जाना चाहिए ? क्योंकि भारत में सोशल मीडिया की नकेल कसने के लिए बहुत कड़े कानून नहीं है। ऐसे कानून बन भी जाएं तो फिर व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का क्या होगा ? वैसे भी कई लोगों का मानना है कि सोशल मीडिया जनता की आवाज है। लाख आलोचना के बावजूद इसे दबाया नहीं जा सकता। सम्मेलन में शामिल देश के सुप्रीम कोर्ट के ज्यादातर न्यायाधीशों की राय यही थी कि जजों की सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के मामलों को फिलहाल अनदेखा करना ही सही है। छद्म भेष के ऐसे तत्वों के मुंह लगने से कोई फायदा नहीं है। हालांकि यह पलायन भी कई सवालों से भरा है। यूं न्यायपालिका के सामने नई चुनौती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( एआई) की भी है, लेकिन उसका मामला थोड़ा अलग है। न्यायाधीशों पर सोशल मीडिया के हमलों का मामला ज्यादा संवेदनशील इसलिए है क्योंकि अदालती फैसले समाज में न्याय की रक्षा का काम करते हैं। इसी से समाज को संचालित करने का दिशानिर्देश और बढ़ावा भी मिलता है। अदालती फैसले हमेशा पूर्णतः निष्पक्ष और न्यायसंगत प्रतीत हों, ऐसा जरूरी नहीं है, लेकिन उन फैसलों की आलोचना तार्किक और कानूनी आधार पर ही की जा सकती है। लेकिन जब ऐसे फैसलों के पीछे न्यायाधीश के विवेक, न्यायिकता अथवा पूर्वाग्रह को लेकर सवाल उठाए जाने लगें, उनकी भद्दे ढंग से ट्रोलिंग की जाए तो तब न्यायाधीशों का विचलित होना स्वाभाविक है। सम्मेलन में शामिल कई जजों ने कहा कि वर्तमान में लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे कि वाट्सएप ग्रुप और फेसबुक पर हमारे विरुद्ध अमर्यादित बातें होती हैं। जिन्हें फैसला पसंद नहीं आता, वे भ्रम फैलाते हैं। भद्दे कमेंट करते हैं। क्या ऐसा करने वालों पर हम अदालत की अवमानना की कार्रवाई कर सकते हैं? इन सवालो के जवाब में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अभय एस ओक ने कहा कि न्यायाधीश सोशल मीडिया की ट्रोलिंग से न तो डरें और न हीं किसी एजेंडे के तहत गढ़े जाने वाले नैरेटिव से प्रभावित हों। इसे सिर्फ इग्नोर करें, क्योंकि सोशल मीडिया की कोई जवाबदेही नहीं है। जस्टिस ओक ने बताया कि मुंबई में तो जजों को प्रभावित और परेशान करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल इतना बढ़ गया है कि कई जजों के खिलाफ ही पिटीशन दायर हो जाती है।इस सम्मेलन में यह बात साफ झलकी कि आज न्यायाधीश समुदाय अगर किसी बात से सर्वाधिक चितिंत है तो वो है, सोशल मीडिया। ऐसा मीडिया जिसके हजारों मुंह, आंखें और कान हैं लेकिन कहीं कोई रिमोट कंट्रोल नहीं है। और शायद मस्तिष्क भी नहीं है। इस मीडिया ने अब मानव जीवन में इतनी भीतर तक घुसपैठ कर ली है कि किसी का इससे बचना लगभग असंभव है। यदि कोई बचा हुआ भी है तो उस पर पुरातनपंथी होने का टैग लग सकता है। यूं सोशल मीडिया पर जजों को लेकर अमर्यादित प्रतिक्रियाओं को लेकर पहले भी चिंता जाहिर की जाती रही है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शरद अरविंद बोबडे ने अपना पद ग्रहण करते हुए कहा था कि फिलहाल सुप्रीम कोर्ट सोशल मीडिया में अनियंत्रित आलोचना पर काबू करने के लिए कुछ भी नहीं कर सकता है।उन्होंने कहा, 'हम इस तरह की मीडिया के लिए अभी कुछ भी नहीं कर सकते हैं। हम नहीं जानते हैं कि हमें क्या कदम उठाना है। वे न केवल लांछन लगा रहे हैं बल्कि लोगों और न्यायाधीशों की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर रहे हैं। एक लोकतंत्र न्यायपालिका और न्यायाधीश की विवेकशीलता पर विश्वास कायम रखने तथा सोशल मीडिया के रूप में व्यक्ति की अभिव्यक्ति की आजादी बनाए रखने के बीच आदर्श संतुलन कैसे बनाएं रखें, यह देश और दुनिया के सामने भी बड़ी चुनौती है। सरकार को चीन,ईरान और मध्य पूर्व एशिया के देशों में लगे प्रतिबंधों का अध्ययन कराना चाहिए।



# जल्द बोकारो सेल समेत कई पीएसयू पूंजीपत्तियों के हाथ में होगी : राहुल



- धनबाद-बोकारो में रोड शो करता राहुल गांधी का काफिला रामगढ़ पहुंचा
- जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने राहुल का किया स्वागत, पक्ष में लगे नारे

**धनबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत धनबाद व बोकारो में रोड शो किया। धनबाद के बैंक मोड़ के निकट राहुल गांधी ने आमलोगों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मुठ्ठी भर अरबपतियों के हाथ में मोदी सरकार ने सौंप दी है। बोकारो में कहा कि सेल समेत कई अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां शीघ्र ही पूंजीपत्तियों के हाथ में चली जाएगी। इसलिए समय है बहुत जल्द इस सरकार को उखाड़ फेंकना है। 2024 में आप नई सरकार का गठन करें। वर्तमान केंद्र सरकार ने किसानों का कर्ज ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### कांग्रेस का मिलन सह वनभोज कार्यक्रम कल

**विश्रामपुर।** कांग्रेस पार्टी का विस स्तरीय मिलन सह वनभोज कार्यक्रम छह फरवरी को रेहला-बी मोड़ के बीच ग्रासिम इंडस्ट्रीज मोड़ के पास स्थित महेंद्र शुक्ला स्मृति रिसोर्ट में होगा। इसकी जानकारी वरीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व विस प्रत्यासी अमृत शुक्ला ने दी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विश्रामपुर,पांडू,ऊंटारी व नावाबजार प्रखंड सहित विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### जलसहिया बहनों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र



**पांकी।** नीलांबर-पीतांबरपुर में रविवार को पांकी प्रखंड जलसहिया कोषाध्यक्ष कलावती देवी एवं मनातू प्रखंड अध्यक्ष इन्दु देवी ने पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता से मुलाकात कर उन्हें मांगपत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि हम विधानसभा सत्र में जलसहिया से संबंधित समस्याओं को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार से उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव कोशिश की जायेगी।

### डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर लगेगा एक और एटीएम

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर हिताची सर्विसेज का एक और एटीएम लगाया गया। विदित हो कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पहले से ही एसबीआई का एक एटीएम है। हिताची के एटीएम के खुल जाने के बाद यात्रियों को काफी सुविधा होगी। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया की हिताची एटीएम के लगाने का काम तीव्र गति से हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले तीन से चार सप्ताह में एटीएम क्रियाशील हो जाने की संभावना है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक प्रगतिशील रेलवे स्टेशन के रूप में चिन्हित हुआ है।

### मामला डेवडर का, पूर्व में भी लग चुका है राशन घोटाले का आरोप

# ई-पाश मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन वितरण नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** क्षेत्र में डीलरों की मनमानी पर लगाम नहीं लग रहा है। अधिकारियों की मिली भगत से राशन घोटाले का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कार्डधारकों का कहना है कि बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से डीलरों की कारगुजारी बढ़ती ही जा रही है। जिसका खामियाजा कार्डधारियों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला प्रखंड अंतर्गत डेवडर के पीडीएस डीलर गंगा मिलन स्वयं सहायता समूह के मामले में देखने को मिला है। कार्ड धारियों ने रविवार को जनवरी माह के राशन गबन का आरोप लगाते हुये पीडीएस दुकान के समक्ष जमकर हंगामा किया।कार्डधारियों ने बताया कि डीलर के द्वारा कुछ लोगों का ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवा लेने के बाद भी राशन नहीं दिया जा रहा है। उक्त समूह के द्वारा जनवरी माह का राशन का वितरण नहीं किया गया है। राशन मांगने पर बोला गया कि अभी राशन बेच दिए हैं। एक बार माफ किजिए, बाद मे देंगे। समूह द्वारा अभी तक जनवरी माह का राशन भी वितरण नही किया गया है। लाभुक मीना देवी, चम्पा देवी, पूनम देवी, पुनिता देवी,राजमनिया देवी, गीता देवी, उर्मिला देवी, मानो देवी , देवनती देवी, मंजू देवी आदि कार्ड धारियों ने बताया कि डीलर द्वारा मनमाने ढंग से राशन वितरण किया जा रहा है। अध्यक्ष मैमून बीवी ने बताया कि जनवरी व फरवरी माह का राशन एक-दो दिन में सभी कार्डधारियों को दे दिया जायेगा। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता ने बताया कि हम एमओ से बात किए हैं। डीलर को राशन प्राप्त हुआ है। डीलर अपनी लापरवाही से राशन वितरण नहीं कर रहा है। इसके लिए डीलर के साथ-साथ संबंधित पदाधिकारियों पर भी कारवाई होनी चाहिए। वहीं पांडू गोदाम संचालक विवेकचन्द्र पाल ने बताया कि गंगा मिलन डीलर जनवरी माह का राशन उठाव कर लिया है। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।



दूकान पर हंगामा करते कार्डधारी

### सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गयी विदाई



**पांकी।** प्रखंड के मंगलपुर मध्य विद्यालय के प्रांगण में शनिवार की दोपहर पांकी के प्रसिद्ध शिक्षक शिव शंकर प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक युगेश्वर प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि समेत शिक्षा विभाग के कई कर्मी उपस्थित हुए। सर्वप्रथम छात्राओं के द्वारा स्वागत गान गाया गया। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी डीडीओ विरेंद्र कुमार मिश्रा,भूतपूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार आदि ने पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर महिला पयर्वेक्षिका अंजू गुप्ता, शिक्षक सुहेल अंसारी, इम्तियाज अंसारी, राजीव रंजन, बीरबल सिंह उपस्थित थे।

# डंडीला बनी युवा स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता

### अतिथियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया प्रोत्साहित




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र डंडीला पंचायत अंतर्गत ग्राम हीरा सिकनी में युवा स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के रविवार को हुये खिताबी मुकाबले में डंडीला की टीम ने विजेता बनने का गौरव अर्जित किया। टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच डंडीला बनाम पतरा खुर्द के बीच खेला गया। जिसमें पतरा खुर्द ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 125 रन बनाए। जबकि डंडीला ने 19 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि उप मुखिया ललिता देवी,सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान,मदन पासवान ने संयुक्त रूप से किया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों में एकता और अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों के साथ कमेटी के सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर समाजसेवी बूटन यादव, सत्यनारायण यादव, सुमित राजा, वार्ड सदस्य विजेन्द्र यादव, कमेटी के सदस्य रमेश प्रजापति, देवेन्द्र कुमार, बुलु प्रजापति, संतोष पासवान, जितेंद्र कुमार राजवंशी, गनौरी रजवार मौजूद थे।

### नौ फरवरी से प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान, तैयारी जोरों पर

# डंडीला खुर्द में बजरंग बली का भव्य मंदिर तैयार



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में भगवान हनुमान का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। नौ से 11 फरवरी तक प्राण-प्रतिष्ठा के लिये विशेष पूजा-अर्चना किया जायेगा। नौ फरवरी को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी। मंदिर प्रांगण से शुरू होकर शोभा यात्रा रेहला कोयल नदी तट पर जायेगी। जहां से श्रद्धालु कलश में जल भरकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे और यज्ञ मंडप में कलश की स्थापना होगी। 11 फरवरी को महाभंडारे के साथ विशेष अनुष्ठान संपन्न होगा। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान की तैयारी जोरों पर है। मंदिर निर्माण के प्रणेता सेवानिवृत शिक्षक रामदास शुक्ला व उनके पुत्र अशोक शुक्ला ने बताया कि भगवान हनुमान जी की प्रतिमा काशी वाराणसी से आ चुकी है। धार्मिक गुरुओं और पुरोहितों को प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया जा चुका है।

# बालू घाट चालू होने से क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास : बीडीओ



ग्रेड वन बालू घाट का शुभारंभ करते मुखिया व बीडीओ

### करखार नदी में ग्रेड वन बालू घाट का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत पथरा पंचायत स्थित करखार नदी घाट पर रविवार को बीडीओ रौशन कुमार व पथरा पंचायत के मुखिया नरेश कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर ग्रेट वन बालू घाट का शुभारंभ किया। इस बालू घाट का खाता संख्या 230, प्लॉट संख्या 914,178,206,156,145 जिसका कुल रकबा 28.84 एकड़ है। इस मौके पर बीडीओ रौशन कुमार ने कहा कि इस बालू घाट के चालू हो जाने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि बालू का उपयोग सही कार्यों में करें। इसका दुरुपयोग ना करें। वहीं पंचायत के मुखिया नरेश कुमार पासवान ने कहा कि अब पंचायत में सरकार द्वारा संचालित अबुआ आवास, सड़क, कुआं आदि के निर्माण में गति आएगी। साथ ही इससे आम लोगों का विकास होगा। अब विकास कार्यों में बालू के अभाव में बाधा उत्पन्न नहीं होगी। इस मौके पर उप मुखिया कुसुम देवी,अमीन विनय कुमार, पंचायत सेवक नारायण सिंह, रोजगार सेवक राजेंद्र राम, वार्ड सदस्य रीना देवी, विजय पासवान मौजूद थे।

# एकता व भाईचारा को बढ़ावा देता है खेल : पूर्व सांसद

### - बजरंग दल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, पहाड़ी मंदिर बनी विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के अररुआ खुर्द मिडिल स्कूल के मैदान में बजरंग दल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। जिसमें बजरंग दल बेलोदर को परास्त कर पहाड़ी मंदिर अररुआ खुर्द ने बाजी मारी। बजरंग दल बेलोदर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 168 रनों का लक्ष्य रखा। जबाबी पारी खेलते हुए पहाड़ी मंदिर अररुआ खुर्द की टीम ने चार विकेट खो कर लक्ष्य हासिल कर लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा तथा राजद प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, चंदन बैठा, बुधन सिंह यादव, रंजीत पासवान, आनंद यदुवंशी, दीपक यादव, इरफान शाहिद, महताब शाहिल, गुंजन सिंह, अशोक यादव, इंद्रदेव राम, शशि कुमार मौजूद थे।

# विजय रवि अध्यक्ष व अनिल कुमार बने उपाध्यक्ष



बैठक में शामिल ग्रामीण

### धूमधाम से मनी संत शिरोमणि रविदास की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के वार्ड 16 में रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि और संचालन पेंटर विजय ने किया। बैठक में संत शिरोमणि रविदास जयंती को धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती समारोह के सफल आयोजन और संचालन हेतु सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया। नवगठित कमेटी में अध्यक्ष विजय कुमार रवि और उपाध्यक्ष अनिल कुमार को बनाया गया। वहीं विजय पेंटर को सचिव,कमलेश कुमार व रविंद्र राम को कोषाध्यक्ष तथा रामचंद्र राम को उप सचिव बनाया गया। संरक्षक मंडली में यादुनी राम,हरिशंकर राम,शिवनाथ राम, कन्हाई राम,महावीर राम, विनोद राम,नारायण राम, जबित राम, कृष्ण राम, बैजनाथ राम, नरेश राम, रामस्वरूप राम आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा 21 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया।

# सतबहिनी नदी घाट संदिग्ध स्थिति में वृद्ध का शव मिला

### परिजनों ने लगाया गोली मारकर हत्या करने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के करिहार सतबहिनी नदी घाट के पास से रविवार को पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम पाल्हे सदाबह टोला निवासी स्वर्गीय देवधारी यादव के पुत्र राम किशुन यादव उम्र 60 वर्ष के रूप में की गई है। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि राम किशुन यादव शनिवार की दोपहर अपने घर से मवेशी चराने के लिए सतबहिनी नदी घाट की ओर निकले थे। जब देर शाम तक वे घर नहीं लौटे तो घर के सभी लोग परेशान होकर उन्हें खोजने के लिए निकल पड़े। शनिवार की रात तक उनका कुछ भी पता नहीं चला पाया। रविवार की सुबह नदी घाट पर शव की मिलने की सूचना पर जब वे वहां पहुंचे तो शिनाख्त हुई। परिजनों ने आरोप आरोप लगाया कि अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर उनकी हत्या की गयी है। पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह सदर अस्पताल पहुंचकर जानकारी प्राप्त की। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### झारखंड कुम्हार समनव्य समिति पलामू के तत्वधान में

# दक्ष प्रजापति समूह ने समाज के असहाय को किया गया मदद

**नवीन मेल संवाददाता**



**सगालीम।** पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत निवासी दामोदर प्रजापति की पत्नी 62 वर्षीय उर्मिला देवी का देहांत सीढ़ी से गिरने की वजह से हो गया था। विदित हो कि दामोदर प्रजापति अत्यंत गरीब परिवार से आते हैं। उनका दिमागी हालत भी सही नहीं है। बताया जाता है की घर का सारा बोझ उर्मिला देवी पर ही था। सूचना मिलने पर झारखंड कुम्हार समन्वय समिति द्वारा उनके घर जाकर आवश्यक राशन सामग्री सहित नगर राशि की मदद की गयी। मौके पर उपस्थित झारखंड कुम्हार समनव्य समिति दक्ष प्रजापति समूह के सदस्यों ने कहा कि एक-दूसरे की मदद कर हम समाज में समानता स्थापित कर सकते हैं। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष प्रमेन्द्र प्रजापति,संजीत प्रजापति,सनशाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर दक्ष जन कल्याण प्रजापति के सचिव राजेश कुमार प्रजापति, गणेश प्रजापति, कमलेश प्रजापति उपस्थित थे।

### बसपा का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# बहुजन समाज के लिये संतों ने दी है कुर्बानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर स्थानीय गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि उर्फ सोनू तथा संचालन पिपरा प्रखंड अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने किया। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पलामू जिला अध्यक्ष अजय भारती, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश प्रभारी पुनीत कुमार अंबेडकर तथा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरि यादव ने कहा कि बहुजन समाज को बनाने में संतों को अपनी कुर्बानी देनी पड़ी है। मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार गौतम, विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद राम, विधानसभा प्रभारी रामनारायण राम, पूर्व महासचिव चितरंजन बौद्ध, पूर्व जिला सचिव रवि रोशन, सुरेश राम, रवि शंकर राम, प्रणव सुमन, मिथुन कुमार, जिला प्रभारी सुहेल हक, अजय, कृष्णा राम, अमरेश राम, अवधेश राम, जितेंद्र कुमार उपस्थित थे।

### शिलान्यास : विधायक ने 43 योजनाओं की रखी अधारशिला, लोगों में उत्साह

# पांकी विधानसभा का हो रहा सर्वांगीण विकास

**नवीन मेल संवादाता**



**पांकी।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलांबर-पीतांबरपुर मौर्या फार्म हाउस में रविवार को 43 योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। इन योजनाओं का शिलान्यास विधायक मद की राशि से की गयी। जिस पर कुल 1 करोड़ 17 लाख 95 हजार का खर्च होगा। मौके पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। विधायक मद से पीसीसी सड़क, नाली निर्माण, विवाह मंडप, तोरण द्वार, फेवर ब्लॉक, सड़क सहित कई जन-कल्याणकारी योजनाओं की आधारशिला रखी गयी है। केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के उत्थान व विकास और किसानों की खुशहाली की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो. बच्चन ठाकुर, मीडिया प्रभारी विरेंद्र कुमार वर्मा, निजी सहायक सरोज चटर्जी, प्रखंड नीलांबर-पीतांबरपुर के विधायक प्रतिनिधि मंदीप मेहता, मनातू प्रमुख गीता देवी, पति संतोष यादव, प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, समाजसेवी कमेश यादव, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार चंद्रवंशी उपस्थित थे।

# गांव चलो अभियान पर भाजपा की कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** संगठन की मजबूती को लेकर पीपरा प्रखंड के दमवा मोड स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं ने रविवार को गांव चलो अभियान पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला की अध्यक्षता तथा संचालन मंडल अध्यक्ष संजय कुमार मेहता ने किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया। मंडल अध्यक्ष श्री मेहता ने कहा कि गांव चलो अभियान 11 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान टोली में गांव-गांव जाकर भाजपा कार्यकर्ता लोगों को केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की उपलब्धियों से रुबरु करायेंगे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मथुरा प्रसाद गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बिंदेश्वर पाठक, श्याम देव पासवान, कपिल देव राय, युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल प्रजापति, महिला मोर्चा अध्यक्ष संजू सिंह, चंदन सिंह, हरिओम सिंह, विपिन सिंह, संजय सिंह शामिल थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

बदलते मौसम ने सभी लोग खुद के साथ अपने परिवार के स्वास्थ्य का भी समुचित ध्यान रखें। बाजार की तली भुनी चीजों को खाने से परहेज करें। प्रर्याप्त मात्रा में जल का सेवन करें।

**सिविल सर्जन, मेदिनीनगर**

## फांसी लगा महिला ने की आत्महत्या



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज निवासी स्व. शशि राम की 32 वर्षीय पुत्री रजनी देवी ने शनिवार की रात आबादगंज स्थित अपने किराए के मकान में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार की सुबह जब देर तक रजनी के घर का दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना टीओपी वन के प्रभारी निर्भय सिंह के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये भेजवाया। परिजनों ने बताया कि रजनी देवी का विवाह 10 वर्ष पहले पड़वा थाना क्षेत्र के दुलही गांव निवासी राजू राम के साथ हुई थी। शादी के कुछ वर्ष के बाद आपसी मनमुटाव के कारण रजनी किराए के मकान में रहकर चौका-बर्तन कर अपना जीवन बसर कर रही थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण का पता चल पाएगा।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पहल, भराये गये आवेदन पत्र**

# कारा में निरूद्ध किशोरों को दी विधिक सहायता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के तत्वावधान में रविवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में निरूद्ध किशोरों की पहचान कर उन्हें विधिक सहायता प्रदान की गयी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम के तहत कारा में जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद किशोरों की पहचान करना है। एलएडीसी के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कि जेल में बंद सभी लोग जो अपराध के समय किशोर थे। आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराकर सेवा प्राप्त कर सकते हैं। डिप्टी चीफ सन्तोष कुमार पांडेय ने कहा कि कानून का उलंघन करने वाले बच्चों की देखभाल और सुरक्षा को ले माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह पहल की है। मौके पर जेलर प्रमोद कुमार, एलएडीसी के असिस्टेंट उत्तम कुमार, वीर विक्रम बख्श राय, पुष्कर राज,नीतू सिंह आदि मौजूद रहे।

**तस्वीर झूठ ना बोले**



विकास के दौड़ में भी मुसहर समाज काफी पीछे छूट गया है। न खाने का ठिकाना और ना ही रहने का ठौर। आज भी पलामू के मुसहर परिवारों की जिंदगी खुले आसमान के निचे ही कटती है। (छाया- भाला)

## एक नजर

### ऐतिहासिक होगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा



**मेदिनीनगर।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल आयोजन के लिए रविवार को छतरपुर एवं नावा प्रखंड में जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री पाठक ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा राज्य में प्रवेश कर गयी है। पलामू में इसके जोरदार स्वागत की तैयारी की जा रही है। कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों के उत्साह को देखते हुये यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। सभी प्रखंडों में बैठक कर रणनीति बनायी जा रही है। मौके पर मिथिलेश कुमार सिंह, राजद के विजय राम, अशोक पासवान, मुकेश सिंह, शैलेश मेहता, रितेश पांडे, विक्की तिवारी,गोपाल प्रसाद सिंह, मोहम्मद आलम, मोहम्मद खालिद, अभय पांडेय आदि मौजूद रहे।

### बुनियादी समस्याओं पर भाकपा ने जताया रोष

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने चैनपुर अंचल के ग्राम -बेड़मा ,बभंडी, एवं पंचलेवा में सदस्यता अभियान एवं जन समस्याओं को लेकर जनसंपर्क किया । इस दौरान क्षेत्र में व्याप्त बुनियादी समस्याओं को लेकर पदाधिकारियों ने व्यापक रोष जताया। ग्राम बेड़मा में नरेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में श्री तिवारी ने रामगढ़ प्रखंड के ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी लेते हुये क्षेत्रीय प्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया। मौके पर अंचल सचिव राम जन्म भूइयां, सुषमा मुरमा, बिहारी भूइयां, गफ्फार मियां, शंभू सिंह चेरो,माममती देवी, रामशरण भूइयां, भीखम यादव, नंददेव चौधरी, गुमानी राम, ललिता देवी, लगनी देवी, मंगल मुंडा उपस्थित थे।

**मेदिनीनगर नगर निगम के चौराहों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव**

# फुटपाथी दुकानदारों की सुधि लेने वाला कोई नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के निवासियों को नगरीय सुविधा देने में मानकों पर खरा उतरता प्रतीत नहीं हो रहा है।

**सबसे खराब हालत शहर के सद्दीक मंजिल, स्टेशन रोड व रेडमा चौक आदि चौराहों पर प्रति दिन सब्जी बेचने गांव से आने वाली महिलाओं को उठानी पड़ रही है**

विशेषकर निगम क्षेत्र के फुटपाथी दुकानदारों के लिये बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। इसके बाद भी फुटपाथ पर सब्जी बेचने वालों से टैक्स की वसूली की जा रही है। सबसे खराब हालत शहर के सद्दीक मंजिल, स्टेशन रोड व रेडमा चौक आदि चौराहों पर प्रति दिन सब्जी बेचने गांव से आने वाली महिलाओं को उठानी पड़ रही है। उक्त स्थलों पर शौचालय का प्रबंध नहीं होने के कारण लघुशंका के लिये महिलाओं को शर्मसार होना पड़ रहा है। नगर निगम के वार्ड.34 व 35 के चौक चौराहों पर सब्जी बेचने आने वालीं नेउरा गांव की अमरावती देवी, पिंडरा की हिरमानी देवी, निमियां गांव की फुलमती देवी व चौथी कुंवर आदि ने बताया उन्हें कोई सुविधा नहीं मिलती। इसके बाद भी प्रतिदिन वे दस रुपए बतौर टैक्स नगर निगम को अदा करती हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाली महिलाओं को





**इसके बाद भी प्रतिदिन वे दस रुपए बतौर टैक्स नगर निगम को अदा करती हैं**

### दो वर्ष पूर्व निर्मित शौचालय का नहीं खुला ताला



मेदिनीनगर नागरिकों ने बताया कि वार्ड 35 के सूर्य मंदिर तालाब की जमीन पर महिलाओं की सुविधा के नाम पर दो वर्ष पूर्व नगर निगम द्वारा सामुदायिक शौचालय का निर्माण तो कराया गया है किन्तु आज तक इसका ताला भी नहीं खुला है। शौचालय पूर्ण है कि नहीं इसकी भी जानकारी किसी को नहीं है। नगर निगम क्षेत्र में वेंडर जोन के लिये स्थल चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वहां पर फुटपाथी दुकानदारों के लिये शेड, शौचालय, पेयजल आदि का समुचित प्रबंध किया जायेगा। मो. जावेद हुसैन, नगर आयुक्त मेदिनीनगर।

## एनपीयू में की जाये स्थायी नियुक्ति



**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति-जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में कुलपति एवं प्रति कुलपति की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि मांग को लेकर 17 जनवरी को राज्यपाल के ओएसडी से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद भी कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या जस की तस बनी हुई है। मौके पर अनिल राम, प्रेम कुमार, विशाल कुमार, सूरजमल राम, कुंदन कुमार, सत्यम कुमार, छोटू कुमार, अरविंद कुमार, यशवंत कुमार उपस्थित थे।

**भाजपा ग्रामीण मंडल का गांव चलो अभियान कार्यशाला**

# विकसित भारत का संकल्प साकार कर रहे पीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर की ओर से गांव चलो अभियान की मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष सुनील पांडे एवं संचालन महामंत्री अनिल सिन्हा ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि गांव चलो अभियान मील का पत्थर बनने वाला है। इस अभियान के तहत हमें विपक्ष के बड़े नेताओं के बूथों पर भी जाकर भाजपा की नीति को बढ़ाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले गांव चलो अभियान चलाया गया है। इसमें प्रवासी कार्यकर्ता ग्रामीणों को सरकार के 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण आदि योजनाओं के बारे में अवगत कराएंगे। जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनी सहभागिता निभानी चाहिये। मौके पर महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, एसटी मोर्चा के ज़िला उपाध्यक्ष बिगन उरांव, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, युवा मोर्चा के महामंत्री श्वेतांग गर्ग, पूर्व जिला मंत्री अभिमन्यु तिवारी, विजय ठाकुर, राजू सिंह, आनंद प्रकाश तिवारी उपस्थित रहे।



## भाजपा के खिलाफ झामुमो युवा मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा ने भाजपा व ईडी के खिलाफ गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और संचालन उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी ने किया। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से सचिव सन्नू सिद्दिकी, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा उपस्थित रहे। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि षड्यंत्र रच कर लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को इस्तीफा देने के लिये विवश किया गया है। जनता इसके लिये भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष असफर रब्बानी, वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह, बबलू शाहनवाज, संगठन सचिव शाहबाज खान, व्यवसाय मोर्चा के अध्यक्ष दीपू चौरसिया, आदि मौजूद रहे।

**जिले के ग्रामीण अंचलों में फल-फूल रहा दूध का कारोबार**

# पशुपालन के सहारे आत्मनिर्भर बन रहे किसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में धीरे-धीरे दूध का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। पलामू के किसान अब पशुपालन के सहारे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इससे जिले में दुग्ध उत्पादन से जुड़े पशुपालकों का न सिर्फ आत्मविश्वास बड़ा है, बल्कि उनमें आर्थिक समृद्धि भी आ रही है। इनसे प्रेरणा लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव में गौ-पालन कर अपना जीवन संवार रहे हैं। खेती-बाड़ी के साथ-साथ दूध के व्यवसाय को अपना कर किसान पंचायतों के विकास में भी अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। आर्थिक समृद्धि के कारण किसानों के बच्चे अब शिक्षा की तरफ भी समुचित ध्यान दे रहे हैं। जिन गांवों के ग्रामीण कल तक पढ़ाई से कोसों दूर रहते थे। वहीं अब वहां के कई युवा स्नातक तक पढ़ाई पूरी कर चुके है।

### सरकार भी कर रही पहल

किसानों के रूझान को देखते हुये झारखंड सरकार भी इस दिशा में पहल कर रही है। वर्ष 2023 में पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के समीप गणके गांव में 28 करोड़ की लागत से निर्मित मेधा डेयरी प्लांट से किसानों को काफी संबल मिल रहा है। वर्तमान में इस प्लांट से प्रतिदिन 50 हजार लीटर दूध प्रोसेसिंग किया जा रहा है।

### वैकल्पिक रोजगार के खुले द्वार



ग्रामीणों के पशुपालन पर जोर देने से गांवों में वैकल्पिक रोजगार के द्वार भी खुल रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में पशु आहार, खली-चूनी, चोकर की नयी-नयी दुकानें खुल रही हैं। साथ ही पशुओं के लिए हरा चारा यानी साइलेज निर्माण में भी तेजी दिख रही है।

# वनों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण असंतुलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वन हमारे जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। हमारे जीवन के साथ-साथ पारिस्थितिकी संतुलन बनाने के लिए भी वनों का होना बेहद आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकार प्रतिवर्ष अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरूक करती रही है केंद्र और राज्य सरकार यह सदैव प्रयास करती रही है कि प्रत्येक हिस्से में वनों के प्रतिशत में वृद्धि किया जा सके। वनों के संरक्षण से संबंधित अनेक कठोर नियम भी बनाए गए है। परंतु इन सारे नियमों को दरकिनार करते हुए पाटन प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोल्हुआ और गौरमारा सहित सटे हुए सभी क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई जा रही है। प्रशासन व वन विभाग की उदासीनता के कारण वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। नागरिकों का कहना है कि वर्ष 2011 में इस क्षेत्र में वन विभाग द्वारा व्यापक पैमाने पर पौधरोपण किया गया था। रोपित पौधों की देखभाल के लिए अधिकारी भी नियुक्त किए गए थे। इसके बाद भी वन क्षेत्र में वृद्धि का न होना निश्चित ही गंभीर लापरवाही का सूचक है। यदि वन माफियाओं की हरकत पर तत्काल रोक नहीं लगायी गयी तो आने वाले दिनों में पूरा क्षेत्र ही उजाड़ हो जायेगा। इस दिशा में डीएफओ व उपायुक्त को निश्चित ही प्रभावी कदम उठाना चाहिये।

**जांच में जुटी पुलिस, मृतका के माता-पिता का हाल बेहाल**

# विवाहिता की मौत,मायके वालों के लगाया हत्या का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के रेवारातु गांव में विवाहिता यशोदा देवी उम्र 25 वर्ष की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता चैनपुर निवासी गोकुल सिंह ने ससुरालजनों पर दहेज की हत्या का आरोप लगाते हुये पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। चैनपुर थाना क्षेत्र के कुरका गांव निवासी गोकुल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री यशोदा की शादी वर्ष 2022 में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के रेवारातु गांव निवासी पुराण सिंह के पुत्र धर्मेंद्र सिंह के साथ बड़े ही धूमधाम से की थी। इस दौरान अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज देकर उन्होंने पुत्री को विदा किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद भी ससुराल वाले दहेज को लेकर लगातार यशोदा को प्रताड़ित करते रहते थे। शनिवार की रात भी ससुराल वालों ने दहेज को लेकर यशोदा को प्रताड़ित करते हुए मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि किश्त पर बाइक लेकर पुत्री की शादी में दिया है। उसकी किश्त भी अभी पूरी नहीं हुयी है। पुत्री की मौत की जानकारी पर जब वे वहां पहुंचे तो ससुराल वालों ने बहाना बनाते हुए कहा कि तबीयत खराब होने की वजह से उसकी मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही लेस्लीगंज थाना की पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

**कार्यक्रम**

## बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम के लिए चाहिए 700 अतिरिक्त जवान

# बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर असमंजस में प्रशासन

### जिले में कुल पुलिस बल 1300, इसमें 350 गये हैं ट्रेनिंग में और 700 नक्सल अभियान में हैं तैनात



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र शास्त्री के पलामू के चैनपुर में आगमन को लेकर कई अड़चनें है। जिला प्रशासन स्वयं भी कार्यक्रम को लेकर असमंजस की स्थिति में है। जिले के एक वरीय अधिकारी के अनुसार सुरक्षा की दृष्टी से बाबा बागेश्वर वीवीआईपी श्रेणी में आते हैं। उनके कार्यक्रम में लाखों की भीड़ जुटेगी। वहीं पलामू पुलिस के पास बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम के लिए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल नहीं हैं। बाबा की सुरक्षा को लेकर 150 से 200 मजिस्ट्रेट की भी तैनाती करनी पड़ेगी। जिनमें तीन से चार आईएएस अधिकारी भी होंगे। सभी मजिस्ट्रेट आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी लगे हुए हैं और ट्रेनिंग ले रहे हैं। पलामू जिला और पुलिस प्रशासन का मानना है कि बाबा के कार्यक्रम में झारखंड के अलावे दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु लाखों की संख्या में पहुंचेंगे। ऐसी स्थिति में कार्यक्रम को लेकर मुख्य सचिव, डीजीपी, पलामू डीसी और पलामू एसपी लगातार आपस में मंथन कर रहे हैं।



## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### घर में घुसकर दंपत्ति के साथ मारपीट

**खरौंधी।** थाना क्षेत्र के राजी निवासी जगत पासवान ने खरौंधी थाने में आवेदन देकर कतिपय लोगों पर घर में घुसकर उनके साथ मारपीट व धारदार हथियार से हमले का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को बाहर से आने के बाद उन्होंने बाहर खड़ी अपनी बहु राधिका देवी को बुलाकर खाना मांगा । वे खाना खा ही रहे थे कि कुछ लोग अचानक घर में घुसकर उनके साथ मारपीट करने लगे। शोर सुन बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी राधिका देवी पर उन लोगों ने धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिसमें उनकी सिर पर गंभीर चोट आई। साथ हमलावरों ने उनपर भी धारदार हथियार से हमला बोल दिया। बचाव के लिये चिल्लाने पर जब आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी भाग गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज करायी गयी है। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदुरिया ने बताया कि जांचोपरांत कारवाई की जाएगी।

### छात्रा प्रिंसी ने जीता ब्रांज

**मेराल।** बरही में आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल की छात्रा प्रिंसी कुमारी को सम्मानित कर विद्यालय प्रबंधन ने उसका उत्साहवर्द्धन किया है। कोच आरपी तिवारी के नेतृत्व में छात्रा ने पहले प्रयास में ही उल्लेखनीय प्रदर्शन करने में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कोच एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

### यादव महासभा की प्रांतीय बैठक

**गढ़वा।** प्रांतीय यादव महासभा झारखंड का प्रमंडल स्तरीय बैठक होटल सुमति बैरिया चौक डालटेनगंज में आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग कुमार मंडल तथा संचालन प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय यादव महासभा झारखंड के द्वारा पूरे जिले में जिला तथा प्रखंड का पुनर्गठन किया जाना सुनिश्चित किया गया। प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव के द्वारा फरवरी के पहले सप्ताह में गढ़वा, 11 फरवरी को चतरा, 18 फरवरी को लातेहार तथा 25 फरवरी को पलामू जिले का पुनर्गठन किया जायेगा। मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव, चतरा जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव, पलामू जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष उपेंद्र यादव मौजूद थे।

### आग लगने से नकदी समेत खाद्य सामग्री खाक

**रमना।** कोरगा गांव अंतर्गत हदुरा टोला निवासी कलेंदर चौधरी के खपरैल मकान में आग लग जाने से 30 हजार रुपया नकद सहित 50 हजार रुपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर खाक हो गयी। घटना रविवार दोपहर दो बजे की है। जानकारी के अनुसार घटना के समय घर के सभी सदस्य कूप निर्माण का काम करने गये हुए थे। इसी दौरान अचानक आग लग गयी। आग की लपटें देख भागे-भागे वे घर पहुंचे। जब तक आग पर काबू पाया जाता, नकदी,मोबाइल सहित रोजमर्रा की चीजें जलकर खाक हो गयी। इधर पीड़ित गृहस्वामी ने सीओ को आवेदन देकर आपदा प्रबंधन के तहत मदद की गुहार लगायी है।

### दो परीक्षा केंद पर 798 परीक्षार्थि होंगे शामिल

**खरौंधी।** प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एक परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा और दूसरा प्लस टू हाईस्कूल राजी में बने परीक्षा केंद्र में कुल 798 परीक्षार्थी मैट्रिक की परीक्षा देंगे। परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा सेंटर पर हाई स्कूल भलुही और प्लस टू हाईस्कूल राजी के छात्र-छात्राएं परीक्षाएं देंगे। जबकि प्लस टू हाईस्कूल राजी में बने सेंटर पर हाईस्कूल खरौंधी और परियोजना हाईस्कूल तोरेलावा के छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने संबंघित शिक्षकों, प्रभारी शिक्षकों, परीक्षा केंद्र के केन्द्राधीक्षकों, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित की है।

### छात्र-छात्राओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक

# नशापान करते छात्र को किया स्कूल के हवाले



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** ग्रामीणों ने स्कूली ड्रेस में नशा का सेवन करते बच्चे को पकड़ विद्यालय को सौंपा। शनिवार को बुका गांव स्थित नदी के किनारे व्हाइटनर और सुलेशन का सेवन करते छात्र को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। पूछने पर छात्र ने बताया कि प्लास्टिक में भरकर सुलेशन या व्हाइटनर सूंघने से शराब जैसा नशा महसूस होता है। मेरे साथ आठ दस बच्चे नशा सूंघ रहे थे। लोगों को आता देख वे सब भाग गए, किंतु अधिक नशा हो जाने के कारण वह पकड़ा गया। छात्र ने बताया कि ये नशीली चीजें किराना दुकानों में आसानी से मिल जाती हैं। ग्रामीणों ने छात्र को पकड़कर विद्यालय प्रबंधन के हवाले कर दिया।



**मेडिकल दुकानों की हुई जांच** : भवनाथपुर। गढ़वा ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कश्यप ने शनिवार को भवनाथपुर पहुंचकर मेडिकल दुकानों की जाँच की। इस दौरान उन्होंने दुकानों का लाइसेंस, दवा की रख-रखाव, एक्सपायरी दवा आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान एजेंसी दुकान में खुदरा दवा बिक्री किये जाने के साथ ही बिना डिग्रीधारी प्रैक्टिशनरों को दवा मुहैया कराये जाने का मामला सामने आया है। संबंधित मेडिकल दुकान के विरुद्ध कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारियों को पत्राचार किया जायेगा।

### ग्रामीण क्षेत्र में फलफूल रहा नशे का कारोबार

मेदिनीनगर। नशा एक बड़ी सामाजिक बुराई है, इससे दूर रहने के लिए प्रशासन द्वारा तमाम जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद नौनिहाल तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। उदासीनता के कारण ग्रामीणों क्षेत्रों में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। किशोरों के साथ-साथ अब छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी नशे का सेवन करने लगे हैं। प्रतिबंधित सुलेशन, व्हाइटनर, थिनर, मेडिकल स्टोरों पर बिकने वाली कई प्रतिबंधित दवाएं नशे के लिए प्रयोग की जा रही हैं। स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों को नशीले पदार्थ मेडिकल दुकानों एवं किराना दुकानों पर सहजता से मिल जा रहा है। इन सबके पीछे नशे के कारोबारियों के गुट का हाथ बताया जा रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

### श्रीशिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन

# रासलीला देखने उमड़े श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रुद्र प्रताप उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीशिव शक्ति महायज्ञ के छठे दिन रासलीला कार्यक्रम का शुभारंभ झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, जिप अध्यक्ष शांति देवी,बिलासपुर मुखिया अनुराधा देवी,श्रवण सिंह, डॉ. हरिदास यादव ने संयुक्त रूप से विधिवत आरती कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि यज्ञ के संदर्भों को हम सभी लोगों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। यज्ञ मंडप को यहां के लोगों ने जिस तरह सजाने एवं संवारने का काम किया है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि रासलीला के माध्यम से हम सभी लोगों को सीख लेने की जरूरत है। मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष मनोज दुबे, राहत हुसैन, देवचन्द्र यादव,अरुण यादव, बसंत पाल,धनंजय यादव,चंद्रकांत यादव उपस्थित थे। रासलीला देखने के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

### एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण ने ग्रहण किया पदभार

# विधि-व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी के स्थानांतरण के बाद रविवार को नवागत एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने पदभार ग्रहण किया। वे श्रीबंशीधर नगर में 15वें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में योगदान दे रहे हैं। प्रभार ग्रहण करने के बाद नगर ऊंटारी थाने में पदाधिकारियों व पुलिस बल के साथ बैठक कर उन्होंने आवश्यक जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि कहा कि



अपराध नियंत्रण करना,विधि व्यवस्था बनाये रखना, शराब बंदी, शहर में जाम की समस्या को दूर करने का प्रयास उनकी प्राथमिकता होगी। विधि व्यवस्था को लेकर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुलिस पदाधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। मौके पर पुअनि चंद्रदेव कुमार,कुणाल किशोर, संजय राज मुंडा, रंजन कुमार सिंह, मुंशी कौशल दुबे, चौकीदार कलाम अंसारी, दया पासवान, मोबिन अंसारी, कलीम उपस्थित थे।

### उज्जवला योजना के तहत गैंस सिलेंडर का वितरण

**केतार।** स्थानीय बाजार स्थित बंग्लामुखी भारत गैस एजेंसी के कार्यालय परिसर में रविवार को 30 महिला लाभुकों के बीच उज्जवला योजना के तहत गैंस सिलेंडर का वितरण किया गया। गैंस सिलेंडर का वितरण जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह और गैस एजेंसी संचालक अंगद कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्री प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब महिलाओं को मुफ्त गैंस सिलेंडर प्रदान कर रही है। गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि योजना के तहत गैंस सिलेंडर, चुल्हा, रेगुलेटर,और पाइप दिया गया है। जिन परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिला है।वे आवश्यक कागजात जमा कर मुफ्त गैस सिलेंडर योजना का लाभ ले सकते हैं।

### मेरौनी में सोन- संगम क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, लोगों में उत्साह

# उद्घाटन मुकाबले में खरौंधी ने रपुरा को हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार/हरिहरपुर।** केतार प्रखंड के लोहरगाडा.पंचायत के मेरौनी गांव में रविवार को सोन- संगम क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन युवा समाजसेवी पंकज सिंह,कांडी ग्रामीण बैंक के मैनेजर कमल मीणा और आलोक तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते रपुरा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 150 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी खरौंधी की टीम ने 11.2 ओवर में 151 रन बनाकर मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। विजेता टीम ओर की ओर से रोहित कुमार ने आठ गेंद पर 28 रन बनाने के साथ तीन विकेट झटक



कर शानदार हरफनमौला प्रदर्शन किया। अगला मैच झुरा गढ़वा बनाम सड़की कांडी के बीच सोमवार को खेला जाएगा। मैच में अंपायर की भूमिका में विकास तिवारी व कमेंद्र कुमार रहे। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रिंस तिवारी, उपाध्यक्ष सुशील मेहता, सचिव बसंत पाठक, कोषाध्यक्ष रविरंजन मेहता, ब्रजमोहन तिवारी, असरफी तिवारी, उमाकांत तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# कांडी ने केतार को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह उच्च विद्यालय के ग्राउंड में आयोजित शहीद नीलांबर-पीताम्बर कास्को क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन-7 के फाइनल मुकाबले में कांडी ने केतार को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। केतार के कप्तान रामाश्रय ने टॉस जीतकरबल्लेबाजी का निर्णय लिया। पहले खेलते हुये केतार की टीम 19.5 ओवर में 126 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कांडी की टीम ने 12.5 ओवर में 127 रन बनाकर फाइनल मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने विजेता टीम के कप्तान प्रिंस कुमार को विजेता ट्रॉफी, मेडल और रु.25001 नगद राशि जबकि उप विजेता टीम को ट्राफी, मेडल और रु.20001 देकर नवाजा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कांडी के बल्लेबाज कपिल को जबकि मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार केतार टीम के गुडन कुमार को दिया गया। समाजसेवी पंकज सिंह ने छक्का लगाने वाले सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।इस मौके पर बबलू सिंह,अध्यक्ष संजय वर्मा, सचिव देव कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता, संतोष रजक, नागेन्द्र ठाकुर, संजय सिंह, लव वर्मा, डॉ एके मौर्य, अजय कुमार मौजूद थे।

### भू-विवाद में मारपीट तीन घायल

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा गांव में भूमि विवाद को लेकर रविवार को हुयी मारपीट की घटना मे दोनों पक्ष से तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के दुखन यादव का पुत्र विश्वनाथ यादव तथा दूसरे पक्ष से विजय यादव के पुत्र निर्मल यादव एवं उनकी पुत्री कविता कुमारी शामिल हैं। इसमें विश्वनाथ यादव को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में एक पक्ष के विश्वनाथ यादव ने बताया कि रामनाथ यादव, लालुनाथ यादव, विजय यादव ने मिलकर उनकी मां दौलतिया देवी से जमीन केवाला करवा लिया है। उस भूमि पर 144 लागू होने के बाद भी उन लोगों द्वारा उक्त भूमि पर पटवन कराया जा रहा था। इसकी जानकारी देकर थाने से लौटने के क्रम में आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष की कविता कुमारी ने बताया कि कुआं में पंप लगाकर खेत का पटवन करने के दौरान विश्वनाथ यादव के द्वारा कुल्हाड़ी से सेक्शन पाइप काटा जा रहा था।

### नागपुर कमाने गये युवक का शव पहुंचा गांव

**कांडी।** थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी 48 वर्षीय ललित कुमार बैठा का शव एम्बुलेंस से शनिवार की रात नागपुर से जैसे ही उनके घर पहुंचा परिजनों के करुण चित्कार से वातावरण गमगीन हो गया। मृतक का अंतिम संस्कार कोयल नदी तट स्थित श्मशान घाट पर रविवार को किया गया। परिजनों ने बताया कि ललित की मत्यु महाराष्ट्र के नागपुर जिला के कारगट्टा में एक कंपनी में मजदूरी के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण दो फरवरी की शाम हो गया था। मृतक सोमवार को ही वहां गये थे। अंतिम संस्कार में राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा,शिक्षक मदन मोहन राम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। मुखाग्नि बड़े पुत्र ने दी।

### अभाविप ने बोर्ड परीक्षार्थियों को दी शुभकामना

**कांडी।** अभाविप कांडी के नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि वैसे तो जीवन ही एक परीक्षा है, लेकिन जब कोई छात्र परीक्षा शब्द सुनता है तो मानों उसके होश उड़ जाते हैं। बच्चे आनंद से बिना किसी घबराहट के बोर्ड परीक्षा दें। यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से जुड़े होने के नाते मुझे आप सभी से सफलता और अच्छे प्रदर्शन की अपेक्षा है।

### ट्रैक्टर की चपेट में महिला घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़सुगी गांव के कुसुमहा टोला निवासी बद्री उरांव की पत्नी अनिता देवी रविवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बद्री ने बताया कि दोनों पति-पत्नी मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान उड़सुगी यात्री शेड के पास पत्नी असंतुलित होकर नीचे गिर गयी। तभी गुजर रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से वे घायल हो गयी।

### सड़क दुघर्टना में तीन गंभीर

**केतार।** केतार - कांडी मुख्य पथ पर रविवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में बांसडीह गांव निवासी गोविंद पासवान पिता राम बिचार पासवान, भानु गुप्ता पिता उदय साह और सत्यनारायण कुमार पिता विरेन्द्र कुमार शामिल हैं। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों के द्वारा इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डा. प्रिंस कुमार ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार तीनों युवक परसोडीह गांव में क्रिकेट टूनार्मेंट मैच देख रहे थे। वहीं से दुसरे का आटो लेकर कहीं जा रहे थे।इसी क्रम में गांव के जीओ मोबाइल टावर के समीप टेम्पो दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### कक्षा 10 के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**सगमा।** स्थानीय बीरबल गांव स्थित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर कक्षा 10 के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को एग्जाम किट व पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विद्यालय के प्रबंधक महताब आलम ने कहा कि इस स्कूल से विदा ले रहे सभी विद्यार्थी बहुत अनुसाशन प्रिय ढंग से शिक्षा ग्रहण किये हैं। पूरी उम्मीद है कि सभी विद्यार्थी स्कूल से निकलकर बोर्ड परीक्षा में जिला ही नही पूरे झारखण्ड में अपना नाम रौशन करेंगे। प्रधानाचार्य बेबी खातून, शिक्षक योगेन्द्र कुमार यादव, अजय यादव, राम विनय यादव, सुनील यादव,विरेंद्र प्रजापति, महेष्वर विश्वकर्मा, अलका कुमारी, अर्चना, लालमणि देवी उपस्थित रहीं।

### डीसी ने बीडीओ से मांगा स्पष्टीकरण

**लक्ष्य से13 अधिक सिंचाई कूपों को दी गयी स्वीकृति**

**भवनाथपुर।** मनरेगा अंतर्गत लक्ष्य से अधिक कूप योजना स्वीकृत करने को लेकर उप विकास आयुक्त के द्वारा भवनाथपुर बीडीओ से स्पस्टीकरण मांगा गया है। इस दौरान उनसे पूछा गया है कि मनरेगा एवं राज्य मद के अभिसरण से क्रियान्वित बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृत एवं ऑन गोइंग करने हेतु बार-बार निर्देश दिये गये थे। इसके बावजूद भवनाथपुर प्रखण्ड अंतर्गत 220 लक्ष्य के सापेक्ष 233 स्वीकृत किये गये हैं। इससे साफ पता चलता है कि वरीय पदधिकारियों के द्वारा दिए गए निर्देश की अवहेलना करते हुए निर्धारित लक्ष्य से 13 अधिक बिरसा सिंचाई कूप स्वीकृत किया गया। तीन दिन के अंदर स्पस्टीकरण मांगा गया है।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**मेराल।** रविवार अहले सुबह अवैध बालू लेकर मझिआंव की ओर से आ रहे ट्रैक्टर को मेराल सीओ जसवंत नायक ने मकुना गांव से पकड़कर मेराल थाने को सुपुर्द कर दिया है। इस संबंध में सीओ यशवंत नायक ने बताया कि रविवार की सुबह 8:00 बजे मझिआंव की ओर से बालू लोड ट्रैक्टर मेराल के मकुना गांव की तरफ जा रहा था। रोकने पर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। ट्रैक्टर मालिक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सोमवार को अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### अंतर्राज्यीय प्रतियोगिता में झटके 10 पदक

**भवनाथपुर।** रॉयल ओरचीड पब्लिक स्कूल बरही हजारीबाग में आयोजित तीसरी राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 10 पदक झटके। इनमें एक स्वर्ण, दो रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये नौशाद आलम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, जिला कल्याण पदाधिकारी नीलेश मुर्मू, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे,अनिता दत्त, सचिव आलोक मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद ओमप्रकाश गुप्ता आदि ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी हैं।

### वाणी शुद्धि की क्रिया है स्वर्वेद के दोहों का पाठ

**कांडी।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग प्रखण्ड इकाई कांडी की ओर से रविवार को बीपीएम पब्लिक स्कूल कांडी के प्रांगण में मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपदेष्टा सह अक्षय पात्र कोष संग्रहकर्ता सुरेन्द्र विश्वकर्मा थे । कार्यक्रम का शुभारंभ सद्गुरु के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यार्पण के साथ किया गया। सत्संग में शामिल गुरु भाई -बहन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वर्वेद के दोहों का पाठ वाणी शुद्धि की क्रिया है। यह वाणी का तप है। स्वर्वेद के दोहों का पाठ कर ही हम अपनी वाणी को शुद्ध कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड प्रभारी संदीप कुमार,प्रवीण कुमार,सत्येंद्र कुमार मेहता,अवधेश मेहता,विनोद कुमार ,राम किशोर प्रसाद ,मनोज कुमार उपस्थित थे।

# पिछड़ों को आबादी के सापेक्ष दी जाये भागीदारी

**- राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने मनायी जगदेव प्रसाद की जयंती**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा द्वारा अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर प्रदेश सचिव अजय मेहता ने कहा कि अनुसूचित जाति,जनजाति का आरक्षण आबादी के अनुपात में 10 प्रतिशत और 26 प्रतिशत है। वही ईडब्ल्यूएस अर्थात अगड़ी जातियों का आरक्षण अपनी आबादी से ज्यादा 10 प्रतिशत है। ऐसे में ओबीसी की प्रदेश में आबादी 55 प्रतिशत के सापेक्ष 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि देश में जल्द जातीय जनगणना कराकर आबादी के सापेक्ष आरक्षण दिया जाये। प्रदेश संगठन महासचिव शशि भूषण मेहता ने कहा झारखंड सरकार अविलंब जातीय सर्वेक्षण कराकर नगर निकाय और पंचायत चुनाव में ओबीसी का आरक्षण सुनिश्चित करे। उत्तरी छोटानागपुर



प्रमंडल प्रभारी भुवनेश्वर प्रसाद ने कहा कि सरकार राज्य में स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय का गठन करे। अध्यक्षता करते हुए गढ़वा जिला संयोजक मनीष गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के लगातार संघर्षों का परिणाम है कि राज्य सरकार शहरी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण हेतु राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति करने को बाध्य हुई है। मंच संचालन यादव महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष विरेंद्र यादव ने किया। मौके पर आरिफ अंसारी, संतोष केसरी, शनि चंद्रवंशी, रविंद्र जायसवाल, सोनू यादव, मुकेश कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

**अभियान** | समाज में एकजुटता का आह्वान, लोगों ने किया स्वागत

# ओबीसी जागरूकता रथ ने किया गांवों का भ्रमण

**11 फरवरी को शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में भारी से भारी संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल का अभियान रथ कल्याणपुर, चामा, पेशका, दुलदुलवा, चिनिया, तसरार, कोरवाडीह होते हुए रविवार को मेराल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान ओबीसी अधिकार मंच के संयोजक विरेंद्र साव ,शिवकुमार




विश्वकर्मा, अधिवक्ता जितेंद्र चंद्रवंशी, रमाकांत प्रसाद आदि ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों को प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 11 फरवरी को शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में भारी से भारी संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड अलग प्रदेश बनने के बाद पिछड़ी जातियों का आरक्षण खत्म होने की कगार पर है। जबकि संयुक्त बिहार में पिछड़ी जातियों 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता था। केंद्र सरकार और राज्य सरकार जातीय जनगणना कराकर पिछड़ी जातियों सभी क्षेत्रों में उनका हक-अधिकार प्रदान करे। बसपा नेता शिवकुमार विश्वकर्मा ने सामूहिक संघर्ष से ही अधिकार प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि पिछड़ा समाज एकजुट हो जाये तो राजनीतिक रूप से कोई भी उसे पछाड़ नहीं पायेगा। भ्रमण के दौरान लोगों ने भारी उत्साह के साथ रथयात्रा का स्वागत किया।

## एक नजर

### ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष व सचिव ने सम्मेलन को लेकर किया स्थल निरीक्षण



**गिद्धौर (चतरा)।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के चतरा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय व सचिव राजन पांडेय रविवार को गिद्धौर प्रखंड के चतरा-हजारीबाग सीमाने पर स्थित मां बागेश्वरी मंदिर बलबल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर समाज में सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही अगामी 11 फरवरी को बलबल में होने वाले महासम्मेलन को लेकर स्थल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था दुरुस्त करने की जवाबदेही गिद्धौर प्रखंड ब्राह्मण समाज की कमेटी को दिया गया। उन्होंने कहा की विधि व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। अध्यक्ष व सचिव ने बताया की प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही उनके अनेकों सहयोगी विद्वान महासम्मेलन में पहुंचेंगे। सम्मेलन में चतरा जिले के सभी प्रखंड से अधिकारियों के साथ समाज के लोगों को शामिल होने की अपील की गई। मौके पर चेतन पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल में हवन का हुआ आयोजन



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के जलता स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल परिवार ने रविवार को चंदवा प्रखंडवासियों के लिए एक नया आयाम खड़ा किया है। राष्ट्र एवं सामाजिक उत्थान के लिए डीएवी स्कूल परिवार द्वारा वैदिक हवन और विश्व शांति यज्ञ की श्रृंखला शुरू की गई। चंदवा प्लस टू हाई स्कूल के नजदीक प्रखंड स्टेडियम में आयोजित विश्व शांति यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ने भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों ने संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मंत्रोच्चारण के साथ वैदिक हवन प्रारंभ किया। तत्पश्चात आर्य समाज के भजनों को गाकर वातावरण संगीतमय और पवित्र कर दिया। समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि डीएवी विद्यालय परिवार की यह विश्व शांति यज्ञ श्रृंखला की शुरूआत काफी सराहनीय और प्रशंसनीय है। समस्त विश्व में प्रकृति भी यज्ञ में जुटी हुई है। यह यज्ञ ही प्रकृति को सदा नवीन बनाए रखता है। इस तरह के सामाजिक आयोजनों से समाज को सही मार्गदर्शन प्राप्त होता है। विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने उपस्थित आगंतुकों को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ सृष्टि का आधार बिंदु है। नामांकन प्रभारी ने जानकारी दी कि नए शैक्षणिक सत्र में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, बच्चे और चंदवा प्रखंड के आकाश कुमार, प्रदीप उपाध्याय, सचिन लाल, राहुल अग्रवाल, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र वैद्य आदि उपस्थित थे।

### बाइक पर गुमला से मैकलुस्कीगंज जा रहे थे दोनों भाई बहन

# सड़क दुर्घटना में बहन की मौत, भाई घायल



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज मुख्य पथ पर कुमीटोला खेल मैदान के समीप रविवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार बहन की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे भाई को मामूली चोटें आई हैं। मृतका की पहचान दीपाटोली गुमला निवासी असमीना खातून के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने भाई सलमान के साथ बाइक पर गुमला से मैकलुस्कीगंज स्थित अपने रिश्तेदार के यहां जा रही थी।

इसी दौरान कुमीटोला के समीप पीछे से आ रहा एक वाहन उनकी बाइक को टच करते हुए आगे निकल गया जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक में पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई तभी पीछे से आ रहा दूसरा वाहन उसे कुचलते हुए निकल गया। दुर्घटना में महिला का सर पहिये के नीचे आ गया था जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वंही बाइक चला रहा युवक सड़क के किनारे गिरने की वजह से बाल बाल बच गया। उसे मामूली चोटें आईं हैं। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने थोड़ी देर के लिए उक्त स्थान पर सड़क को जाम कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही चंदवा थाना प्रभारी सुभम कुमार, चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव घटना स्थल पर पहुंचे और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम को खुलवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# दो आभूषण दुकानों से जेवर उड़ा ले गए चोर

### बालूमाथ मुख्य बाजार की घटना, वारदात सीसीटीवी में कैद, जांच में जुटी पुलिस







**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात बालूमाथ मुख्य बाजार स्थित दो आभूषण दुकानों के शटर एवं तिजोरी काटकर कई कीमती जेवर उड़ा लिए। जानकारी के अनुसार बाजार रोड स्थित राठौर कंपलेक्स के वर्षा ज्वेलर्स (प्रो- मधुसूदन प्रसाद सोनी) में दुकान का शटर काटकर अंगूठी, पायल, मूर्ति लॉकेट जिसका अनुमानित मूल्य 59 हजार रुपये है, अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। वहीं महावीर मंदिर के निकट शिबू दा ज्वेलर्स (प्रो-आनंद कुमार सोनी) में छप्पर काटकर दुकान के अंदर घुसे चोरों ने दुकान में रखे तिजोरी को काटकर उसमें रखें पायल, चैन, अंगूठी एवं नकद 17 हजार 200 रुपये उड़ा ले गए। इस संबंध में दोनों जेवर दुकान संचालकों ने बालूमाथ थाने में आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्य बाजार में हुई चोरी की इन दो घटनाओं से व्यवसाइयों में सनसनी सी फैल गई है। व्यवसाइयों ने अविलंब घटना का उद्भेदन और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। बता दें कि घटना को अंजाम मध्य रात्रि को दिया गया है। घटना स्थल से सटा हुआ थाना है। उसके बावजूद आधा दर्शन नकाबपोश चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। राठौर कॉम्प्लेक्स के मालिक का कहना है कि जैसे ही कर ग्रिल का लॉक तोड़कर कॉम्प्लेक्स परिसर में प्रवेश किया और इसके बाद जब मकान मालिक को भनक लगी तो सीधा पास स्थित थाना को फोन किया इसके बाद पुलिस आई। पुलिस को आता देख चोर धीरे से निकलकर रात्रि का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे। इस चोरी को लेकर क्षेत्र में खूब तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। हालांकि सारे पहलुओं पर पुलिस पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र महतो का कहना है कि जल्द ही चोर सलाखों के पीछे होंगे।

# बारियातु थाना क्षेत्र में कुएं से महिला का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा गांव में महेश यादव के कुएं से रविवार सुबह पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया। महिला की पहचान शिबला ग्राम निवासी कारा भुइयां की पत्नी मालो देवी (34) के रूप में की गई। जानकारी के मुताबिक मृतका मालो देवी शनिवार शाम अपने ससुराल सिबला से अपनी मां शांति मासोमात के साथ अपने मायके भाटचतरा आई थी। शनिवार को पति कारा भुइयां, मां शांति मासोमात व मालो देवी साप्ताहिक बाजार भाटचतरा गए थे। बाजार से सास और दामाद दोनों घर चले गए। मालो देवी घर नहीं पहुंची। सुबह आसपास के ग्रामीण ने भाटचतरा निवासी महेश यादव के घर के सामने कुएं में महिला का शव उतराता हुआ देखा। घटना की जानकारी थाने को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एएसआई राजकिशोर प्रसाद सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। इधर कई ग्रामीणों को कहना है कि तीनों बाजार में शराब के नशे में धुत थे। घटना कैसे हुई पुलिस इसकी तहकीकात कर रही है। अचानक इस तरह का घटी घटना के बाद मृतक महिला के बच्चे सुमन कुमारी (9), धर्मेंद्र भुइयां (5), पूनम कुमारी (3) व एक वर्षीय महेंद्र का रो रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस ने जल मीनार निर्माण कार्य में पाइप चोर गिरोह का किया उद्भेदन

### तीन सदस्य गिरफ्तार, एक ट्रक, एक बोलेरो व तीन मोबाइल जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
नल जल योजना के तहत चतरा में कराए जा रहे जलमीनार निर्माण कार्य स्थल से पाइप चोरी करने वाले चोर गिरोह का उदभेदन पुलिस ने करते हुए तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सदर थाना क्षेत्र से अंतर जिला चोर गिरोह के गिरफ्तार तीन सदस्यों के निशानदेही पर पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त किए जा रहे एक ट्रक (एनएल 02 एन 9114), एक बोलेरो (जेएच 10 एएम 6588) व तीन मोबाइल के साथ चोरी के पाइप भी जब्त किए हैं।

गिरफ्तार चोरों में धनबाद जिला पूर्व टुंडी थाना क्षेत्र के चलधावां निवासी सह बोलेरो चालक मो. अजीमुद्दीन, बेलगड़िया निवासी सह ट्रक चालक राजेंद्र पासवान व खेरटाड़ निवासी मुकेश महतो शामिल हैं। उक्त जानकारी थाना प्रभारी शिवप्रकाश कुमार ने देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लक्षणपुर स्थित भेड़ीफॉर्म के समीप बन रहे जलमीनार में कुछ लोग चोरी कर रहे हैं। सूचना के आलोक में टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनो को धर दबोचा गया। आगे बताया कि उक्त चोर गिरोह क्षेत्र में लगातार सक्रिय था। 26 जनवरी 2024 को उक्त जलमीनार से 78 पीस पाइप की चोरी कर ली गयी थी। इस संबंध में संवेदक चंदन सिंह के आवेदन पर मामला दर्ज कर क्षेत्र में लगातार छापामारी की जा रही थी। 26 जनवरी को हुई चोरी में भी उक्त चोर संलिप्त थे। गिरफ्तार सभी चोरो के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है। साथ ही गिरोह में शामिल अन्य की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा हैं। छापामारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार पाल, एएसआई सच्चिदानंद सिंह व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# गार्डवाल व पुलिया निर्माण में बरती जा रही है अनियमितता



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पांच पथों की विशेष मरम्मती कार्य ग्रामीण विकास प्रमंडल द्वारा प्रारंभ की गई है। पथों की विशेष मरम्मती कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत विभाग द्वारा सहाय कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटीत किया गया है। परंतु संवेदक द्वारा गार्डवाल के साथ पुल-पुलिया निर्माण में काफी अनियमितता बरती जा रही है। गुणवत्ता को ताख पर रख कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। विभाग के कनीय अभियंता के साथ सहायक अभियंता के पास कई वार शिकायत की गई, परंतु ना जांच की गई और ना ही कार्य में सुधार ही किया गया। ऐसे में ग्रामीणों में संवेदक व विभाग के प्रति आक्रोष व्याप्त है। बताया गया कि पांचों सड़कों के मरम्मती कार्य की प्रकल्लित राशि 9 करोड़ 77 लाख 72600 रुपये है, जिसमें गांगपुर से मरांगी सात किलोमीटर तक पथ की विशेष मरम्मती कार्य 2.96 करोड़, पिंडारकोण से इचाक 2.8 किमी तक 1. 26 करोड़, गिद्धौर से ब्रह्मपुर 8.6 किमी तक 3.13 करोड़, भुईयां टोला से जरहा 4.1 किमी तक 1.44 करोड़ व लुबधिया से पिंडारकोण 2.6 किमी तक 96 लाख रुपया की लागत से मरम्मती कार्य कराया जा रहा है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने कहा कि निर्माण कार्य में अनिमितता की शिकायत मिला है। जांच कर अग्रेतर कार्रवाई को लेकर उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाएगा।

# मगध-संघमित्रा क्षेत्र को फर्स्ट एड थ्योरी टेस्ट में मिला दूसरा स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
नई सराय स्थित माइंस रेस्क्यू स्टेशन में बीते दिन 3 फरवरी को सीसीएल द्वितीय अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता-2024 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध-निदेशक डॉ. बी. वीरा रेड्डी शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक आर.बी प्रसाद ने की। प्रतियोगिता में सीसीएल के प्रक्षेत्र बरकासयाल, अरगड्डा, बी. एंड के., आम्रपाली-चन्द्रगुप्त, ढोरी, गिरीडीह, हजारीबाग, कथारा, कुजू, मगध- संघमित्रा, पिपरवार, नॉर्थ कर्णपुरा, रजरप्पा सहित सीसीएल की महिला टीम ने भी भाग लिया। इस अवसर पर कम्युनिटी हॉल में पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सीएमडी बी. वीरा रेड्डी सहित सभी अतिथि शामिल हुए। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाली टीमों को पुरस्कार और कप देकर सम्मानित किया गया। फर्स्ट एड थ्योरी टेस्ट में मगध-संघमित्रा क्षेत्र को दूसरा स्थान मिला। मौके पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, मगध-संघमित्रा क्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी शंभू नाथ सहित मगध-संघमित्रा क्षेत्र के कर्मी गुड्डू कुमार, अभय खालको, कैलाश कुमार, हेमंत करमाली, सूरज बेदिया और अखिलेश मगध-संघमित्रा क्षेत्र टीम के सदस्य के रूप में मौजूद रहे।

### 'जंगली हाथियों से स्थायी निजात दिलायें वरना करेंगे आंदोलन'

**बालूमाथ।** आजसू प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते कई वर्षों से लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों में हाथियों का उत्पात हमेशा ग्रामीण क्षेत्र में नुकसान पहुंचा रहा है। वन विभाग हाथियों से निजात दिलाने में असमर्थ है। साथ ही गामीणों को सुरक्षा देने में भी असफल है और हाथियों से बचाव के लिए आम जनता के बीच वन विभाग द्वारा कोई सामग्री भी नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए आजसू प्रखंड अध्यक्ष ने वन विभाग पर विरोध जताया और कहा कि वन विभाग इस पर जल्द निर्णय ले नहीं तो आम जनता के नुकसान को आजसू पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। नहीं तो वन विभाग के पदाधिकारियों के विरोध में धरना प्रदर्शन और वन विभाग के जिला एवं प्रखंड कार्यालय का घेराव करेगी, जिसमें पीड़ित भी उपस्थित रहेंगे।

# रसोइया संघ करेगा अनिश्चितकालीन हड़ताल



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ की प्रखंड इकाई का रविवार को एक बैठक पूराना ब्लॉक प्रांगण में रसोइया संघ के प्रखंड सचिव रीना देवी के अध्यक्षता में हुई, जिसमें एक सौ रसोइया बहन शामिल हुईं। बैठक में सचिव रीना देवी ने कहा कि आज रसोइयाकर्मी की हालत बद से बदतर बनी हुई है। सरकार से 3 अगस्त को रसोइया संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ वेतनमान और 12 माह का बकाया वेतन देने सहित छह सूत्री मांग लागू करने पर बात हुई थी, लेकिन अभी तक कोई मांग पूरा नहीं हुई, बल्कि उल्टे सरकार रसोइयाकर्मी को हटाकर मध्याह्न भोजन योजना को अक्षय पात्रा नामक कंपनी को देना चाह रही है जो सरासर रसोइया कर्मी बहनों के साथ अन्याय है। इन्हीं तमाम सवालों को लेकर झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ झारखंड द्वारा 10 फरवरी से तमाम विद्यालय में खाना नहीं बनाते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि हम सभी रसोइया कर्मी 10 फरवरी से हड़ताल पर जाएंगे। हड़ताल को सफल बनाने के लिये उक्त तिथि को हम सभी बरवाडीह में बड़ी संख्या में सड़क उतर कर प्रतिरोध मार्च करते हुये मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपेंगे और 12 फरवरी को हजारों की संख्या में राज्यपाल के समक्ष पहुंच कर धारणा प्रदर्शन करेंगे। इस बीच मांग पूरा नहीं होने तक किसी भी विद्यालय में खाना नहीं बनाते हुए हड़ताल पर रहेंगे। बैठक में रसोईया संघ के संरक्षक प्रखंड माले सचिव कमलेश सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश सरकार रसोईया कर्मियों के साथ अन्याय करते हुए उनके कामों से हटकर साजिश के तहत खाना बनाने का काम निजी कंपनियों के हाथों में दिया जा रहा है और सभी रसोइया कर्मियों को पूरी तरह बेरोजगार करने की साजिश रची जा रही। बैठक को कोषाध्यक्ष रोयल सोय, शांति देवी, पुष्पा देवी, पर्वतीय देवी, सुदामा देवी, ललिता देवी, रेशमी देवी, शारदा देवी, जैमुन बीवी, शांति कुंवर, निर्मला देवी, मंजू देवी आदि ने भी संबोधित किया।

**धर्म-कर्म** | विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, भारी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

# अनुकूल चंद्र का मनाया गया 136वां जन्मोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
रविवार को जिला मुख्यालय स्थित दीभा मध्य विद्यालय के निकट युग पुरुषोत्तम्मा प्रेममय श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 136 वां शुभ जन्मोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम शंख ध्वनि व बंदे पुरुषोत्तम का जयघोष किया गया। वहीं सभी धर्म ग्रंथ का पाठ किया गया। धर्म सभा में वक्ताओं ने कहा कि सत्सब से मानवरुपी जीवन सफल हो जाता है। इसके अलावे भजन कीर्तन व आरती का आयोजन हुआ।

भक्तों में खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम जय गुरु श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। धर्म सभा की अध्यक्षता शिवनंदन सिंह व संचालन डॉ. मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किया। वहीं धर्म सभा को कटिहार (बिहार) के सह प्रति ऋत्विक प्रदीप सिंह, गया के रामसुरत सिंह, हजारीबाग के केपी यादव, विनोद सिंह व चतरा से शिवनंदन सिंह, सोना यादव, टंडवा से अमित दे आदि ने संबोधित किया। मातृ सम्मेलन आदर्श परिवार के निर्माण में माता की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संगीतमय बनाने में डॉ. श्रीवास्तव, धीरज गुप्ता, योगेंद्र कुमार योगी, राजेश दुबे, कृति प्रभो, कौशल दांगी, सचिन्द्र पासवान, पूरन यादव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपरोक्त के साथ संजय कुमार, चतुरी राम, सरयू यादव, मोहन गुप्ता, शिवनारायण सिंह, कौशल दांगी, सुनील सिंह, सचिन्द्र पासवान आदि सत्संगियों ने भूमिका निभाई।

# आंदोलनकारी सदस्यों ने जुलूस निकालकर किया विरोध प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
झारखंड आंदोलनकारी सदस्यों ने रविवार को चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी के केंद्रीय सचिव अली हसन के नेतृत्व में रांची में होने वाली हुंकार रैली से पूर्व आंदोलनकारी सदस्यों ने जुलूस निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत तरीके से फंसाए जाने के विरोध में सोमवार को आंदोलनकारी सदस्यों द्वारा राजभवन घेराव कार्यक्रम से पूर्व रविवार को झारखंड आंदोलनकारी सदस्यों ने अली हसन अंसारी के नेतृत्व में पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर से मुख्यमंत्री को गलत तरीके से फंसाए जाने के विरोध में जुलूस निकाला। इसमें शामिल आंदोलनकारी आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ना करना बंद करो, चुनी हुई सरकार को गलत तरीके से हटाना बंद करो समेत मोदी सरकार के विरोध में कई नारा लगाते हुई नगर भ्रमण किया। वहीं जुलूस में शामिल लोगों से हेमंत सोरेन को गलत तरीके से फंसाए जाने के विरोध में रांची में होने वाली हुंकार रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। मौके पर सरफराज अंसारी, अलाउदीन खान, मुस्लिम खान, विनोद कोरवा, मोहन सिंह, सुरेश भइया, फुलवा देवी, जीरा देवी, लाखो देवी, जबार अंसारी, अली हुसैन अंसारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### रामचंद्र पाठक बने यज्ञ समिति के अध्यक्ष व प्रेम कुमार सचिव



**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर गौरीघाट में प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में धर्म प्रेमियों व प्रबुद्ध ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अशोक प्रसाद ने की। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 2025 के अप्रैल-मई माह में मंदिर में स्थापित नीलकंठेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रुद्र महायज्ञ करने व यज्ञ के सफल संचालन के लिए सर्वसम्मति से 101 सदस्यीय यज्ञ समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही यज्ञ समिति में मथुरापुर गांव निवासी रामचंद्र पाठक को अध्यक्ष, सीलदाहा बाजार निवासी प्रेम कुमार उर्फ पिंटू को सचिव, गौरीघाट के संतोष कुमार को संयोजक व धीरज कुमार पाठक को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक के बाद यज्ञ समिति के अध्यक्ष ने बताया कि वाराणसी के आचार्य से मिलकर आगामी वर्ष 2025 के अप्रैल-मई माह में सर्वोत्तम तिथि निर्धारित करवाने के बाद कमेटी का विस्तार किया जाएगा।

### विश्वकर्मा समाज की अधिकार रैली को सफल बनाने पर चर्चा



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लेम्बोइया पहाड़ी स्थित पानी टंकी परिसर में रविवार को राणा विश्वकर्मा समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शंभू नाथ राणा व संचालन प्रकाश राणा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष डोमन राणा व विशिष्ट अतिथि के रूप में रामू राणा उपस्थित थे। कार्यक्रम कि शुरवात अतिथियों का स्वागत प्रखंड प्रखंड अध्यक्ष, श्रीकांत राणा, प्रमोद राणा, कोषाध्यक्ष तिलेश्वर राणा व अन्य के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। उसके बाद बैठक में आगामी 18 फरवरी को रांची मोरहाबादी मैदान में आहूत विश्वकर्मा अधिकार रैली के सफलता को लेकर विचार विमर्श करते हुए रैली में पत्थलगडा प्रखंड से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की गई। साथ ही 22 फरवरी को चतरा में भव्य रूप से विश्वकर्मा जयंती मनाने पर चर्चा की गई। बताया गया कि 18 फरवरी को मुख्य आठ मांगों को लेकर व्यापक पैमाने पर अधिकार रैली प्रदर्शन करने जा रही है। वहीं बैठक के दौरान प्रखंड में राणा विश्वकर्मा समाज के उत्थान व मजबूती पर जोर देते हुए सभी ने नशामुक्त व शिक्षित समाज के निर्माण का संकल्प लिया। मौके पर तारकेश्वर राणा, आदित्य राणा, मनोज राणा, तिलेश्वर राणा, विनोद राणा, सुखसागर राणा, रामेश्वर राणा, विमल राणा, लोकेश राणा, प्रीतम राणा, शुखदेव राणा, पचु राणा समेत समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

# चैनपुर थाना परिसर में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव को सम्मान के साथ दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**






चैनपुर थाना परिसर में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव के पदोन्नति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो कि सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव का प्रोन्नति सह स्थानांतरण अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा के रूप में हुआ है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे है चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि यह क्षण मेरे लिए बहुत ही भावुक कर देने वाला क्षण है जहां एक तरफ जाने का गम है तो दूसरी तरफ सर के पद्दोन्नति की खुशी है, मगर जिंदगी का सच यही कि इंसान को कुछ पाने के लिए हमेशा ही कुछ ना कुछ पीछे छोड़ना पड़ता है। आगे उन्होंने कहा कि इनके सानिध्य में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला जो हमे हमेशा याद रहेंगे। वहीं मौके पर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि के बीच सर ने हमेशा ही एक सामंजस्य स्थापित कर के चला है जिससे कि हम जनप्रतिनिधियों को कभी भी कार्य करने में किसी तरह की दिक्कत या परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। आम जनता के प्रति भी इनका रवैया हमेशा ही सहयोगात्मक रहा हम इनके सुख समृद्धि और यश की कामना करते हैं। वहीं अपने विदाई सह सम्मान समारोह में उपस्थित निवर्तमान सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा कि चैनपुर अनुमंडल के सभी आम मानस सहित सभी जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु का आपार प्रेम और सहयोग मिला जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा। आप सभी के परस्पर सहयोग के कारण ही मैं बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम रहा। आगे उन्होंने अपने संबोधन में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा का विशेष तौर पर धन्यवाद दिया और कहा कि आम जनता के प्रति इनका लगाव देखकर मुझे काफी खुशी होती है। किसी तरह की घटना कहीं भी घटित होती है तो मेरे पहुंचने से पहले जिला परिषद सदस्य का वहां मौजूद होना अपने कार्य के प्रति ईमानदारी को दर्शाता है। इस समारोह में मुख्य रूप से रायडीह, चैनपुर, डुमरी जारी, कुरुमगढ़ के थाना प्रभारी अमित कुमार, आशुतोष कुमार सिंह, मनीष कुमार, नीतीश कुमार तीनों प्रखंडों के जनप्रतिधि, पत्रकार बंधु सहित कई सम्मानित लोग मौजूद थे।

# 'सत्संग के माध्यम से अपने कर्तव्य का निर्वाह्न करें मानव'

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



जय गुरुदेव संगत रांची झारखंड के तत्वधान में सेन्हा की धरती में मानव दिनचर्या बदलाव को लेकर सत्संग का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम जय गुरुदेव आश्रम मथुरा के द्वारा बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी पूज्य पंकज महाराज जी ने मानव कल्याण व सुधार को लेकर कई रूप में कार्य किए और लोगो को सत्य के मार्ग पर चलने को प्रेरित कर रहे हैं। इसी निमित प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सत्संग का आयोजन किया गया।

विदित हो कि जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था का मुख्यालय मथुरा से संस्थाध्यक्ष संत पंकज जी महाराज के सानिध्य में जगह जगह पर कार्यक्रम चल रहा है। यह कार्यक्रम 82 दिवसीय शाकाहार सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के चालीसवें पड़ाव सेन्हा की धरती में हुआ और सत्संग का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से मनुष्य के कर्तव्य और उनके मानवता पर प्रकाश डालते हुए जनहित में संदेश देने का कार्य किया गया। कार्यक्रम को विस्तार करने के पूर्व दोहा के साथ आरंभ हुआ। बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी संत पंकज महाराज ने उनके मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए उपस्थित ग्रामीणों के बीच विस्तार करते हुए कहा कि करोड़ों मनुष्य को बाबा जयगुरुदेव ने कर्तव्य निर्वाह्न के प्रति जगरुक करते हुए उन्हें अपराध, बुराइयों से मुक्त कर भागवत भजन से जोड़ने का कार्य किया और शाकाहार, सदाचार मद्यनिषेध का प्रबल प्रचार किया है। साथ ही उन्होंने मानव कर्म, मानव धर्म, प्रेम, दया, अहिंसा, मानव सेवा चरित्र उत्थान अच्छे समाज का निर्माण इत्यादि बिंदुओं पर संदेश देते हुए देश विदेश में जयगुरुदेव के मार्ग पर चलने की अपील उत्तराधिकारी पंकज महाराज द्वारा की गई। लोगों को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई, जिसका परिणाम आज देश के कोने कोने में देखने को मिल रहा है। इसके अलावे जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के माध्यम से निःशुल्क सेवा भावना से संस्था का विस्तार किया जा रहा है। इसके तहत मुफ्त इलाज गौ सेवा, स्वच्छता, शिक्षा सहित विभिन्न रूप से सेवा हेतु संस्था चलाया जा रहा है। आयोजित सत्संग के दौरान सेन्हा प्रखंड वासियों तथा जिला व राज्य वासियों को उक्त बिंदुओं पर पहल कर अपने कर्तव्य का निर्वाह्न करने का संदेश दिया। साथ ही बुराइयों से दूरी बनाने का संकल्प लेने की प्रेरणा भी दी गई। मौके पर संस्था के महामंत्री बाबूराम यादव, आश्रम प्रबंधक संतराम चौधरी, बिहार संगत के अध्यक्ष मृत्युंजय झा, झारखंड प्रदेशाध्यक्ष रामचंद्र यादव, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष विजय पाल सिंह, आयोजक सीदन मांझी, सुरेंद्र मांझी अजय सोनी, सहयोगी संगत जिला सीतापुर उतर प्रदेश मोतीलाल मौर्य, सतीश सिंह यादव, बाबा जयगुरुदेव के मार्ग पर चलने वाले भक्तगण शामिल थे।

## सुधीर चौधरी को गिरफ्तार करने की मांग उठाई

**कुडू।** आदिवासी समन्वय समिति सेन्हा ने एसटी एससी थाना लोहरदगा में ज्ञापन सौंपकर पत्रकार सुधीर चौधरी को एक्ट 1989 के तहत गिरफ्तार करने की मांग की है। समिति द्वारा थाने में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि आज आदिवासी समाज को कोई वनवासी तो जंगली बोलकर अपमानित करने का काम कर रहा है। ताजा मामला टीवी एंकर सुधीर चौधरी द्वारा हेमंत सोरेन पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा है कि हेमंत सोरेन को 30-40 साल पहले की तरह जंगल में रहना होगा, जिससे यह प्रतीत होता है कि सुधीर चौधरी जातीय विद्वेष से ग्रसित व्यक्ति है, जिनकी नजर में आदिवासी का मतलब पिछड़ापन, वनवासी और जंगली होता है। उनके इस अभद्र टिप्पणी को पूरा आदिवासी समाज पूर्ण विरोध करता है। हमलोग उनको बतलाना चाहते हैं कि आदिवासी समाज जंगली नहीं हैं। ऐसे में सुधीर चौधरी द्वारा आदिवासी को जंगली बताना निहायत जातिवाद से ग्रस्त और ऊंच नीच की भावना मालूम पड़ता है। उनके इस घटिया बयान को हम पूरा आदिवासी समाज पूर्ण विरोध करते हैं। हम पूरे आदिवासी सुधीर चौधरी को संवैधानिक और लोकतांत्रिक रूप से गिरफ्तारी का मांग करते हैं।

## केरत व नातिया मुकाबले में मदरसा बाबा दुखन शाह को पहला व दूसरा स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

हजरत बाबा दुखन शाह (र.अ.) के 99वीं सालाना उर्स के मौके पर रविवार को जामा मस्जिद में नातिया व केरत का इनामी मुकाबला आयोजित हुआ। इस इनामी मुकाबला कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मोहम्मद अफसर कुरैशी व संचालन मौलवी अबुल कलाम तैगी ने की।

आयोजित नातिया व केरत का इनामी मुकाबले में विभिन्न मदरसों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। केरत व नातिया मुकाबले में मदरसा बाबा दुखन शाह को पहला व द्वितीय और हिरही को तीसरा स्थान मिला। केरत व नातिया मुकाबले में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी और नाजिम हाफिज शफिकुर्रहमन, हाफिज व कारी मो. रेहान रजा अशरफी, हाफिज शाहिद फिदाई और ज्वाइंट सेक्रेटरी हसनैन अली के जरिए इनाम और सौगात दिए गए। इस अवसर पर सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी ने सभी प्रतिभागियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि खुद तो बेहतर से बेहतर इल्म हासिल कीजिए ही, अपने कौम और मासरे को हमेशा इल्म से जोड़े रखें। यही वक्त की मांग है। मौके पर मो. हस्सल रजा, मो. तालीम रजा, मो. तनवीर आलम, मो. हसन रजा अशरफी, मो. मोइनुद्दीन, मदरसा के नाजिम हाफिज शफिकुर्रहमन, हाफिज व कारी मो. रेहान रजा अशरफी, हाफिज शाहिद फिदाई आदि मौजूद थे।

## श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर में तीन दिनी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 9 फरवरी से

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



शहर के पुराना शुकबाजार अजय पार्क के पास श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 9 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू किया जाएगा। इस निमित्त शनिवार देर संध्या को भगवान हनुमान व भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा जो राजस्थान के कारीगरों द्वारा मकराना पत्थर से निर्मित देवताओं का आगमन लोहरदगा हुआ। ब्लाक मोड से मंदिर के पदाधिकारी व शहर के सनातनी लोगों ने स्वागत व शोभायात्रा निकालते हुए मंदिर प्रांगण लाया। शोभायात्रा में मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज कुमार प्रजापति सचिव प्रदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल महेन्द्र प्रजापति गोलू प्रजापति प्रदीप प्रजापति प्रमोद कुमार गुडू गुप्ता मोहन कुमार अजय प्रसाद राहुल कुमार आदि शामिल थे। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाएगा। आगामी 9 फरवरी को कलश यात्रा व भंडारा 10 फरवरी को वेदी स्थापना एंव देवी देवताओं का पूजन यज्ञ हवन भंडारा, शोभायात्रा 11 फरवरी को अह्वाहित देवी देवताओं का पूजन एंव अचल प्राण प्रतिष्ठा श्रंगार पूजन हवन पूणार्हुति आरती प्रसाद वितरण तथा 13 फरवरी को संध्या 7 बजे से जागरण कार्यक्रम होगा। सभी सनातन लोगों से आग्रह किया गया है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य के भागी बने।

## मुखिया पर दर्ज कराया एससी-एसटी के तहत केस

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा।**




कान्हाचट्टी अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार के कार्यशैली से पंचायत प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। इनके मनमानी रवैया से जनप्रतिनिधि के साथ आम आवाम भी त्रस्त हैं। अंचल अधिकारी ने स्थानीय मुखिया पर केश कर सनसनी फैला दिया है।

सीओ के इस मनमानी के विरोध में जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त अबू इमरान से भेंट कर मामले की जांच कराने और करवाई की मांग की। इधर डीसी ने भी उन्हें जांच और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि की माने तो अंचलधिकारी के सामने चाहें आम जनता हो या फिर पंचायत प्रतिनिधि या फिर पत्रकार सभी इनके कार्यशैली से नाराज हैं। अंचलाधिकारी जो पाते हैं अनाप सनाप किसी को भी बोल देते हैं। इनके लिए आम आवाम पर लाठी डंडे चलाना आम बात है। इतना ही नहीं दो दिन पूर्व राजपुर मुखिया के साथ गाली गलौज कर दिए और उल्टा थाना में अपने पद की धौंस दिखा कर सरकारी कार्य मे बाधा और एसटी-एससी का मामला दर्ज करा दिए हैं। वहीं अंचलाधिकारी ने बताया की मैं इस विवाद से व्यथित हूं और कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हूं। मामले की जांच होगी, फिर सब कुछ सामने आ जाएगा।

## धर्म-कर्म

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन

# भारत विश्व गुरु है, विश्व गुरु था, विश्व गुरु रहेगा : दीपू सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



सत्य-सनातन धर्म के संरक्षण एवं राष्ट्र तथा विश्व कल्याण हेतु आयोजित भव्य आठ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन समारोह लातेहार के ग्राम जगतारणपुर (जालिम) में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ आयोजन समिति द्वारा उक्त समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सिकनी ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी लाल रंजन नाथ शाहदेव, झामुमो नेता एवं समाजसेवी दीपू कुमार सिन्हा, राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत पंचायत की मुखिया सुनीता देवी आमंत्रित किए गए थे। अन्य अतिथियों में पत्रकार मुकेश सिंह, पलामू के प्रसिद्ध व्यवसाई सतीश साहू, अरुण साहू, चंदवा के संतोष कुमार, उमेश यादव आदि शामिल थे। उक्त अवसर पर झारखंड के विभिन्न जगहों से बुलाए गए कलाकारों द्वारा शानदार भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों का यज्ञ समिति द्वारा माल्यार्पण कर तथा सॉल, गमछा एवं रामनामी पट्टा देकर स्वागत किया गया। स्वागतोपरांत अतिथियों को संबोधित करने हेतु आमंत्रित किया गया जिसे संबोधित करते हुए लाल रंजन नाथ शाहदेव ने कहा की जगतारणपुर आज वास्तव में यज्ञ तारणपुर हो गया। इतना भव्य आयोजन जो आज इस गांव में हुआ वह वास्तव में अद्भुत एवं अतुलनीय है इसके लिए इस ग्राम के निवासियों की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। झामुमो नेता दीपू कुमार सिन्हा ने अपनी ओजस्वी संबोधन में कहा की यज्ञ, पुराण, हवन एवम पूजा-पाठ की बदौलत लगभग 800 वर्षों की गुलामी और मुस्लिम आक्रमणकारियों के आक्रमण तथा अंग्रेजों द्वारा विभाजित कर सत्य सनातन धर्म को खत्म करने की साजिश के बावजूद भी हमारा सनातन धर्म बहुजन हिताय- बहुजन सुखाय एवं सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे भवंतु निरामया का संदेश देते हुए संपूर्ण विश्व में अपना परचम लहरा रहा है। अपने इन्हीं सद्गुणों एवं सद्विचारों की वजह सेभारत विश्व गुरु था, है और रहेगा। मुखिया सुनीता देवी ने कहा की इस पंचायत की मुखिया होने के नाते इस ग्राम में इतना भव्य आयोजन होने से मैं गौरान्वित हूं और मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि ऐसे कामों में आगे भी मैं तन मन धन से सहयोग करते रहूंगी। अतिथियों के संबोधन के बाद यज्ञ समिति एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं कलाकारों का माल्यार्पण एवं चुनरी ओढ़ाकर स्वागत करने के साथ ही भक्ति जागरण कार्यक्रम की शुरूआत हुई जहां कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित हजारों श्रद्धालु ग्राम वासियों एवं लोगों को आनंद विभोर तथा नाचने पर मजबूर कर दिया। इसके पूर्व यज्ञ के आठवें एवम अंतिम दिन पंचांग पूजन, वेदी पूजन, महायज्ञ का हवन, पूणार्हुति, आरती एवं यज्ञ के आचार्यों द्वारा होली गाकर तथा पुष्प एवं अबीर गुलाल लगाकर सभी भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं को आनंदित एवं उत्साहित किया गया। भक्ति जागरण के पूर्व यज्ञ कमेटी द्वारा इस भव्य यज्ञ कार्यक्रम को संपन्न करवाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विभिन्न कमिटियों के सदस्यों तथा ग्रामवासियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा यज्ञ के अंतिम दिन भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त विशाल एवं भव्य महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं भंडारे का आयोजन करने में यज्ञ आयोजन समिति के संरक्षक शत्रुघ्न प्रसाद, अध्यक्ष कुंदन प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, कपिल प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, जवाहर प्रसाद, शंभू प्रसाद, कंचन प्रसाद, सुनील कुमार साहू, आशीष, उमेश, विकास, अश्विनी कुमार आदि का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति के सदस्यों एवं ग्राम वासियों ने अनुष्ठान में योगदान देने वाले सभी लोगों एवं संपूर्ण जिले वासियों का आभार प्रकट किया।

## मस्जिद के दूसरे तल्ले की ढलाई श्रमदान से की गई



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

अंजुमन इस्लामिया भंडरा बड़ी मस्जिद के दूसरा तल की छत की ढलाई पूरी हुई, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

मस्जिद की ढलाई के लिए स्थानीय लोगों द्वारा चंदा एकत्रित की गई थी जिसमें सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और छत की ढलाई के लिए आर्थिक एवं शारीरिक मदद की। मस्जिद की ढलाई में श्रमदान करने मुस्लिम धर्म के महिला पुरुष सहित बच्चे भी पहुंचे। मस्जिद की ढलाई को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में उत्साह का माहौल था। इस मौके पर सदर परवेज अंसारी, सेक्रेटरी अनवर अंसारी, मौलाना बिलाल हाफिज, महमूद, खुर्शीद आलम, तैयब अंसारी आदि उपस्थित थे।

# भोक्ताडीह में ईंट गिराने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी प्रखंड के भोक्ताडीह में रविवार दोपहर को ईंट गिराने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। थाने में दिये आवेदन के अनुसार विनोद यादव अपनी जमीन पर ईंट गिरा रहा था। तभी पास के ही उगन यादव, सीतो यादव, रामी यादव, मनोज यादव, चिंता देवी, ममता देवी, नीलम देवी ने विरोध करना शुरू कर दिया।

आवेदन के अनुसार विनोद यादव ने कहा कि हम अपने जमीन पर ईंट गिरा रहे हैं। तुम लोग विरोध क्यों कर रहे हो। इसी बात को लेकर सभी गाली-गलौज करने लगे और जमीन पर पड़े पत्थर उगन यादव अपने हाथ में लेकर मेरे सिर पर मार दिया जिससे सिर में चोट लगने से खून बहने लगा।

विनोद यादव ने तिसरी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर, जब दूसरे पक्ष मनोज यादव से फोन के माध्यम से घटना के विषय में जानकारी लिया तो उन्होंने कहा कि कोई मारपीट नहीं हुआ है। सब आरोप निराधार है। आज उस जमीन विवाद का पंचायती के लिए हमलोगों ने स्थानीय मुखिया को सूचना दिये हैं जल्दी फैसला हो जायेगा।

# रांची में आहूत कुड़मी हुंकार महारैली की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
डुमरी में कुड़मी/महतो समाज की एक बैठक रविवार को डुमरी प्रखंड के अतकी एवं लुकैया में हुई। जिसकी अध्यक्षता क्रमशः अतकी में प्रखंड अध्यक्ष बासुदेव महतो एवं लुकैया में श्रवण महतो ने की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अतकी एव लुकैया से सैकड़ों ग्रामीण 18 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित कुड़मी हुंकार महारैली में पारंपरिक हथियार एवं पारंपरिक वेशभूषा व ढोलक मांदर लेकर शामिल होंगे ताकि अपनी हक की आवाज को बुलंद किया जा सके। वहीं निर्णय लिया गया कि महारैली की तैयारी हेतु गांव-गांव में बैठक करना है।

बैठक में कुवियुमो के केंद्रीय अध्यक्ष थानेश्वर महतो, केंद्रीय महासचिव रामचंद्र महतो, युगल किशोर महतो, खेमलाल महतो, गिरधारी महतो, भोला महतो, होरिल महतो, नरेश महतो, सुनीता देवी, उषा कुमारी, यशोदा देवी, नमिता देवी, विमला देवी, रुकवा देवी, चेतलाल महतो, श्रवण महतो, प्रीतम महतो,बासुदेव महतो, सुखदेव महतो, रूपलाल महतो आदि उपस्थित थे।

## डुमरी से हजारों लोग रांची जायेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
रविवार को डुमरी प्रखंड के अतकी एवं लुकैया मे टोटेमिक कुड़मी महतो समाज के बैनर तले तैयारी हेतु बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अतकी में प्रखंड अध्यक्ष बासुदेव महतो एवं लुकैया मे श्रवण महतो ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अतकी एवं लुकैया से सैकड़ों लोग कुड़मी हुंकार महारैली में हरवे हथियार एव पारंपरिक वेशभूषा, ढोलक, मांदर लेकर मोरहाबादी, रांची चलने का निर्णय लिया गया। डुमरी प्रखंड से हजारों की संख्या में हुंकार महारैली में शामिल होंगे। जिसकी तैयारी के लिए गांव-गांव में बैठक चल रहा है। कुड़मी युवा अपने हक-अधिकार और अपनी पहचान के लिए आगे आये।



बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय अध्यक्ष कुवियुमो थानेश्वर महतो, केंद्रीय महासचिव रामचंद्र महतो, युगल किशोर महतो, खेमलाल महतो, भोला महतो, होरिल महतो, गिरधारी महतो, नरेश महतो, उषा कुमारी, सुनीता देवी, यशोदा देवी, नमिता देवी, विमला देवी, रुकवा देवी, चेतलाल महतो, श्रवण महतो, बासुदेव महतो, सुखदेव महतो, रूपलाल महतो, प्रीतम महतो आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

# असंगठित मजदूर मोर्चा के एक दिवसीय प्रथम सम्मेलन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मधुबन स्थित गेस्ट हाउस में रविवार को असंगठित मजदूर मोर्चा का एक दिवसीय प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया। एक सितंबर 2023 को असंगठित मजदूर मोर्चा को रजिस्ट्रेशन मिलने के बाद यह पहला सम्मेलन है। जिसमे भारी संख्या में लोग भाग लेने पहुंचे थे। कार्यक्रम की शुरूआत संगठन ध्वज फहरा कर किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई और संगठन का गठन किया गया।

कार्यक्रम में किसान, मजदूर विरोधी नीति एवं मजदूर यूनियन को फूट डालने के खिलाफ से सम्बंधित विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित कई वक्ताओं ने अपनी अपनी बातों को लोगों के बीच रखा।

साथ ही सभी ने मजदूर पर हो रहे शोषण को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया। सम्मेलन में असंगठित मजदूर मोर्चा मधुबन शाखा का गठन भी किया गया। जिसमें अजित राय को अध्यक्ष, बसंत कर्मकार, द्वारका राय, सूरज तुरी को उपाध्यक्ष, मनोज कुमार महतो को सचिव, अनिल किस्कू, ठाकुर सिंह को सह सचिव बनाया गया जबकि मनसु कुमार हांसदा को कोषाध्यक्ष, जागेश्वर प्रसाद महतो को संगठन सचिव सहित कई लोगो को अन्य पदभार दिया गया। कार्यक्रम में रघुवर सिंह, कृष्णा कुमार, शंकर तुरी, नंदलाल महतो, रेशमी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# गिरिडीह ट्रैफिक पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

## दुर्घटना पर लगेगा ताला, जब पहनोगे सुरक्षा की माला



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
समाहरणालय से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान डीएसपी ट्रैफिक पुलिस अनूप बीपी करकेट्टा के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई। जिसको पूरा गिरिडीह के शहर में घुमाया और लोगों को जागरूक किया। डीएसपी ने बताया कि मोटरसाइकिल पर जब भी चले तो हेलमेट लगाकर चलें। जिससे लोग सुरक्षित रहेंगे, हेलमेट नहीं लगने पर यदि यातायात पुलिस ने पकड़ लिया तो उसे जुर्माना के तौर पर दंडित किया जायेगा और उसने यह भी बताया कि बाइक पर तीन लोड न चलें और जिनके पास लाइसेंस न हो, उन्हें भी लाइसेंस बना लेना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो उनको भी दंडित किया जायेगा। ई-रिक्शा वाले जो कम उम्र के लोग होते हैं, उन्हें चिन्हित कर भी दंडित किया जायेगा। यह अभियान 4 फरवरी से 15 फरवरी तक चलाई जायेगी।

इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस अनूप कुमार, राकेश कुमार, बबलू सिन्हा, जैकी खान, प्रदीप मंडल, बालेश्वर वर्मा, राज किरण, महेश कुमार राय, लखन यादव, कुलदीप राय, रवि, सुनील, कुंदन, जुगल किशोर, संतोष, विकास, रामप्रसाद आदि उपस्थित थे।

# प्रोन्नति पाने वाले इंस्पेक्टर वीरेंद्र टोप्पो के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी पुलिस इंस्पेक्टर वीरेंद्र टोप्पो को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति मिलने और उनका तबादला होने पर तिसरी इंस्पेक्टर ऑफिस में शनिवार की शाम विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें तिसरी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार, गांवा थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात, लोकाय थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार, मनसाडीह ओपी प्रभारी अभिषेक रंजन, देवरी थाना प्रभारी सूरज कुमार और भेलवाघाटी थाना प्रभारी अवधेश कुमार समेत कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

जहां सभी ने इंस्पेक्टर से डीएसपी बने वीरेंद्र टोप्पो को बधाई दिया। साथ ही जिले में पोस्टिंग होने की शुभकामनाएं भी दी। सभी ने डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो को उपहार स्वरूप सामग्रियां भेंट कर उनका अभिवादन किया।

समारोह में गांवा थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने कहा कि सर की विदाई का दुख तो है लेकिन उसके साथ-साथ उनकी प्रोन्नति की भी खुशी है। सर के साथ काम किए गये क्षण हमेशा यादगार रहेंगें। तिसरी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि सर का काम करने का तरीका बहुत ही अलग है। जूनियर अफसरों के प्रति भी उनका व्यवहार सदैव आदरणीय ही रहा है।

लोकाय थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार ने कहा कि पांच महीनों के दौरान सर का व्यवहार कार्य के दौरान भी मित्रतापूर्ण तो था ही इनके व्यवहार से कभी लगा ही नहीं कि सर हमारे सीनियर हैं। देवरी थाना प्रभारी सूरज कुमार ने कहा कि सर की सरलता और शालीनता बहुत ही प्रभावशाली है। उन्होंने हमेशा ही सपोर्ट किया है।

भेलवाघाटी थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने कहा कि कार्य के दौरान जब भी उन्हें जरूरत पड़ी सर ने भरपूर सहयोग किया है। ऐसे पदाधिकारी के नीचे कार्य करना सौभाग्य की बात है। डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नौकरी में आना-जाना लगा ही रहता है लेकिन इस क्षेत्र में किये गये कार्य और यहां के लोगों के साथ बिताये गये पल हमेशा यादगार रहेंगे। उन्होंने उपस्थित सभी थाना प्रभारियों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में खुद को शांत रखें। थाना प्रभारी का पद एक न्यायिक पद है। किसी भी समस्या को लेकर थाना आये लोगों से पारिवारिक सदस्य की तरह पेश आएं और ऐसा कार्य करें कि भविष्य में उनकी प्रशंसा सुनकर वे गौरवन्वित हों।

समारोह में एएसआई संजय टुडू, सुदर्शन बीन, मनोज कुमार, मंटू कुमार, मनीष दास, निरंजन कुमार, नीरज सिंह, सागर कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## एसडीपीओ के रूप में बिनोद रवानी ने प्रभार ग्रहण किया



**गिरिडीह।** गिरिडीह सदर के 30वां एसडीपीओ के रूप में बिनोद रवानी ने रविवार को पुलिस लाइन स्थित कार्यालय पहुंचकर प्रभार ग्रहण किया। एसडीपीओ कार्यालय में निवर्तमान एसडीपीओ अनिल सिंह ने नये सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी को कागजी खानापूर्ति के बाद प्रभार ग्रहण कराया। नव पदस्थापित एसडीपीओ बिनोद रवानी ने कहा कि सदर अनुमंडल में कानून व्यवस्था का अनुपालन उनकी प्राथमिकता होगी। हर गैर कानूनी कारोबार को रोकने के साथ ही असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर अपराध रोकने की दिशा में आम लोगों का सहयोग लिया जायेगा।

# गोद लिए गये रनियांटांड़ गांव का नहीं हुआ विकास : राजेश यादव

## बैठक कर जताया आक्रोश, माले के साथ जुड़कर लिया जन संघर्ष तेज करने का संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
कई वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा गोद लिए गये बेंगाबाद के रनियांटांड़ गांव का आज तक विकास नहीं हुआ तो दूसरे गांवों में विकास की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

उक्त बातें भाकपा माले नेता सह 'सिदो कान्हू जन संघर्ष मंच' के संरक्षक राजेश यादव ने आज रनियांटांड़ में आयोजित ग्रामीणों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक का आयोजन पार्टी के जिला सम्मेलन की तैयारी क्रम में गांव में ब्रांच पुनर्गठन को लेकर किया गया था। बैठक की अगुवाई रामलाल मुर्मू, डालो दास, राजू दास तथा महेश वर्मा ने की।

श्री यादव ने कहा कि, आज तक गरीबों को जाति-कौम-मजहब में बांटकर उनका वोट हथियाने वाले लोग जनता का भला कभी नहीं कर सकते। यहां तक कि प्रशासन भी नहीं क्योंकि वह सरकार की ही आधी-अधूरी नीतियों को लागू करता है। उन्होंने लोगों से आगामी 17-18 जनवरी को जमुआ में होने वाले पार्टी के दो दिवसीय जिला सम्मेलन को सफल करने की अपील की तथा नये सदस्यों को सदस्यता की शपथ भी दिलवाई।

पार्टी में जुड़ने वालों में मुख्य रूप से मुन्नी लाल दास, विजय दास, मेघू दास, किशोरी दास, डालो दास, जगलाल दास, टुपलाल दास, राजू दास, रोहित दास, कलावती देवी, लीलावती देवी, मंजू देवी, पार्वती देवी, गौरी देवी, केसिया देवी, राजेंद्र दास आदि थे।

# डुमरी में बाइक व कार में भिड़ंत, एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मधुबन थाना क्षेत्र के लटकटो के समीप टर्निंग में रविवार को अनियंत्रित होकर स्विफ्ट कार और बाइक में हुई टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद कार चालक भागने में सफल रहा।

बताया जाता है कि मधुबन थाना क्षेत्र के खपरबेड़ा निवासी स्व बासुदेव राय का पुत्र मनु राय बाइक से डुमरी से मधुबन जा रहा था। इसी दौरान लटकटो टर्निंग के समीप कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

इधर लोगों ने घायल बाइक चालक को 108 एंबुलेंस के माध्यम से डुमरी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद मनु राय को बेहतर इलाज के लिए धनबाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

# शीतलपुर स्मिथ फार्मा फैक्ट्री के गलत रवैये पर हुई जमकर नारेबाजी

## उसरी बचाओ अभियान समिति ने कहा हम उसरी नदी को बर्बाद नहीं होने देंगे



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
शीतलपुर में स्थित स्मिथ फार्मा द्वारा नदी का अतिक्रमण और कारखाने का पानी डायरेक्ट उसरी में डालने के खिलाफ स्थानीय युवा और बुजूर्ग ने जमकर नारेबाजी की है।

ज्ञात हो की सप्ताह भर पहले उसरी बचाव अभियान की टीम ने भी कोर कमिटी के नेतृत्व में निरीक्षण किया था। जिसमें इन चीजों को सही पाया था। आज उसमें थोड़ा सुधार दिखा अब कारखाना का पानी को शोकपीठ बनाकर रोका गया है किंतु यह परमामेंट इलाज नहीं है। आंदोलन को देखते हुए सिर्फ तत्काल रोक दिया गया है।

मांग है कि नदी के तरफ कैमरा लगाया गया है। महिलाएं इसमें स्नान करती हैं। यह भी ख्याल रखने की बात है कि मंदिर भी बना है। कारखाने के बगल में वह मान्य है किंतु मंदिर जब सार्वजनिक है तो आम आदमी को घुसने की अनुमति भी होनी चाहिए। आस-पास के लोगों ने यह भी बताया कि मंदिर जाने से रोका जाता है, इसमें भी तत्काल सुधार हो। गिरिडीह उपायुक्त, एसडीएम और नगर निगम को लिखित आवेदन भी दिया गया है। जल्द इस पर कार्य नहीं किया विभाग तो चरणबद्ध आंदोलन करेगा। आज उसरी बचाओ अभियान के कमिटी का भी विस्तार किया गया है।

बैठक की अध्यक्षता उसरी बचाव अभियान के राजेश सिन्हा ने की। वही संचालन कोर कमिटी के सूरज नयन ने की है जबकि कोर कमिटी के गुड्डू सिंह और संयोजक कमिटी के आलोक मिश्रा और प्रभाकर कुमार ने विस्तार से अभियान की चर्चा की है। इधर शीतलपुर कमिटी बनी है। जिसमें 60 नये युवा जुड़े हैं। जिसमें 21 युवा और बुजूर्ग को पद प्रभार दिया गया है। उसरी बचाव का पद प्रभार दिया गया है। इसमें अध्यक्ष उमेश चंद्रवंशी, चार उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। जिसमें रमेश चंद्रवंशी, सूरज सिंह, संदीप राम, पियूष हक सिन्हा हैं। कार्यकारणी में नीतीश चौधरी, सुमन पासवान, सोनू कुमार, ग्रीक, गोपाल शर्मा, सहराम, बिक्की राय, विक्की राम, प्रिंस चंद्रवंशी, विक्की साव, सोनू कुमार, रौशन कुमार राम आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सिमराढाब तालाब में अनियमितता की जांच करने पहुंचे जेई



**जेई कामेश्वर सिंह ने संवेदक को कहा निर्माण कार्य में काफी अनियमितता है, तोड़कर पुनः निर्माण करें**

**राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रमुखता से छपी थी खबर**

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के ग्राम पंचायत सिमराढाब में तालाब निर्माण में अनियमितता की जांच रविवार को जेई कामेश्वर सिंह ने किया। जिसमें भारी अनिमितता देखी गई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य मे भारी अनियमितता बरती गई है। ग्रामीणों की शिकायत सत्य पाया गया है। जांच में आये जेई ने ग्रामीणों की मौजदगी में गाडवाल में लगाये गये पत्थर को हाथ से हटाया तो अन्य सभी पत्थर भरभराकर कर गिर गया। जिसके बाद जेई ने संवेदक को फटकार लगाते हुए कहा कि इसमें काफी अनियमितता है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जेई ने ग्रामीणों की मौजूदगी में संवेदक को हिदायत देते हुए कहा लगाये गये सभी पत्थर को तोड़कर दोबारा इस्टीमीट के अनुरूप काम करें अन्यथा वह बिल पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। बता दें कि बीते वर्ष 2009 में इस तालाब का निर्माण कराया गया था। जो भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ने के कारण उसी वर्ष बारिश में बह गया था। तब स्थानीय लोगों ने विधायक विनोद सिंह को मामले से अवगत कराया और खरी-खोटी सुनाई थी तब उन्होंने ग्रामीणों को कहा था कि संवेदक के ऊपर कार्रवाई की गई है और ब्लैक लिस्टेड का हवाला देकर चुप कराया गया। पुनः इस योजना का शिलान्यास 12 दिसंबर 23 को किया गया। तालाब का शिलान्यास होने से ग्रामीण काफी खुश हुए लोगों को उम्मीद जगी की अब पुनः तालाब बनेगा। जिससे सिंचाई करने में काफी मदद होगी परंतू तालाब पुनः भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने लगा। अनियमितता देख ग्रामीणों की खुशी निराशाजनक साबित होने लगा लोगों की उम्मीदों में पानी फेर दिया। बता दें कि इस तालाब के निर्माण होने से सिमराढाब, बरवाचातर के 500 ग्रामीणों को सिंचाई में काफी मदद मिलती। जिससे 10 एकड़ की जमीन में सिंचाई की जाती लेकिन अनियमितता देखकर ग्रामीणों में हताशा है।

### जिला परिवहन कार्यालय में सेल्फी प्वाइंट के जरिये लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास




**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी के निर्देशानुसार यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। साथ ही सेल्फी प्वाइंट के पास सेल्फी लेकर सड़क सुरक्षा एवं यातायात के प्रति अपनी जिम्मेवारी के प्रति सजग किया गया। सभी लोगों से अनुरोध किया कि कभी भी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को देखें तो निष्पक्ष होकर आगे बढ़कर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को मदद करे या फिर नजदीकी अस्पताल में पहुंचाकर गुड समरितन बने। मौके पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन मोहम्मद वाजिद हसन, रोड सेफ्टी के कर्मी साकेत, जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी ने इस अभियान में उपस्थित रहे।

### तिसरी में हाइवा की चपेट में आने से दो की मौत, एक गंभीर रूप से घायल







**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी-खिजुरी मुख्य मार्ग पर गम्हरियाटांड स्थित भारत पेट्रोलियम पंप के समीप रविवार की शाम हाइवा की चपेट में आने से दो बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। उक्त तीनों बाइक सवार लोकाय थाना क्षेत्र के बरदौनी गांव के बताये जा रहे हैं। मृतक का नाम बुधन हेम्ब्रम, पिता सोमरा हेम्ब्रम और तालो हेम्ब्रम, पिता दुमका हेम्ब्रम बताये जा रहें हैं और घायलों के नाम राजेश मरांडी, पिता बजल मरांडी हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि तीन युवक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर खिजुरी से तिसरी की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से जा रहे एक हाइवा ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे बुधन हेम्ब्रम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राजेश मरांडी और तालो हेम्ब्रम गंभीर रूप से घायल होकर अचेत अवस्था में वहीं गिर पड़े। इस बीच हाइवा चालक उक्त वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय मुखिया किशोरी साव समेत अन्य लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मुखिया किशोरी साव ने 108 एम्बुलेंस सेवा को फोन करते हुए घटनाक्रम की जानकारी तिसरी थाने को दी। जिसके बाद एंबुलेंस से घायल दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया। जहां डॉक्टर जैनेंद्र और स्वास्थ्यकर्मी अनूप ने उनका प्राथमिक उपचार किया लेकिन स्थिति गंभीर रहने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जिसमें से घायल तालो हेम्ब्रम की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल राजेश की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इधर तिसरी पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुट गई है।

### राहुल गांधी ने देहाती होटल में ली चाय की चुस्की



**बेरमो।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को अपनी भारत जोड़ो नया यात्रा के दौरान जब बोकारो से रामगढ़ की ओर कूच कर रहे थे तो अचानक पेटरवार के निकट दातु स्थित एक देहाती होटल के पास रुक गये। वह साथ में चल रहे कांग्रेस नेताओं के साथ होटल में पहुंचे चाय की चुस्की ली। बिस्किट का भी आनंद लिया। होटल मालिक मुकेश कुमार ने बताया कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि राष्ट्रीय नेता ने उसके होटल में रुककर चाय पी। इस बात का अंदाजा उसे पहले से नहीं था। यदि यह जानता कि राहुल गांधी उसके होटल में रुकने वाले हैं, तो उनके स्वागत में और कुछ करने की तैयारी कर लेता। होटल के मैनेजर अशोक बेदिया ने बताया कि बीस मिनट पहले न्याय यात्रा से जुड़े लोग होटल पहुंचे और कहा कि राहुल गांधी यहां चाय पीयेंगे। इसके बाद सुरक्षा में लगे लोग पहुंचे और जायजा लिया।

# शहरीकरण हो पर विनाश की कीमत पर नहीं

***अघोषित*** रूप में हम दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश बन चुके हैं और उसका दबाव सबसे ज्यादा गांवों पर पड़ा है। शहरीकरण का दृष्टिकोण हर व्यक्ति, हर समाज और हर वर्ग के लिए भिन्न होता है। इसमें समग्रता, सततता और संपूर्णता का नितांत अभाव पाया जाता है। वर्तमान में शहरों के विकास की चर्चा में मूलतः सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जाती है। सिकुड़ते या लुप्त होते फुटपाथ, उजड़ती हरियाली, बढ़ता धुआं, बेतरतीब बाजारों का विकास, अवैध बस्तियां, विनाशकारी गगनचुंबी इमारतें, अनियोजित नगरीय योजना, अतिक्रमण, जल-मल निकास की अपर्याप्त व्यवस्था, बंद होती नालियां, पर्यावरण के लिए नुकसानदेह परिवहन, अनियंत्रित वाहन बिक्री, बिगड़ती / अनियंत्रित कानून व्यवस्था, शायद यही शहरों की पहचान बन गये हैं। नीति निर्धारकों एवं कार्यपालिका का संपूर्ण ध्येय या तो शहर को सुंदर बनाना या गाड़ियों के लिए सहज मार्ग विकसित करने तक रह गया है। इसके लिए इन दिनों एक नया चलन चला है- चौराहों को सिग्नल फ्री करने का। लेकिन पैदल यात्री या साइकिल या अन्य पर्यावरण सम्मत साधन कैसे चलेंगे, यह किसी के जेहन में नहीं है। जबकि 80 प्रतिशत से अधिक आबादी अब भी पैदल या सार्वजनिक परिवहन की मोहताज है। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी निजी वाहनों का उपयोग अनुकूल नहीं है। ऐसे में, सिग्नल फ्री चौराहों की परियोजनाओं पर असीमित व्यय न्यायसंगत नहीं लगते। राजस्थान में कोटा शहर को सिग्नल फ्री बनाने की कवायद तो की गई, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सशक्त बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से समावेशी विकास की ओर कदम बढ़ाया गया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सिर छिपाने की जगह मिल सके। इससे समावेशी समाज की संकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी। इसी प्रकार छोटे कारोबारियों, रेहड़ी वालों आदि के लिए भी व्यापक कार्यक्रम की आवश्यकता है, ताकि वे निरंतर विस्थापित होने से बचकर अपनी आजीविका कमा सकें। राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में 26 प्रतिशत के भागीदार सूक्ष्म एवं छोटे, अनौपचारिक कारोबारी हैं, जिन्हें अक्सर विस्थापित किया जाता है। जबकि शहरी जीवन के लिए यह वर्ग जीवनरेखा के रूप में कार्य करता है। नई नगरीय योजनाओं में तकनीक सुलभता के बावजूद समेकित सेवाओं का अभाव परिलक्षित होता है। सड़कों, गलियों और उद्यानों में इतनी गाड़ियां होती हैं कि न तो पैदल चलने की जगह रह पाती है और न ही ठीक से सफाई कार्य हो पाता है। शहरों के विकास में सर्वाधिक अहम भूमिका सार्वजनिक परिवहन की रहती है, जिसके बिना व्यापार एवं सामान्य जीवन निजी वाहनों पर निर्भर रहता है और वातावरण प्रदूषित होता रहता है।

**सिकुड़ते या लुप्त होते फुटपाथ, उजड़ती हरियाली, बढ़ता धुआं, बेतरतीब बाजारों का विकास, अवैध बस्तियां, विनाशकारी गगनचुंबी इमारतें, अनियोजित नगरीय योजना, अतिक्रमण, जल-मल निकास की अपर्याप्त व्यवस्था, बंद होती नालियां, पर्यावरण के लिए नुकसानदेह परिवहन, अनियंत्रित वाहन बिक्री, बिगड़ती / अनियंत्रित कानून व्यवस्था, शायद यही शहरों की पहचान बन गये हैं। नीति निर्धारकों एवं कार्यपालिका का संपूर्ण ध्येय या तो शहर को सुंदर बनाना या गाड़ियों के लिए सहज मार्ग विकसित करने तक रह गया है। इसके लिए इन दिनों एक नया चलन चला है- चौराहों को सिग्नल फ्री करने का। लेकिन पैदल यात्री या साइकिल या अन्य पर्यावरण सम्मत साधन कैसे चलेंगे, यह किसी के जेहन में नहीं है। जबकि 80 प्रतिशत से अधिक आबादी अब भी पैदल या सार्वजनिक परिवहन की मोहताज है।**


लाल रणविजयनाथ शाहदेव की जयंती पर विशेष

# अलग झारखंड राज्य के अटल-आंदोलनकारी लाल रणविजय



डॉ. कोरनेलियुस मिंज (सहायक अध्यापक, गोस्सनर कॉलेज रांची)

''स्वतंत्रता तेहें चाही लाल लहूक धार'' जैसी देश-भक्ति से ओत-प्रोत कविता रचने वाले नागपुरी कवि, गीतकार और आंदोलनकारी लालरण विजयनाथ शाहदेव ने झारखंड राज्य के पुनर्गठन में सक्रिय भूमिका निभायी थी। उनके मन में अलग राज्य के लिए आंदोलन करने की प्रबल इच्छा खरसावां की शहादत भूमि से जागृत हुई थी। जब वे अपने पिताजी पालकोटगढ़ के राजा छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव के साथ 1952 ई में सरायकेला खरसावां शहीद स्थल देखने गये थे। वहीं पर शहीद स्थल की पावन माटी को मुट्ठी में लेकर कसम खायी कि झारखंडियों के लिए अलग राज्य की लड़ाई लड़ेंगे। इस बीच मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव के घर अक्सर राजाडेरा करमटोली आया करते थे। अंततः उनसे प्रभावित होकर औपचारिक रूप से झारखंड पार्टी में 1957 ई में शामिल हुए और झारखंड आंदोलन में कूद पड़े। वे इसके लिए वीर रस के नागपुरी गीतों और कविताओं की रचनाएं करने लगे। उनकी रचनाएं लोगों के रोंगटे खड़े कर देने वाली होती थीं। हास्य कविता और व्यंग्य कविता लेखन में पकड़ अच्छी थी। एक बार रांची के टैगोर हिल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने व्यंग्य हास्य कविता गांधीक नाम बेइच के आपन पेट भरू प्रस्तुत किया था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। उनकी जागरण कविता -''नरसिंघा बाजी आब फिर नागपुर देस में आमजनों के बीच खूब लोकप्रिय हुआ। उन्होंने 500 से अधिक गीत और कविताओं की रचना की हैं, जिनमें 250 से अधिक आकाशवाणी रांची से प्रसारित हुई हैं। लाल रणविजय नाथ शाहदेव हिंदी फिल्मी गाना भी गाते थे। उनकी पत्नी श्यामा देवी को नागपुरी गीत उतने पसंद नहीं थे। इसलिए प्रारंभ में वे अपनी धर्म पत्नी को हिंदी फिल्मी गाना गाकर सुनाते थे। उन्होंने बकायदा शास्त्रीय संगीत की शिक्षा भी प्राप्त की थी। आरंभ में वे नागपुरी में नहीं अपितु हिंदी में गायन करके अपने दोस्तों का मनोरंजन करते थे। गजल में उनकी पकड़ थी। पुराने हिंदी फिल्मी गीतों के भी शौकीन थे। गीत-गोविंद के साथ-साथ उनका मन अलग राज्य के लिए रमा हुआ था। इसी में रत रहते थे। 1963 ई में जब झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने दिल्ली में पंडित जवाहर लाल नेहरू के समक्ष विरोध किया था। उनके नेतृत्व में 21 जलाई 1963 ई. में बहुबाजार में विशाल सभा आयोजित की गयी। इस सभा में झारखंड पार्टी को बनाये रखने का निर्णय लिया गया। लाल रणविजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में ही 27, 28 एवं 29 सितंबर 1963 को वीरमित्रापुर में विशाल जुलूस निकाला गया। अलग राज्य के लिए आंदोलन करने के कारण उन्हें 3 जून 1968 ई में जेल भी जाना पड़ा। झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय करने के बाद जब जयपाल सिंह मुंडा पुनः झारखंड पार्टी में आना चाहते थे, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने उनसे कहा था - आगे गुरू रहंय, आब गरू बटे गेलंय। इसे सुनकर मरांग गोमके भी ठहाका लगाकर हंस पड़े थे और लाल रणविजय नाथ से वादा किया था - मोंय घुरत हों, मोंय आवत हों। आब दोहरायके आंदोलन खड़ा करब। हालांकि इस वचन को देने के बाद जयपाल सिंह मुंडा की अचानक मृत्यु हो गयी। लाल रण विजय नाथ शाहदेव अलग राज्य के लिए 1977 ई. में तात्कालीन गृहमंत्री चैधरी चरण सिंह से अलग राज्य पर हुई वार्ता में शामिल हुए। उसके बाद 1999 ई. में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी के साथ हुई अलग राज्य वार्ता में भी शरीक थे। लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने अलग राज्य झारखंड नाम के लिए उनके समक्ष मजबूती से तर्कपूर्ण विचार रखा और इसी नाम से अलग राज्य का गठन भी हुआ। लाल रणविजय नाथ शाहदेव नागपुरी कला संगम के निदेशक और नागपुरी प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने पझरा और नागपुरी पत्रिका का संपादन किया। उनकी कुछ प्रकाशित पुस्तकें और पत्रिकाएं हैं जिनमें पूजा कर फूल 1984, खोता नागपुरी काव्य 1985, खुखड़ी रूगड़ा संपादन 1985, पझरा पत्रिका 1985, जागी जवानी चमकी बिजुरी 1986 शामिल हैं। लाल रणविजय नाथ शाहदेव को कई सम्मानों से सम्मानित भी किया गया। इन सम्मानों में झारखंड विधान सभा स्थापना दिवस के अवसर पर 22 नवंबर 2017 को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दूरदर्शन सम्मान 2011, नागपुरी संस्थान पिठोरिया से 2014 में स्वर्ण सम्मान, 2014 में प्रफुल्ल सम्मान, 2015 में लोक सेवा समिति से झारखंड रत्न सम्मान मुख्य रूप से शामिल है। ऐसे अलग राज्य के आंदोलन में अटल रहने वाले वीर माटी पुत्र लाल रणविजय नाथ शाहदेव का जन्म 5 फरवरी 1940 ई. में हुआ था। उनके पिता का नाम छोटेलाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव और माता का नाम सीता देवी था। उनका विवाह श्यामा देवी से 1959 ई. में हुआ। उनके तीन बच्चे हैं निर्मला देवी, अजय नाथ शाहदेव और राजश्री सिंहदेव। भले ही लाल रणविजय नाथ शाहदेव अलग राज्य का सपना साकार कर इस धराधाम से 18 मार्च 2019 को विदा हो गये, किंतु हमारे लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।



**लाल रणविजय नाथ शाहदेव हिंदी फिल्मी गाना भी गाते थे। उनकी पत्नी श्यामा देवी को नागपुरी गीत उतने पसंद नहीं थे। इसलिए प्रारंभ में वे अपनी धर्म पत्नी को हिंदी फिल्मी गाना गाकर सुनाते थे। उन्होंने बकायदा शास्त्रीय संगीत की शिक्षा भी प्राप्त की थी। आरंभ में वे नागपुरी में नहीं अपितु हिंदी में गायन करके अपने दोस्तों का मनोरंजन करते थे। गजल में उनकी पकड़ थी। पुराने हिंदी फिल्मी गीतों के भी शौकीन थे। गीत-गोविंद के साथ-साथ उनका मन अलग राज्य के लिए रमा हुआ था। इसी में रत रहते थे। 1963 ई में जब झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने दिल्ली में पंडित जवाहर लाल नेहरू के समक्ष विरोध किया था। उनके नेतृत्व में 21 जलाई 1963 ई. में बहुबाजार में विशाल सभा आयोजित की गयी। इस सभा में झारखंड पार्टी को बनाये रखने का निर्णय लिया गया। लाल रणविजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में ही 27, 28 एवं 29 सितंबर 1963 को वीरमित्रापुर में विशाल जुलूस निकाला गया। अलग राज्य के लिए आंदोलन करने के कारण उन्हें 3 जून 1968 ई में जेल भी जाना पड़ा। झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय करने के बाद जब जयपाल सिंह मुंडा पुनः झारखंड पार्टी में आना चाहते थे, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने उनसे कहा था - आगे गुरू रहंय, आब गरू बटे गेलंय।**

## आपकी बात

### समाचार पूर्ण हैं कार्टून से संपूर्ण हो अखबार



देवेश कु घोष

'राष्ट्रीय नवीन मेल' के मूल्य वृद्धि का समर्थन करता हूँ। झारखंड प्रांत के प्रत्येक कोने की निष्पक्षता के साथ प्रतिवेदित खबर मिल जाती है। पड़ोसी प्रांत एवं देश के भी यथा संभव संग्रहीत समाचार भी प्राप्त होते रहते हैं। प्रत्येक दिन के सुबह की शुरूआत 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के साथ सुखद होता है। पाठकों की दोस्ती इस हिन्दी दैनिक के साथ गहरी होती जा रही है। मूल्य वृद्धि लाजमी है। अखबार यदि साहित्य को भी अहमियत दे तो पाठक, लेखक और कवियों की सृजन क्षमता बढ़ेगी। विद्यालय के बच्चों की रचनाओं के लिए भी यदि अलग से जगह दी जाय तो गुणवत्ता और बढ़ जायेगी। शिशु और बाल वयस द्वारा बनाये गये स्केच और पेंटिंग दिखें तो उत्साहवर्धन होगा। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' कार्टून प्रेषण से अभी तक अछूता है। शुभकामनायें!
**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

### खराब एसबीआई एटीएम से ग्राहक परेशान

चतरा जिले के करमा प्रखंड में संचालित एसबीआई का एटीएम पिछले दस दिनों से खराब है। प्रखंड में एक ही एटीएम है। जिसके कारण ग्राहकों को काफी परेशानी होती है। इसको लेकर लोगों को कई जरूरी काम नहीं हो पाते है। प्रखंड में इसके अलावा एक ग्रामीण बैंक है। वह मुख्यालय में है। लेकिन इसमें एटीएम की सुविधा नहीं है। दस पंचायत वाला प्रखंड में इकलौता एटीएम है। जो माह में अधिक समय खराब ही रहता है।

**- विकास अग्रवाल**

### शब्दों की पहचान

शब्दों की पहचान में
अभिव्यक्ति शायद बेमतलब हो गई
नहीं-नहीं शायद
नई धरती की तलाश में
कहीं आगे बढकर उलक्ष गई
संज्ञा-सर्वनाम के झगड़े में।
शब्दों की पहचान में
अभिव्यक्ति शायद बेमतलब हो गई
एक सोच, जिन्दगी जिए पूरी तरह
कभी-कभी, विरोधाभास का आभास दिलता
शायद, विश्राम की अवस्था से
आभास दे रही गतिशीलता की
शब्दों की पहचान में ।

**- नाग मणि**

शिक्षा-जगत

# झारखंड निर्माण में आडवाणी की भूमिका



डॉ मयंक मुरारी

***झारखंड*** राज्य बनाने में आडवाणी की बड़ी भूमिका रही है। यही कारण है कि जब 15 नवंबर, 2000 को झारखंड राज्य बन रहा था, उस समय राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह में खुद आडवाणी भी मौजूद थे। भारत रत्न सम्मान प्राप्त लालकृष्ण आडवाणी की झारखंड निर्माण में अहम भूमिका रही। अग्रणी झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर के अनुरोध पर श्री आडवाणी ने पहली बार खुलकर अलग राज्य निर्माण और उसका नाम वनांचल की बजाय झारखंड रखने की घोषणा की थी। आडवाणी जी की पहल के कारण पहली बार कोई झारखंड आंदोलनकारी संगठन भाजपा के समर्थन में आगे आया था और आजसू के रूप में भाजपा को एक विश्वस्त सहयोगी मिला। यह घटना 1999 के लोकसभा चुनाव के समय की है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सरयू राय और दीपक प्रकाश ने झारखंड आंदोलनकारी नेता एवं आजसू के तत्कालीन केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर से संपर्क किया और बताया कि वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवानी झारखंड मसले पर आजसू नेताओं के साथ बातचीत करना चाहते हैं। आजसू नेताओं की स्वीकृती मिलने के बाद 13 सितंबर 1999 को आडवाणी जी का रांची दौरा सुनिश्चित हुआ। तय हुआ कि रांची हवाई अड्डा के वीआईपी लाउंज में ही आजसू नेताओं से बातचीत होगी और प्रेस कांफ्रेंस भी होगा। 13 सितंबर को रांची हवाई अड्डा पर प्रवीण प्रभाकर के नेतृत्व में आजसू नेताओं की लालकृष्ण आडवाणी से बातचीत हुई, जिसमे सुदेश महतो, स्व कमल किशोर भगत, हसन अंसारी एवं ललित महतो भी उपस्थित थे। श्री आडवाणी ने अलग राज्य बनाने का वायदा किया और लोकसभा चुनाव में आजसू का समर्थन मांगा। प्रवीण प्रभाकर ने तथ्यों के साथ श्री आडवाणी से अनुरोध किया कि इस इलाके का पुराना प्रचलित सर्वमान्य नाम झारखंड है, अतः भाजपा वनांचल की बजाय झारखंड नाम स्वीकार करे। इसपर आडवाणी जी ने कहा कि हमें झारखंड नाम से परहेज नहीं है। बातचीत के बाद रांची हवाई अड्डे की कैंटीन में एक ऐतिहासिक प्रेस कांफ्रेंस हुआ। इसमें आजसू की ओर से प्रवीण प्रभाकर ने अलग राज्य देने तथा उसका नाम झारखंड रखने के की आडवाणी जी के वायदे के आलोक में लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की।



बोधि वृक्ष

## एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

गुफा संख्या 16 एलोरा का कैलाश मंदिर है, जो विश्व की सबसे बड़ी एकाश्म संरचना है। कैलाश मंदिर 300 फुट लंबा और 175 फुट चौड़ा है, और इसे 100 फुट से भी ऊँची एक सीधी ढाल से उकेरा गया है। कई अन्य प्राचीन शैल संरचनाओं के विपरीत यह मंदिर परिसर नीचे से ऊपर की बजाय ऊपर से नीचे तक बनाया गया था। यह काम एक छेनी और हथौड़े से किया गया था। इसके निर्माण में मचानों का इस्तेमाल नहीं किया गया था। खुदाई के आकार और डिजाइन की भव्यता के कारण यह गुफा भारतीय वास्तुकला की एक बेजोड़ कृति है।

**एलोरा- गुफा 16 स्रोत- संबंधित इतिहास**

मध्ययुगीन काल से ऐसे कई प्रामाणिक एवं अप्रामाणिक साहित्यिक साक्ष्य मिलते हैं, जिनके अनुसार इस शैल मंदिर को मणिकेश्वर गुफा मंदिर कहा जाता है, क्योंकि इसे एलापुर साम्राज्य की एक रानी, मणिकवती द्वारा बनवाया गया था। एक कहावत की मानें, तो अलाजपुरा (वर्तमान महाराष्ट्र के अमरावती ज़िले का आधुनिक एलीचपुर) के एक राजा, पिछले जन्म में किये गये पापों के कारण एक असाध्य बीमारी से पीड़ित थे। एक बार राजा शिकार पर महिसमाला (एलोरा के पास म्हाई-समाला) गये। राजा के साथ शिकार पर गई रानी ने भगवान घृष्णेश्वर की पूजा की और यह प्रतिज्ञा की कि यदि राजा की बीमारी ठीक हो गई, तो वह भगवान शिव के सम्मान में एक मंदिर बनवायेगी। राजा ने महिसमाला के तालाब में स्नान किया जिसके बाद उनकी बीमारी ठीक हो गई। रानी बहुत खुश हुईं और उन्होंने माँग की कि राजा तुरंत मंदिर का निर्माण शुरू करें, ताकि वह अपनी मन्नत पूरी कर सकें।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# सक्सेस में नॉलेज के साथ बिहेवियरिल कम्यूनिकेशन अहम



दिलीप कुमार श्रीवास्तव

***वैश्विक*** स्तर पर तकनीक में परिवर्तन लगातार हो रहा है। मानवीय कुशलता और तकनीकी आवश्यकता के बीच में अंतर लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आईटी की मांग के अनुरुप प्रोफेसनल को अपने में बदलाव लाना काफी चुनौतीपूर्ण है। बदलाव के अनुसार अपनी कुशलता को प्रूव और इंप्रूव करनेवालों का ही आईटी क्षेत्र है। उक्त बातें इंफोसिस के सीनियर डायरेक्टर और एनआरआई दिलीप कुमार ने कहीं। वह अमेरिका में नॉर्थ कोरोलिना में निवास करते है। अपने बिजनेस के सिलसिले में भारत आये थे। उन्होंने विशेष भेंट में आईटी प्रोफेसनल की संख्या एवं उसमें क्वालिटी तथा मांग के बीच के अंतर पर बातचीत की। दिलीप कुमार ने बताया कि छोटे शहरों के प्रोफेसनल के पास नॉलेज एवं अच्छे इंस्टयूशन का एक एक्सट्रा ऐज होता है, लेकिन इसे केस स्टडी, मल्टीडाइमेंशनल एप्रोच, कम्यूनिकेशन और बिहेवियर के साथ जोड़ लिया जाए, तो जीवन में सफलता निश्चित है। सबसे महत्वपूर्ण एक आईटी प्रोफेसनल में स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ सेल्फ मोटिवेशन का गुण हो। इसके साथ प्रोब्लम सॉल्विंग स्किल, टाइम मैनेजमेंट के साथ सुनने की काबिलियत होनी चाहिए। आईटी में नौकरी कैसे पाएं ? दिलीप कुमार ने बताया कि यदि आप आईटी कार्य में रुचि रखते हैं, तो कोर्स के अलावा सर्टिफिकेशन, नेटवर्किंग, अपने आइटी स्किल को बेहतर करने की सोचे। पहले चरण में नौकरी खोजना जरूरी है। नौकरी मिलने के बाद उसको बेहतर करने पर काम करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हम अगले पांच वर्षों में कई संगठनों, व्यवसायों और उद्योगों में क्लाउड कंप्यूटिंग में बड़े बदलाव की उम्मीद कर सकते हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग के विकल्पों में भी अधिक प्रगति होगी, जिसमें एज कंप्यूटिंग और फॉग कंप्यूटिंग शामिल हैं। आईटी सेक्टर में जॉब की संभावना बहुत है। आईटी में करियर का मतलब किसी स्टार्टअप या प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता के लिए काम करना नहीं है। आईटी पेशेवर निजी, सार्वजनिक और गैर-लाभकारी क्षेत्रों में नौकरियों के साथ विभिन्न उद्योगों में काम करते हैं।

**सबसे महत्वपूर्ण एक आईटी प्रोफेसनल में स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ सेल्फ मोटिवेशन का गुण हो। इसके साथ प्रोब्लम सॉल्विंग स्किल, टाइम मैनेजमेंट के साथ सुनने की काबिलियत होनी चाहिए।**

## टेक वर्ल्ड

### वाईफाई को इन 4 स्टेप्स में फास्ट कर सकते हैं

ऑप्शन का इस्तेमाल करके आप अपने वाईफाई राउटर को रिफ्रेश कर सकते हैं और इसकी स्पीड को काफी हद तक बढ़ा सकते हैं जिसके बाद आपको दफ्तर के काम करने में किसी तरह की रुकावट नहीं आयेगी।



**ऑप्टिमाइजेशन का मिलता है ऑप्शन :** आपको वाईफाई ऑप्टिमाइजेशन का ऑप्शन ऐप में मिल जाता है और आपके राउटर की स्पीड अगर कम हो चुकी है तो आप ऑप्टिमाइजेशन एक्टिवेट करके इसकी स्पीड बढ़ा सकते हैं। इस पूरे प्रोसेस में कुछ मिनटों का समय जरूर लगता है लेकिन वाईफाई फुल स्पीड में काम करने लगता है और डाउनलोडिंग स्पीड भी बढ़ जाती है।

**वायरिंग में दिक्कत से हो सकती है समस्या**

वायरिंग में कई बार दिक्कत आने की वजह से भी इंटरनेट स्पीड प्रभावित हो जाती है ऐसे में आपको राउटर के पिछले हिस्से में लगे हुए पावर केबल के साथ ही इंटरनेट केबल को भी चेक कर लेना चाहिए और दोबारा से इसे निकाल कर लगाना चाहिए उससे इंटरनेट की स्पीड पहले जैसी हो जाती है।

**पावर बटन का करें इस्तेमाल**

अगर वाईफाई के राउटर की स्पीड लगातार घटती ही जा रही है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि राउटर के पिछले हिस्से में एक पावर बटन दिया जाता है, अगर बार-बार इंटरनेट फ्लकचुएट कर रहा है तो आपको इस पावर बटन को ऑन ऑफ करके देखना चाहिए ज्यादातर मामलों में इसी से इंटरनेट सही हो जाता है।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# उत्तराखंड : पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट को दी मंजूरी

**एजेंसी। देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में रविवार सायं मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में सामान नागरिक संहिता (यूसीसी) ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी गयी। सोमवार (05) फरवरी से उत्तराखंड विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। इस सत्र के दौरान राज्य सरकार विधानसभा के पटल यूसीसी कानून को रख सकती है। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सतपाल महाराज, धन सिंह रावत, गणेश जोशी, रेखा आर्या सहित अन्य मंत्री मौजूद रहे। विधानसभा चुनाव-2022 से पूर्व सरकार ने राज्य की जनता से भारतीय जनता पार्टी के संकल्प के अनुरूप उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। इस घोषणा का भारी बहुमत से स्वागत किया गया था। परिणामस्वरूप राज्य में भारतीय जनता पार्टी की पुनः सरकार गठित हुई और केन्द्रीय नेतृत्व में पुष्कर सिंह धामी पर मुख्यमंत्री के रूप में विश्वास व्यक्त किया गया। इस वादे के मुताबिक धामी सरकार गठन के तुरंत बाद ही पहली राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति बनाई। इस समिति में सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली, समाजसेवी मनु गौड़, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह व दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल को सम्मिलित किया गया। समिति ने 22 अगस्त 2022 को दो उप समितियों का गठन किया गया, जिसमें से एक उपसमिति का कार्य संहिता का प्रारूप तैयार करने का था। दूसरी उपसमिति का कार्य प्रदेश के निवासियों से सुझाव आमंत्रित करने के साथ ही संवाद स्थापित करना था। समिति ने देश के प्रथम गांव माणा से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में सभी वर्ग के लोगों से सुझाव प्राप्त किये गये। इस दौरान कुल 43 जनसंवाद कार्यक्रम किये गये और प्रवासी उत्तराखंडी भाई-बहनों के साथ 14 जून 2023 को नई दिल्ली में चर्चा के साथ ही संवाद कार्यक्रम पूर्ण किया गया।




## श्रीलंकाई नौसेना ने 23 मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जिले के कई मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने के बाद तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में रविवार को मछुआरा संघों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की धमकी दी।श्रीलंकाई नौसेना ने शनिवार को रामेश्वरम और थंगाचीमादम से 23 मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी मोटर वाली दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया। मछुआरे नेदुनथीवु में मछली पकड़ने में लगे हुए थे जब उन्हें श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया।उपलब्ध जानकारी के अनुसार, श्रीलंकाई अधिकारी 23 मछुआरों को माइलिटी बंदरगाह ले गए हैं और उन्हें अदालत में पेश किए जाने की संभावना है।मछुआरा संघों द्वारा रविवार को थंगाचीमादम में एक तत्काल बैठक बुलाई गई, जहां एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें केंद्र से श्रीलंका के 23 मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने की अपील की गई।

# भ्रष्टाचार के मामलों में फंसे नायडू जगन को मिला पलटवार का मौका

**एजेंसी। अमरावती**

पिछले साल सितंबर में भ्रष्टाचार के एक मामले में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा उनके खिलाफ चार और मामले दर्ज किए जाने से राजनीतिक चर्चा बदल गई। राज्य में आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होने वाले हैं।पहली बार, इसने सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) को नायडू पर पलटवार करने का अवसर प्रदान किया, जो अक्सर अपने सार्वजनिक भाषणों में जगन को ₹ए1₹ (अभियुक्त नंबर एक) कहकर ताना मारते रहते हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी अपने खिलाफ लंबित सीबीआई और ईडी मामलों के कारण टीडीपी के निशाने पर रहे हैं।कथित कौशल विकास निगम घोटाले में नायडू की गिरफ्तारी और उसके बाद उनके खिलाफ दर्ज मामले स्पष्ट रूप से वाईएसआरसीपी द्वारा यह संदेश देने का एक प्रयास था कि वह बोर्ड से ऊपर नहीं हैं।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जगन, जिन्होंने 2012-13 में लगभग 16 महीने जेल में बिताए थे, अपने सबसे बड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को सलाखों के पीछे देखना चाहते थे और नायडू के 52 दिन जेल में बिताने से वह सफल हुए।उनका कहना है कि वाईएसआरसीपी अब टीडीपी पर पलटवार करते हुए कह सकती है कि उसके प्रमुख भी जेल जा चुके हैं।73 वर्षीय नायडू को अपने चार दशकों से अधिक के राजनीतिक करियर में कभी भी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया था। वह अक्सर जगन को चुनौती देते थे और उन्हें याद दिलाते थे कि उनके पिता दिवंगत वाई.एस. राजशेखर रेड्डी भी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने में सफल नहीं हो सके।नायडू को सीआईडी ने 9 सितंबर को कुरनूल में एक बस से भारी नाटक के बीच कौशल विकास निगम से धन की हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, जब वह 2015 में मुख्यमंत्री थे।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।पुलिस ने कहा कि जिले के सलोरा इलाके में उनकी कार दो ट्रकों से टकरा गई, जिससे कार सवार लोग हताहत हो गये।पुलिस ने बताया कि कार जम्मू से उधमपुर की ओर जा रही थी जब यह दुःखद घटना घटी। कार दो ट्रकों से टकरा गई जिससे उसमें सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।एक पुलिस अधिकारी ने कहा, उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने चार घायलों को मृत घोषित कर दिया। पांचवें घायल को उधमपुर शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है।

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, 12 बोर का रायफल व पिस्टल बरामद




**सुकमा।** जिले के थाना भेजी क्षेत्रान्तर्गत रविवार को सुरक्षाबल व नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। कोंटा एरिया कमेटी के नक्सली एसीएम सोढ़ी गजेंद्र, एसीएम पोड़ियम हड़मा एवं कोंटा एलओएस कमाण्डर दुर्गो कोसी सहित 15-20 नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं सीआरपीएफ 219 की संयुक्त टीम के द्वारा विशेष नक्सल अभियान संचालित किया गया था।सर्च अभियान के दौरान आज रविवार को सुरक्षाबलों एवं नक्सलियों के बीच नागाराम-पांताभेजी के बीच जंगलों में मुठभेड़ हुआ। मुठभेड़ में डीआरजी एवं बस्तर फाईटर्स के जवानों के द्वारा एक नक्सली को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ स्थल के सर्चिंग के दौरान मौके से मारे गये नक्सली के शव के साथ एक नग 12 बोर राइफल एवं एक नग पिस्टल एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गये नक्सली के शव की शिनाख्तगी की जा रही है। सुरक्षाबलों के द्वारा आस-पास के इलाके में सर्चिंग जारी है।

# न्याय वितरण पर दुनिया को बहुत कुछ दे सकता है भारत: राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि आज भारत वैश्विक विमर्श में एक प्रमुख हितधारक के रूप में उभरा है। ऐसे में न्याय वितरण में अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत के पास देने के लिए बहुत कुछ है। भारत न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि सबसे पुराना लोकतंत्र भी है। उस समृद्ध और लंबी लोकतांत्रिक विरासत के साथ, हम आधुनिक समय में न्याय वितरण में अपनी सीख दुनिया से साझा कर सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन (सीएलईए) - कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएएसजीसी) 2024 के समापन समारोह में भाग लिया और इसे संबोधित किया। कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि हमारे संविधान की प्रस्तावना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात करती है। न्याय वितरण के विषय में हमें सामाजिक न्याय सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरे का सामना कर रही दुनिया में अब हमें पर्यावरणीय न्याय को भी इसमें जोड़ना चाहिए। पर्यावरणीय न्याय के मुद्दे अक्सर सीमाओं में बंधे हुए नहीं हैं। यह सम्मेलन के मुख्य विषय 'न्याय वितरण में सीमा पार चुनौतियां' से भी जुड़ा है। राष्ट्रपति ने कहा कि सही और उचित ही तार्किक रूप से भी सही प्रतीत होता है। यह तीन गुण मिलकर किसी समाज की नैतिक व्यवस्था को परिभाषित करते हैं। कानूनी पेशे और न्यायपालिका के प्रतिनिधि ही व्यवस्था बनाए रखने में मदद करते हैं। इस व्यवस्था को चुनौती मिलने पर वकील या न्यायाधीश, कानून के छात्र या शिक्षक के रूप में यही लोग इसे फिर से सही करने के लिए सबसे अधिक प्रयास करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सीएलईए ने एक साझा भविष्य के लिए एक रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी ली है। यह समानता और गरिमा पर आधारित प्राकृतिक न्याय के बुनियादी सिद्धांतों को रेखांकित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रमंडल अपनी विविधता और विरासत के साथ, बाकी दुनिया को सहयोग की भावना से आम चिंताओं को दूर करने का रास्ता दिखा सकता है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन में विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों के डीन, कुलपतियों और विद्वान के साथ-साथ वरिष्ठ छात्रों की भागीदारी से समृद्ध हुई होगी। उन्होंने कहा कि युवा दिमाग लचीले होते हैं और उन समस्याओं के लिए नवीन और आउट-ऑफ-द-बॉक्स समाधान पेश कर सकते हैं, जिन्होंने सबसे अनुभवी पेशेवरों को चुनौती दी है।




# आप-कांग्रेस उम्मीदवार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 5 को

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा चंडीगढ़ नगर निगम (सीएमसी) के नतीजों पर रोक लगाने से इनकार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक के मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, सीजेआई डी.वाई.चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 5 फरवरी को मामले की सुनवाई करेगी। पिछले हफ्ते, कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए शीर्ष अदालत से निर्देश मांगे थे। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा मेयर पद के लिए 30 जनवरी को हुए चुनाव परिणामों पर रोक लगाने पर अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद कुलदीप कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। आप और कांग्रेस पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कोई अंतरिम राहत नहीं दी, लेकिन एक नोटिस जारी कर मामले पर चंडीगढ़ प्रशासन और सीएमसी से तीन सप्ताह की अवधि के भीतर जवाब मांगा। कुमार ने पीठासीन अधिकारी पर मतगणना प्रक्रिया में धोखाधड़ी और जालसाजी का सहारा लेने का आरोप लगाया था। उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका में आप-कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार ने नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारी ने पार्टियों के उम्मीदवारों को वोटों की गिनती की निगरानी करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। कुमार ने सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय न्यायाधीश की देखरेख में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नये चुनाव की प्रार्थना की है।



## मंड्या को हिंदुत्व का प्रयोगशाला बना रही भाजपा

**बेंगलुरु।** प्रगतिशील विचारकों द्वारा कर्नाटक के तटीय क्षेत्र को लंबे समय से हिंदुत्व प्रयोगशाला के रूप में जाना जाता है। जद(एस) के साथ गठबंधन के बाद दक्षिण कर्नाटक में भाजपा की पकड़ मजबूत हुई है। ऐसे में राजनीतिक हलकों में इस बात पर बहस चल रही है कि भाजपा वोक्कालिगा समुदाय का गढ़ माने जाने वाले मांड्या जिले को अब हिंदुत्व की नई प्रयोगशाला बनाएगी। यह चर्चा आरडीपीआर, आईटी और बीटी मंत्री प्रियांक खड़गे के एक बयान से शुरू हुई। उन्होंने जिक्र किया कि भाजपा और संघ परिवार ने तटीय क्षेत्र को अपनी हिंदुत्व प्रयोगशाला बना लिया है और अब मांड्या जिले में सक्रिय होकर हिंदुत्व का प्रयोग कर रहे हैं। प्रियांक खड़गे के बयान के बाद भाजपा ने सरकारी जमीन पर 108 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ से भगवान हनुमान का झंडा हटाने और उसके बाद राष्ट्रीय तिरंगा फहराने का कड़ा विरोध किया।मांड्या जिले, मैसूरु, तुमकुरु, कोलार, हसन, रामनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु शहरी, चिक्कबल्लापुरा, चिक्कमगलुरु और चामराजनगर जैसे अन्य दक्षिण कर्नाटक जिलों में वोक्कालिगा समुदाय की आबादी है।

## बौद्धधर्म अपनाने का वीडियो हो रहा वायरल

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में लगभग 40 परिवारों से जुड़े लोगों के धर्म परिवर्तन कर बौद्ध धर्म अपनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारी इस वीडियो को लेकर कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह करैरा के ग्राम बहगवां का बताया जा रहा है।कहा जा रहा है कि कथित तौर पर छुआछूत से परेशान होकर 40 परिवारों से जुड़े लोगों ने बौद्ध धर्म अपनाया है।जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें यह शपथ दिलाई जा रही है कि कभी भी राम-कृष्ण और अन्य देवताओं को भगवान नहीं मानूंगा और पूजा नहीं करुंगा।बताया जा रहा है कि बहगवां गांव में सभी ग्रामीणों ने मिलकर 25 साल बाद गांव में भागवत कथा का आयोजन किया था। इस भागवत कथा के भंडारे से एक दिन पहले कुछ बात हो गई उसके बाद यह वीडियो सामने आया जिसमें हिंदू धर्म परित्याग और बौद्ध धर्म अपनाने की बात कही जा रही है।



## सीबीआई की चुनौती बन सकती है मिसाल

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार (डीकेएस)। के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई जांच को रोक दिया है। राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सहमति वापस लेने के बाद मामला लोकायुक्त को सौंप दिया गया है। हालांकि, यह मामला खत्म होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है, क्योंकि सीबीआई ने राज्य सरकार के फैसले को कर्नाटक उच्च न्यायालय में चुनौती दी है और विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह निश्चित रूप से उच्चतम न्यायालय तक पहुंचेगा और एक ऐतिहासिक मामला बनेगा। सूत्रों ने बताया कि, राजनीतिक हलके में शिवकुमार के संबंध में जारी कवायद पर उत्सुकता से नजर रखी जा रही है। क्योंकि उनकी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ कथित व्यक्तिगत दुश्मनी है। राज्य में भाजपा और जद (एस) नेताओं ने स्पष्ट रूप से दावा किया है कि शिवकुमार जल्द ही जेल जाएंगे। हालांकि, शिवकुमार मामले में सीबीआई जांच के लिए राज्य सरकार की सहमति वापस लेने के लिए कैबिनेट की मंजूरी लेने में कामयाब रहे, जब केंद्रीय एजेंसी उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर करने की तैयारी कर रही थी।



## एमपी में अपनों को रोक पाना कांग्रेस के लिए चुनौती

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर कांग्रेस के सामने अपनों में भरोसा पैदा करने के साथ दल में रोके रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। जमीनी स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के नेता भाजपा के संपर्क में हैं और वह पाला बदलने की तैयारी में हैं।यह स्थिति भाजपा के कांग्रेस विहीन बूथ के संकल्प को पूरा करने में मददगार साबित हो सकती है।वर्तमान में सियासी दल लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं और उम्मीदवारों के चयन के दौर से गुजर रहे हैं, वहीं अपने-अपने संगठन और जमीनी स्तर की स्थिति को मजबूत करने के लिए सभी तरह के दांव-पेंच आजमाने में पीछे नहीं है।भाजपा ने तो पार्टी में आने वालों से संपर्क स्थापित करने के लिए न्यू ज्वॉइनिंग टोली तक बना दी है। इस टोली को पहली बड़ी सफलता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के संसदीय क्षेत्र खजुराहो के पन्ना जिले में मिली, जहां के शाहनगर क्षेत्र के 21 जनपद सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।राज्य की सियासत पर गौर करें तो पता चलता है कि कांग्रेस के कई बड़े नेता भाजपा के संपर्क में हैं और वो कांग्रेस छोड़कर कभी भी भाजपा का दामन थाम सकते हैं।

## जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ सीबीआई के 11 मामलों में 12 साल बाद भी सुनवाई नहीं

**अमरावती।** 2012 में जब वाईएस जगन मोहन रेड्डी को कथित आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था, तो राष्ट्रीय सुर्खियां बनीं थीं, लेकिन लगभग 12 वर्षों के बाद भी, केंद्रीय एजेंसी द्वारा दर्ज 11 मामलों में से किसी में भी मुकदमा शुरू नहीं हुआ है। 2019 में मुख्यमंत्री बने जगन मोहन रेड्डी पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, बेईमानी, संपत्ति की डिलीवरी के लिए प्रेरित करना, रिश्वत लेना, आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, लोक सेवक द्वारा आपराधिक कदाचार और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है।2019 में चुनाव आयोग के समक्ष उनके द्वारा दायर हलफनामे के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सात मामले हैं, जिनमें उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया है।जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के बागी सांसद की याचिकाओं ने मामलों पर ध्यान वापस ला दिया है। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट मामले को तेलुगु राज्यों के बाहर स्थानांतरित करने और जगन की जमानत रद्द करने की मांग वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।



# पुस्तक लोकर्पण सह कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



**एजेंसी। शेरघाटी**

शहर के एसएमएसजी कॉलेज के सेमिनार हॉल में रविवार को राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के बैनर तले पुस्तक लोकार्पण सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया.औरंगाबाद,गया व स्थानीय साहित्यकारों ने द्वीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया. शेरघाटी निवासी अजय कुमार वैध द्वारा रचित काव्य संग्रह ₹अध्यात्म और विज्ञान₹पुस्तक का शब्दाक्षर के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र,जहानाबाद जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन,प्रसिद्ध साहित्यकार विजय कुमार दत्त,अंजुमन तरक्की उर्दू बिहार शाखा शेरघाटी के उपाध्यक्ष इमरान अली,सचिव मो अली और धनंजय जयपुरी आदि ने संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया.इसके बाद लेखक को बधाई देते हुए किताब पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे और पुस्तक की प्रशंसा की.इसके बाद कवि सम्मेलन का आगाज हुआ जिसमें कवि संजय कुमार मिश्र अणु, कुमार सानू,धनंजय जयपुरी,विजय कुमार दत्त,अमृत अग्रवाल,प्रवेश कुमार,नागेंद्र केसरी,अनिल अनल और हिमांशु चक्रपानी आदि ने हिन्दी, मगही और उर्दू में अपनी अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का दिल मोह लिया.कवि सम्मेलन के मंच का संचालन विनय मामूली बुद्धि ने किया.इस अवसर पर शेखर चौरसिया, रामानुग्रह पाठक, सालनी कुमारी, रंजीत कुमार, मोनू वर्णवाल, सम्पी, गोलू कुमार वर्णवाल,अमित पाठक, विकास कुमार सिंह,शाहिद अंसारी,राजेश कुमार सिंह, मनोज सिंह,सय्यद एहतेशाम और संजय कुमार आदि उपस्थित थे.

## जया से सेंथिल बालाजी तक तमिलनाडु के राजनेताओं के भ्रष्टाचार

**चेन्नई।** विकास के मामले में तमिलनाडु कई मील के पत्थर का दावा कर सकता है, लेकिन यह बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की दलदल में भी धँसा हुआ है, जो राज्य को अब भी झकझोर रहा है।दो द्रविड़ पार्टियों - द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और भ्रष्ट नेताओं को बचाने का आरोप लगाया गया है। तमिलनाडु में हर पांच साल में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच सत्ता बदलती रही है, लेकिन 2016 में एक उल्लेखनीय बदलाव हुआ जब 2011 से 2016 तक सत्ता में पांच साल के कार्यकाल के बाद अन्नाद्रमुक ने वापसी की और 2021 तक उसकी सरकार रही। राज्य में भ्रष्टाचार का आरोपों का सामना करने वाले नवीनतम वरिष्ठ राजनेता द्रमुक के बिना विभाग के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी हैं, जो जून 2023 से जेल में हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें नकदी के बदले नौकरी मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में नौकरी के इच्छुक कई उम्मीदवारों को मंत्री और उनके सहयोगियों, जिनमें उनके भाई अशोक कुमार भी शामिल थे, ने कथित तौर पर धोखा दिया था।

# लोकप्रिय समता पार्टी की जन संपर्क यात्रा



**एजेंसी। शेरघाटी**

लोकप्रिय समता पार्टी के मिशन और विजन को जनता के बीच रखने केलिए जन संपर्क यात्रा का आयोजन किया गया है जो पूरे मगध के पांचों जिला में 3 फरवरी से 7 फरवरी तक चलेगा। इसी क्रम में दूसरे दिन का जन संपर्क यात्रा पहुंचा शेरघाटी, पूरे शेरघाटी बाजार का भ्रमण किया, हजारों की संख्या में लोकप्रिय समता पार्टी के कार्यकताओं ने गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। जन संपर्क यात्रा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम नैयर अंसारी, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सह प्रदेश अध्यक्ष धीरू शर्मा सहित सैंकड़ों पदाधिकारी मौजूद थे। वसीम नैयर अंसारी ने कहा की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य ये है की शोषित, वंचित, अंसारी, पसमांदा समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर जागरूक करना और उनके हक अधिकार, मान सम्मान की लड़ाई को मजबूती प्रदान करना है। हमारी पार्टी की पहली प्राथमिकता अंसारी, पसमांदा, शोषित एवं वंचित समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाना है।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया हो या ठऊअ हो, राजनीतिक हिस्सेदारी के सवाल पर गठबंधन करने केलिए तैयार है, हमारी पार्टी जन संपर्क यात्रा के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी भी कर रही है, आगामी चुनाव में हमारी पार्टी भी उम्मीदवार उतारेगी।इस मौके पर शाहबुद्दीन अंसारी, गौतम चंद्रवंशी, शहरयार अंसारी, मकबूल अंसारी, फैयाज अंसारी, इंजीनियर सद्दाम हुसैन, अनवर अहमद, मुजफ्फर हुसैन, ऋषभ सिंह, मुनीर अंसारी, आमिर अंसारी, मुकुल शर्मा, इत्यादि मौजूद थे।

## कीमो नहीं करा, टेबलेट खा 250 में 90 मरीज जी रहे सामान्य जीवन

# पीजीआई में बिना कीमो कैंसर का इलाज

### 15 वर्षों तक चले शोध के बाद मिली सफलता




**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

ब्रिटिश जर्नल ऑफ हेमेटोलॉजी में प्रकाशित , पीजीआई चंडीगढ़ में 15 वर्षों तक चले शोध के रिपोर्ट के अनुसार अब बिना कीमो दिए कैंसर का इलाज हो सकता है। पीजीआई चंडीगढ़ में 15 वर्षों तक शोध के बाद हेमेटोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों ने एक्यूट प्रोमाइलोसाइटिक ल्यूकेमिया के मरीजों को बिना कीमो दिए पूरी तरह से ठीक कर दिया है। इसको लेकर दावा किया जा रहा है कि बिना कीमो थैरेपी के कैंसर का इलाज करने वाला पहला देश भारत हो गया है। इस बारे में पीजीआई हेमेटोलॉजी विभाग के प्रमुख व शोध के वरिष्ठ लेखक प्रो पंकज मल्होत्रा का कहना है कि इस रोग में मरीज की स्थिति बहुत तेजी से बिगड़ती है। यदि मरीज ने दो सप्ताह तक खुद को संभालते हुए जीवित रह गया, तब तो उस पर इलाज का सकारात्मक असर दिखने लगता है । लेकिन उन दो सप्ताह तक जीवित रहना बेहद कठिन होता है। फिलहाल हालत यह है कि विश्व अभी कैंसर के मरीजों का उपचार कीमो से कर रहा है। पीजीआई चंडीगढ़ ने पहली बार मरीजों को कीमो नहीं देकर उसकी जगह दवाओं की खुराक दी, जिसमें विटामिन ए व आर्सेनिक ट्राइऑक्साइड शामिल किया। इस शोध परिणाम के प्रथम लेखक डॉ. चरनप्रीत सिंह का कहना है कि 15 वर्षों तक संस्थान में चले इस शोध में 250 मरीजों को शामिल किया गया। उन मरीजों को कीमो की जगह विटामिन ए व आर्सेनिक ट्राइऑक्साइड दिया गया। गंभीर मरीजों को 2 वर्ष तक व कम गंभीर मरीजों को 4 महीने तक दवा दी गई तथा लगातार फॉलोअप के साथ टेस्ट किए गए। सभी 250 मरीजों की जब कीमो वाले मरीजों की स्थिति से तुलना की गई तो परिणाम बेहतर व चौंकाने वाले मिला। कीमो की तुलना में शोध में शामिल मरीजों पर इलाज की सफलता दर 90 प्रतिशत रही। जो मरीज 2 सप्ताह तक सर्वाइव नहीं कर पाए उनका ही परिणाम नकारात्मक रहा। 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं।कीमो जहां कैंसर कोशिकाओं को समाप्त करता है, वहीं इसका दुष्प्रभाव अन्य अंगों पर भी पड़ता है जबकि विटामिन ए और मेटल की डोज कैंसर सेल बनाने की स्थिति को ही पूरी तरह समाप्त कर देता है। क्योंकि यह कैंसर उत्पन्न करने वाले ट्रांस लोकेशन पर वार करता है। जिससे अन्य किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होता तथा संक्रमण का प्रारंभ ही रूक जाता है। शोध के वरिष्ठ लेखक प्रो. पंकज का कहना है कि यह कैंसर क्रोमोजोम के आपस में स्थान बदलने से कुछ केमिकल के ओवर एक्टिव होने से शुरू होता है।

# भाजपा ने मेघालय सीएम को बताया था 'सबसे भ्रष्ट', अब लगा लिया गले

**एजेंसी। गुवाहाटी**

भाजपा मेघालय में दूसरी बार कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की सरकार में शामिल हुई है, लेकिन भाजपा के शीर्ष नेताओं सहित कई नेताओं ने पिछले साल फरवरी में राज्य विधानसभा के चुनाव से पहले संगमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया था। मेघालय में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने कहा था कि बिजली और अन्य विभाग जहां पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक भ्रष्टाचार हुआ, वे या तो एनपीपी या उनके गठबंधन सहयोगी यूडीपी के पास थे। उन्होंने दावा, पिछले साल या उसके आसपास दायर किए गए बहुत सारे आरटीआई आवेदनों के माध्यम से, हमने देखा है कि मौजूदा शासन के तहत मेघालय में किस तरह बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार चल रहा है, हमारे पास सभी रिकॉर्ड हैं।''मावरी के अनुसार, कॉनराड संगमा के भ्रष्टाचार के मुद्दों पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य शीर्ष भाजपा नेताओं के साथ चर्चा की गई। मेघालय में चुनाव से पहले बीजेपी पहाड़ी राज्य में अच्छे प्रदर्शन को लेकर काफी आश्वस्त थी। मावरी ने यह भी भविष्यवाणी की थी कि बीजेपी इस बार दो अंकों में पहुंचेगी। हालांकि, चुनाव परिणाम भगवा पार्टी के लिए निराशाजनक थे, क्योंकि वह 60 सदस्यीय विधानसभा क्षेत्र में उसे केवल दो सीटें ही मिलीं।



# भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रनों पर सिमटी

## विशाखापत्तनम टेस्ट | इंग्लैंड को 399 रनों का लक्ष्य | शुभमन ने जड़ा शतक



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**
इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी 255 रनों पर सिमट गई है। इंग्लैंड के सामने मैच जीतने के लिए 399 रनों का लक्ष्य है। दूसरी पारी में भारत के लिए शुभमन गिल ने शतक जड़ते हुए सबसे ज्यादा 104 रन बनाए। गिल के अलावा अक्षर पटेल ने 45 रन और रविचंद्रन अश्विन ने 29 रन का योगदान दिया।

विशाखापत्तनम के डॉ वाइएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में तीसरे दिन की शुरूआत भारतीय टीम की अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा 13 रन और यशस्वी जायसवाल 17 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने बेहतरीन साझेदारी कर टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया। हालांकि ये साझेदारी लंबी नहीं चल पाई। टीम के 111 रन के कुल स्कोर पर श्रेयस अय्यर 29 रन बनाकर आउट हो गए। 122 रन पर भारत का चौथा विकेट गिरा। रजत पाटीदार मात्र नौ रन बनाकर आउट हो गए।

इसके बाद गिल ने अक्षर पटेल के साथ स्कोर बोर्ड को आगे बढ़ाया। इस बीच गिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का तीसरा शतक जड़ दिया। हालांकि, गिल अपने शतक को और बड़ा नहीं कर पाए। गिल 147 गेंदों में 104 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय टीम का 220 रन पर छठा विकेट गिरा है। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे अक्षर पटेल अपने अर्धशतक से चूक गए और उन्होंने 84 गेंद में 45 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाज ज्यादा रन नहीं जोड़ पाए। पूरी टीम 255 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीकर भरत ने 6 रन, रविचंद्रन अश्विन 29 रन, कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह खाता भी नहीं खोल सके।

इंग्लैंड की ओर से टॉम हार्टले ने 4, रेहान अहमद ने 3, जेम्स एंडरसन ने 2 और शोएब बसीर ने एक विकेट लिया।

**इंग्लैंड की पहली पारी 253 रन पर सिमटी, बुमराह ने झटके 6 विकेट :** इससे पहले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (15.5 ओवर 45 रन देकर 6 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने यहां जारी दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 253 रनों पर समेट दी है। पहली पारी के आधार पर भारत को 143 रनों की बढ़त मिली।

## तीसरे दिन का खेल खत्म

### *दूसरी पारी में इंग्लैंड 67 पर एक विकेट भारत को जीत के लिए चाहिए 9 विकेट*

**विशाखापत्तनम।** भारत और इंग्लैंड के बीच विशाखापत्तनम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 रन और रेहान अहमद नौ रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम को यह मैच जीतने के लिए नौ विकेट चाहिए। वहीं इंग्लैंड की टीम को मैच जीत के लिए अभी भी 332 रन की जरूरत है।

दूसरी पारी में इंग्लैंड ने तेज शुरूआत की। जैक क्राउली और बेन डकेट ने तेजी से रन बटोरे। रविचंद्रन अश्विन ने बेन डकेट को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया। डकेट ने 28 रन बनाए। इसके बाद तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 रन और रेहान अहमद 9 रन के साथ क्रिज पर हैं।

# अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का समापन

**67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता**

### महाराष्ट्र की टीम बनी ओवरऑल विजेता

### कर्नाटक और केरल को बेस्ट फेयर प्ले टीम का पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं राज्य शिक्षा परियोजना की मेजबानी में आयोजित 67वी राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंतर्गत अंडर 14 बालक बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। दोनों वर्गों में महाराष्ट्र की टीम ओवरऑल विजेता बनी। बालक वर्ग में महाराष्ट्र के ओमकार सावंत और बालिका वर्ग में मैतिली पवार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बालक वर्ग में दिल्ली सेकंड रनरअप, तेलंगाना रनरअप टीम बना। बालिका वर्ग में कर्णाटक की टीम सेकंड रनरअप और हरियाणा की टीम रनरअप बनी। टूर्नामेंट के बेस्ट फेयर प्ले टीम का पुरस्कार बालक वर्ग में कर्नाटक और बालिका वर्ग में केरल की टीम को मिला।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक शामिल हुए। कार्यक्रम में आयोजन सचिव सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, एसडीईओ बादल राज, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्रनाथ दूबे, झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद, एसजीएफआई के क्षेत्र आब्जर्वर विनोद कुमार सिंह, आब्जर्वर पवन कुमार शर्मा समेत खेलकूद कोषांग के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम में भारतीय लोक कल्याण संस्थान, रांची के कलाकारों द्वारा नागपुरी लोकनृत्य एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रो द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी।

### खो-खो प्रतियोगिता के परिणाम

- महाराष्ट्र और राजस्थान के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम ने 3 अंको से जीत दर्ज की।
- महाराष्ट्र और यूपी के बीच हुए सेमीफाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम ने 6 अंकों से जीत दर्ज की।
- हरियाणा और कर्नाटक के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में हरियाणा की बालिका टीम ने 5 अंकों से जीत दर्ज की।
- दिल्ली और यूपी के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में दिल्ली की बालक टीम ने यूपी को 5 अंकों से दी शिकस्त।

# विलियम्सन ने टेस्ट में लगाया 30वां शतक, ब्रैडमैन-कोहली से निकले आगे



**एजेंसी। माउंट माउंगानुई**
न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज रविवार (चार फरवरी) को शुरू हुई। माउंट माउंगानुई में टेस्ट के पहले दिन अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। नए कप्तान नील ब्रांड का निर्णय अब तक तो गलत साबित हुआ है। मेजबान न्यूजीलैंड ने पहले दिन दो विकेट पर 258 रन बना लिए हैं। रचिन रवींद्र 118 और कप्तान केन विलियम्सन 112 रन बनाकर नाबाद हैं। टॉम लाथम 20 और डेवोन कॉन्वे एक रन बनाकर आउट हुए।

विलियम्सन ने टेस्ट में अपने करियर का 30वां शतक लगाया। वह सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन और भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली से आगे निकल गए। ब्रैडमैन और कोहली के खाते में 29-29 शतक हैं। विलियम्सन ने वेस्टइंडीज के शिवनारायण चंद्रपॉल, ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू हेडन और इंग्लैंड के जो रूट की बराबरी कर ली। विलियम्सन टेस्ट में 30 शतक पूरे करने वाले 16वें बल्लेबाज हैं।

### फैब-4 में किसके सबसे ज्यादा शतक?

मौजूदा दौर में क्रिकेट के चार सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों को फैब-4 कहा जाता है। इसमें विलियम्सन के अलावा कोहली, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और जो रूट हैं। इन चारों ने मिलकर कुल 121 शतक लगाए हैं। फैब-4 में सबसे ज्यादा शतक स्मिथ के नाम हैं। उन्होंने टेस्ट में 32 शतक लगाया है। विलियम्सन और रूट के 30-30 शतक हैं। वहीं, कोहली ने 29 शतकीय पारी खेली है।

### फैब-4 का मौजूदा फॉर्म

हालिया फॉर्म की बात करें तो फैब-4 में सबसे आगे विलियम्सन हैं। उन्होंने पिछली 10 पारियों में पांच शतक लगाए हैं। वहीं, बाकी तीन बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर पिछली 10 पारियों में कुल दो शतक ही लगाए हैं।

### पोंटिंग से आगे निकले विलियम्सन

विलियम्सन ने टेस्ट की 169वीं पारी में 30वां शतक लगाया। वह सबसे कम पारियों में 30 शतक लगाने के मामले में चौथे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पोंटिंग ने 170 पारियों में 30 शतक लगाए थे। मैथ्यू हेडन ने 167, स्टीव स्मिथ ने 162 और सचिन तेंदुलकर ने सबसे कम 159 पारियों में यह उपलब्धि हासिल कर ली थी।

# रोमांचक मैच में बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा पाकिस्तान



**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**
पाकिस्तान ने बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर आईसीसी अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 में चौथे सेमीफाइनलिस्ट के रूप में अपनी जगह बनाई।

सुपर सिक्स के आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को शनिवार को 5 रन से हराकर अंडर 19 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। पाकिस्तान को 40.4 ओवर में 155 रन पर आउट करने के बाद बांग्लादेश की बल्लेबाजी बेहद खराब रही। टीम पाकिस्तान के खिलाफ 35.5 ओवर में 150 रन पर सिमट गई और पांच रन से मैच और सेमीफाइनल की टिकट हार गई। इस करो मरो मैच मुकाबले में पाकिस्तान ने अंतिम क्षणों में मैच का पासा पलटा। हालांकि, उसके लिए पाकिस्तान को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ा। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 155 रन पर ढेर कर चौंकाया जरूर लेकिन बाद में पाकिस्तान ने बेहतरीन गेंदबाजी कर मुकाबले को अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के उबैद शाह को 44 रन देकर 5 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जबकि अली रजा ने 3 विकेट लेकर पाकिस्तान को नॉकआउट में पहुंचाया।

# भारत ने पाकिस्तान को हराकर विश्व ग्रुप क में प्रवेश किया

**इस्लामाबाद।** भारतीय टीम रविवार को यहां 60 साल बाद पड़ोसी देश की ऐतिहासिक यात्रा पर पाकिस्तान पर जीत के साथ डेविस कप 2024 के विश्व ग्रुप क में पहुंच गई। विश्व ग्रुप क के दूसरे दिन के प्ले-ऑफ मुकाबले में 2-0 की बढ़त के साथ प्रवेश करते हुए, युकी भांबरी और साकेत मिनेनी की जोड़ी ने युगल मैच में अकील खान और मुजम्मिल मुर्तजा की देर से मिली चुनौती पर काबू पाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

भांबरी-मिनेनी की जोड़ी ने दो घंटे तक चले मुकाबले में पाकिस्तानी जोड़ी को हराकर 6-2, 7-6(7-5) से जीत दर्ज की। डेविस कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की यह लगातार आठवीं जीत है।

# खेल मंत्रालय ने भारतीय पैरालंपिक समिति को कर दिया निलंबित

PARALYMPIC INDIA

**एजेंसी। नई दिल्ली**
खेल मंत्रालय ने कार्यकारी समिति के चुनाव कराने में देरी को लेकर दीपा मलिक की अध्यक्षता वाली भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) को निलंबित कर दिया है और चुनावों में देरी को जानबूझकर बताया है।

पीसीआई का पिछला चुनाव सितंबर 2019 में हुआ था, लेकिन डब्ल्यूपी संख्या 10647/2019 के तहत दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के कारण चुनाव की अधिसूचना दिनांक 03.09.2019 पर रोक लगाते हुए रिटर्निंग अधिकारी को चुनाव परिणाम घोषित करने से भी रोक दिया गया। ऐसे में चुनाव के नतीजे घोषित नहीं किये गये। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिनांक 27.01.2020 के आदेश के तहत उक्त याचिका में पारित किए जाने वाले अगले आदेशों के अधीन 03.09.2019 को अधिसूचित चुनाव के परिणामों की घोषणा की अनुमति दी। दिल्ली उच्च न्यायालय के उपरोक्त आदेश के अनुपालन में, रिटर्निंग ऑफिसर ने 31.01.2020 को चुनाव के परिणाम घोषित किए। तो, पीसीआई की कार्यकारी समिति का चार साल का कार्यकाल 31.01.2024 को समाप्त हो गया। पीसीआई ने 22.01.2024 के नोटिस के माध्यम से घोषणा की है कि चुनाव 28.03.2024 को बेंगलुरु में होंगे, जो पिछली कार्यकारी समिति के कार्यकाल की समाप्ति के बाद लगभग दो महीने के पर्याप्त अंतराल का संकेत देता है।

# पंजाब सीएम ने 11 राष्ट्रीय खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को उन 11 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र सौंपे, जिन्होंने 40 साल बाद हॉकी में देश के लिए कांस्य पदक जीता था और क्रिकेट और शॉट पुट के क्षेत्र में नाम रोशन किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जिसके कारण उन्होंने अपने सरकारी आवास में नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन इस कार्यक्रम के माध्यम से करने का फैसला लिया है। सीएम ने कहा कि पहले लोग हॉकी खेल के प्रति उदासीन थे, जबकि यह देश का राष्ट्रीय खेल था। लेकिन अब सरकार ने देश और राज्य दोनों में खेल का प्राचीन गौरव बहाल कर दिया है। 11 खिलाड़ियों में 9 हॉकी से, 1 क्रिकेट से और 1 शॉट पुट से शामिल हैं।

# बुमराह का सामना करना किसी और गेंदबाज का सामना करने जैसा नहीं : स्टुअर्ट ब्रॉड




**एजेंसी। विशाखापत्तनम**
इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका सामना करना दुनिया में किसी और गेंदबाजका सामना करने जैसा नहीं है और उन्हें अपने खेल के दिनों में बल्लेबाजी के दौरान उनकी गेंदों का सामना करना पसंद नहीं था।

6-45 के अपने जादुई स्पैल में जहां बुमराह ने रिवर्स-स्विंग गेंदबाजी में मास्टरक्लास का प्रदर्शन किया, उन्होंने जो रूट, ओली पोप, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स, टॉम हार्टले और जेम्स एंडरसन को आउट किया।

रूट और पोप को उनके आउट करने से हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया - रूट ने एक गेंद पर प्रहार किया और पहली स्लिप में आउट हो गए, जबकि पोप को इनस्विंगिंग यॉर्कर ने मध्य और लेग स्टंप को चीरते हुए आउट कर दिया। स्टोक्स के विकेट से इस प्रारूप में बुमराह ने 150वां विकेट हासिल किया। उनका सामना करना दुनिया में किसी और का सामना करने जैसा नहीं है और मैं इससे नफरत करता था। श्रीलंका के लसिथ मलिंगा, अपने स्लिंग राउंड-आर्म रिलीज के साथ उनके बारे में एक अलग बात रखते थे और बुमराह की गेंदों में भी कुछ ऐसा ही है।

क्योंकि वह बहुत शांत, छोटे, फेरबदल वाले रन-अप से आता है, वह कोई वास्तविक ऊर्जा उत्पन्न नहीं करता है और इसलिए स्ट्राइकर के अंत में गेंद के अचानक आपके पास आने का कोई वास्तविक निर्माण नहीं होता है। यह बहुत परेशान करने वाला हो सकता है.

ब्रॉड ने कहा कुछ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों के बारे में सोचें जिन्होंने खेल खेला है और उनमें क्रीज पर इतनी तेजी से आने की एक आम बात है कि आपका दिमाग आपको तेज गति की उम्मीद करने के लिए कह रहा है।

ब्रॉड ने रविवार को डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा, बुमराह इसके विपरीत है, लेकिन वह अपने सामने के पैर को मोड़कर क्रीज पर ऐसा कोण बनाता है - हमेशा तेज गेंदबाजी के लिए एक अच्छा संकेत - और फिर गेंद को अपने सिर के ऊपर या यहां तक ??कि अपने सामने के पैर के ऊपर से नहीं, बल्कि बल्लेबाज के लिए पैर के करीब छोड़ता है। विशाखापत्तनम में उनके स्पैल के बारे में विस्तार से बात करते हुए ब्रॉड ने कहा रूट के लिए जो गेंद गई वह इस प्रकार की क्लासिक थी। लगातार चार गेंदें डक हुई, उसके बाद एक बाहर गई। मूवमेंट का आधे-बल्ले की चौड़ाई का अंतर घातक साबित हुआ। यात्रा की दिशा के बारे में अनिश्चित होने के कारण रूट को खेलना पड़ा और वे विकेट के पीछे आउट हो गए।

यह एक उच्च श्रेणी के गेंदबाज द्वारा एक सुंदर सेट-अप था। समान रूप से, मुझे नहीं लगता कि दुनिया के किसी भी खिलाड़ी को इनस्विंगिंग यॉर्कर पर बल्ला मिलता है जो ओली पोप के लिए था। फिर, यह बूमरैंग नहीं था, यह बस था उसने बिल्कुल सही मात्रा में काम किया और सबसे प्रतिष्ठित चित्रों में से एक का निर्माण किया जिसे एक तेज गेंदबाज देखना चाह सकता था - एक नहीं, बल्कि दो स्टंप बिखरे हुए। वह पिछले साल ही पीठ की गंभीर चोट से उबरकर वापस आए थे और जिस तरह से उन्होंने टेस्ट विकेट लिए हैं, वह उन सभी गेंदबाजों के लिए प्रेरणा है।

## खबरें व्यापार जगत की

# आरबीआई की एमपीसी बैठक 6 फरवरी से

### रेपो दर यथास्थिति रहने की संभावना




**नई दिल्ली।**
रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक छह फरवरी से शुरू होगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बैठक के नतीजे की घोषणा आठ फरवरी करेंगे। अंतरिम बजट 2024 के ठीक बाद होने वाली इस बैठक में भी रेपो दर को यथास्थिति जारी रखने की संभावना है।

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को बताया कि रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में रेपो दर को इस बार भी यथास्थिति पर रखने की संभावना अधिक है। दरअसल, खुदरा मुद्रास्फीति अब भी संतोषजनक दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है, इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक इस बार नीतिगत दरों में कोई बदलाव शायद ही करे। इससे पहले खुदरा महंगाई दर जुलाई, 2023 में 7.44 फीसदी के उच्चतम स्तर पर थी, लेकिन इसके बाद खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। दिसंबर, 2023 में यह 5.69 फीसदी के स्तर पर थी। सरकार ने रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को दो फीसदी की घट-बढ़ के साथ 4 फीसदी के दायरे में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। रिजर्व बैंक ने करीब एक साल से रेपो दर को 6.5 फीसदी पर स्थिर रखा है। आरबीआई ने आखिरी बार रेपो दर फरवरी, 2023 में 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.25 फीसदी से 6.50 फीसदी कर दी थी।

## स्वदेशी रूप से विकसित 3 तकनीक भारत में 12 उद्योगों को हस्तांतरित की गई

**नई दिल्ली।** तीन स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियां - थर्मल कैमरा, सीएमओएस कैमरा और फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम - रविवार को भारत में 12 उद्योगों को हस्तांतरित कर दी गईं। आईआईआईटी-दिल्ली में आयोजित डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स समिट 2024 के लॉन्च के दौरान इन उद्योगों को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के इनट्रांस कार्यक्रम के तहत सीडीएसी (उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र), तिरुवनंतपुरम द्वारा डिजाइन और विकसित प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित किया गया। मंत्रालय के अनुसार, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत @2047 पहल के नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय की दिशा में एक कदम है। थर्मल स्मार्ट कैमरा तकनीक में विभिन्न एआई-आधारित एनालिटिक्स चलाने के लिए एक इनबिल्ट डीपीयू है। स्वदेशी प्रौद्योगिकी को स्मार्ट शहरों, उद्योगों, रक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सहित कई डोमेन में अनुप्रयोगों के लिए लक्षित किया गया है। इस कैमरे का क्षेत्रीय कार्यान्वयन, परीक्षण और सत्यापन सड़क यातायात अनुप्रयोगों के लिए किया गया था। यह तकनीक एक साथ आठ उद्योगों को हस्तांतरित की गई। हेडवे विश्वसनीयता के लिए परिचालन रणनीतियां ट्रांजिट ऑपरेटरों के लिए एक गतिशील शेड्यूलिंग निर्णय समर्थन उपकरण के रूप में कार्य करती है, जिसका लक्ष्य बस बंचिंग की घटनाओं को कम करके सार्वजनिक पारगमन सेवाओं की विश्वसनीयता को बढ़ाना है। यह तकनीक एक साथ तीन उद्योगों को हस्तांतरित की गई।

## आपातकालीन मध्यस्थ ने जी के विरुद्ध सोनी के आवेदन को खारिज किया




**नई दिल्ली।** सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) ने जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ सोनी द्वारा दायर आपातकालीन अंतरिम राहत के आवेदन को खारिज कर दिया है। आपातकालीन मध्यस्थ ने कल्वर मैक्स और बीईपीएल द्वारा दायर आपातकालीन अंतरिम राहत के आवेदन को अस्वीकार करते हुए 4 फरवरी 2024 को एक फैसले में यह निर्धारित किया है कि आपातकालीन मध्यस्थ के पास जी एंटरटेनमेंट को विलय योजना को लागू करने के लिए एनसीएलटी से संपर्क करने से रोकने का कोई अधिकार क्षेत्र या अधिकार नहीं है। जी ने कहा चूंकि ये ऐसे मामले हैं जो वैधानिक प्रणाली के अंतर्गत आते हैं और एनसीएलटी को निर्णय लेना है। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (कल्वर मैक्स) और बांग्ला एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (बीईपीएल) ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के खिलाफ मध्यस्थता का आह्वान किया था और सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) के समक्ष जी के खिलाफ आपातकालीन अंतरिम राहत की मांग की थी। जी एंटरटेनमेंट ने अन्य बातों के साथ-साथ कंपनी, बीईपीएल और कल्वर मैक्स (विलय योजना) के बीच व्यवस्था की समग्र योजना को लागू करने के निर्देश देने के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई पीठ से संपर्क किया था। जी ने एसआईएसी के समक्ष मध्यस्थता कार्यवाही में कल्वर मैक्स और बीईपीएल के दावों का मुकाबला करने के लिए उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

## कैट की व्यापारियों को पेटीएम की बजाय अन्य पेमेंट ऐप के उपयोग की सलाह

**नई दिल्ली।** कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने व्यापारियों को अपने कारोबार से संबंधित लेन-देन के लिए पेटीएम की बजाय अन्य ऐप पर शिफ्ट होने की सलाह दी है। कैट ने पेटीएम वॉलेट और पेटीएम पेमेंट बैंक परिचालन पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अंकुश के बाद यह सलाह दी है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा हाल में पेटीएम पर लगाये अंकुशों को लेकर देशभर में व्यापारियों को अपने पैसे की सुरक्षा के लिए अन्य मंचों का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में छोटे व्यापारी, विक्रेता, हॉकर्स और महिलाएं पेटीएम के जरिए लेन-देन कर रहे हैं। आरबीआई के इस पर प्रतिबंध लगाने से इन लोगों को वित्तीय अशांति हो सकती है। रिजर्व बैंक का पेटीएम पेमेंट बैंक पर 29 फरवरी के बाद अंकुश लगाने के प्रमुख कारण में से एक बिना सही पहचान के बनाए गए करोड़ों अकाउंट थे। दरअसल इन अकाउंट्स के तहत केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। इतना ही नहीं इसमें बिना पहचान के करोड़ों रुपये का लेन-देन भी किया था, जिससे मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका पैदा हुई है।

कैट महामंत्री ने व्यापारियों के लिए अपने धन जोखिम को कम करने के लिए सलाह देते हुए कहा कि वो पेटीएम से अपना पैसा निकालने के साथ अन्य पेमेंट ऐप पर शिफ्ट कर जाएं। खंडेलवाल ने व्यापारियों के लेन-देन की सुरक्षा के साथ वित्तीय संपत्ति की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पेटीएम उपयोगकर्ताओं को सीधे यूपीआई के जरिए लेन-देन की सलाह दी है। अनेक बैंकों के पेमेंट ऐप का भी उपयोग किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक ने विजय शर्मा की अगुवाई वाली देशभर में लोकप्रिय वॉलेट पेटीएम और उसकी बैंकिंग इकाई के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन और मनी लांड्रिंग की चिंता के कारण अंकुश लगाया है। दअरसल रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को और जमा लेने सहित अधिकांश गतिविधियों को फिलहाल रोकने के साथ 29 फरवरी के बाद नए ग्राहक बनाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज रांची पहुंचेगी, राहुल गांधी करेंगे जनसभा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पाकुड़ से शुरू हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा कई जिलों से गुजरती हुई सोमवार को झारखंड की राजधानी रांची में प्रवेश करेगी। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने रविवार को कहा कि यात्रा बूटी मोड, बरियातू, हरमू होते हुए शहीद मैदान पहुंचेगी। इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वहां जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम सहित प्रदेश के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

## रामगढ़ में गुजारेंगे रात, पहुंचे सेफ हाउस

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी रामगढ़ में रात गुजारेंगे। बोकारो से चलकर उनका काफिला गोला में रुका। यहां जनसभा को संबोधित करने के बाद वे आम नागरिकों से मिलते हुए सीधे रामगढ़ पहुंचे। रामगढ़ शहर के सिद्धू कान्हू मैदान में उनकी टीम ने सेफ हाउस का निर्माण किया है। अपनी टीम के साथ राहुल गांधी डिनर करेंगे। सेफ हाउस की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसपीजी और सीआरपीएफ बटालियन को सौंपा गया है।



**झंडोत्तोलन के बाद सुबह 8:00 बजे निकलेगी यात्रा :** पांच फरवरी की सुबह 8:00 बजे एक बार फिर राहुल गांधी की यात्रा निकलेगी। यहां सेफ हाउस में ही तिरंगा फहराने के बाद राष्ट्रीय गान होगा। पूरी टीम राष्ट्रीय गान में शामिल होगी। फिर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राहुल गांधी रामगढ़ शहर का भ्रमण करेंगे। शहर के बाजारटांड़, चट्टी बाजार होते हुए उनका काफिला गांधी चौक पहुंचेगा। इसके बाद मेन रोड, सुभाष चौक होते हुए राहुल गांधी रांची के लिए रवाना होंगे।

## बोकारो : मीडिया से रूबरू नहीं हुए राहुल गांधी

**बोकारो।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने आज धनबाद से बोकारो में प्रवेश किया। राहुल गांधी ने खुली जीप पर सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। कार्यक्रम के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में राहुल गांधी शामिल नहीं हुए। कहा गया कि वे बस के अंदर आराम कर रहे हैं।

## राहुल गांधी का राजद नेता करेंगे जोरदार स्वागत

**रांची।** प्रदेश राजद के नेता सोमवार को राजद कार्यालय के समीप कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जोरदार स्वागत करेंगे। राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने रविवार को बताया कि रांची में आयोजित कार्यक्रम में राजद के नेता कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने निर्देशित किया है कि रांची में रहने वाले सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के नेताओं कार्यकर्ता, जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, प्रखंड और पंचायत के नेता, कार्यकर्ता सहित सभी झंडा बैनर के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# सीजीएल पेपर लीक में चार हजार अभ्यर्थियों पर एफआइआर

## छात्र यूनियन का दावा-माफिया को बचा रहे आयोग के अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड स्टेट सर्विस कमीशन (जेएसएससी) की ओर से आयोजित कम्बाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा 2023 का प्रश्न पत्र लीक होने के बाद जेएसएससी मुख्यालय पर प्रदर्शन करने वाले 4,000 छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें 15 लोगों को नामजद किया गया है। झारखंड के छात्र संगठनों के साथ-साथ सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्राथमिकी को अविलंब वापस लेने की मांग की है।

**बाबूलाल मरांडी की सरकार से मांग, सीबीआई जांच हो :** बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जी, जेएसएससी के प्रश्न पत्र लीक का विरोध कर रहे छात्रों पर दर्ज एफआईआर को अविलंब निरस्त करें। साथ ही उन्होंने जेएसएससी के अध्यक्ष नीरज सिन्हा को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीजीएल परीक्षा के प्रश्न पत्र घोटाले और भ्रष्ट क्रिया-कलापों की सीबीआई जांच कराने की अनुशंसा करें।


**15 लोगों को बनाया गया नामजद आरोपी :** जेएसएससी-सीजीएल का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो और हजारों अभ्यर्थियों ने नामकुम स्थित जेएसएससी मुख्यालय पर प्रदर्शन किया था। कथित तौर पर अभ्यर्थियों ने आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा की कार पर हमला कर दिया था। इस मामले में देवेंद्र नाथ महतो समेत 15 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। वहीं, 4,000 छात्रों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**31 जनवरी को किया था जेएसएससी कार्यालय का घेराव :** स्टूडेंट्स का आरोप था कि सीजीएल की परीक्षा लेने वाली एजेंसी ने ही पीजीटी, नगरपालिका, लैब असिस्टेंट टेक्नीशियन की परीक्षा ली है, तो उन परीक्षाओं की भी सीबीआई जांच होनी चाहिए। स्टूडेंट्स ने चरणबद्ध आंदोलन के तीसरे दिन 31 जनवरी 2024 को जेएसएससी कार्यालय के समक्ष महाघेराव किया था। इसमें छात्रों ने पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने, आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा का इस्तीफा, सीजीएल की परीक्षा लेने वाली एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करके नई विश्वसनीय एजेंसी को टेंडर देने की घोषणा करने की मांग की थी। 3000-4000 अज्ञात स्टूडेंट्स पर एफआईआरइन 15 नामजद लोगों समेत 3000 से 4000 स्टूडेंट्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इन सभी लोगों पर झारखंड स्टेट सर्विस कमीशन के अध्यक्ष नीरज सिन्हा से गाली-गलौच करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, मारपीट एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप लगाए गए हैं। रद्द हुई 28 जनवरी की परीक्षा, 4 की परीक्षा स्थगितज्ञात हो कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के आंदोलन के दौरान ही 31 जनवरी को जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक को स्वीकार करते हुए 28 जनवरी को आयोजित परीक्षा को रद्द कर दिया. साथ ही 4 फरवरी की परीक्षा को स्थगित कर दिया गया। देवेंद्र नाथ महतो को सुरक्षा देने की मांगउधर, झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के योगेश चंद्र भारती और महेंद्र प्रसाद ने कहा है कि आंदोलन के अगुआ देवेंद्र नाथ महतो को पेपर लीक करने वाले गैंग की ओर से जान मारने की धमकी दी जा रही है। यूनियन के इन सदस्यों ने आरोप लगाया है कि जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा के लोग भी उनको धमकी दे रहे हैं। देवेंद्रनाथ जान बचाने के लिए अज्ञात स्थल पर चले गए हैं। इन्होंने देवेंद्र नाथ को सुरक्षा देने की सरकार से मांग की है।

# चंपाई सरकार को दो निर्दलीय विधायक नहीं देंगे समर्थन

### निर्दलीय विधायक सरयू राय और बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव रहेंगे तटस्थ

### झामुमो नेता ने जान-बूझकर मक्खी को निगला उन्हें कई बार सचेत किया : सरयू





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार बहुमत साबित करेगी। इससे पहले रविवार को दो निर्दलीय विधायकों ने इस सरकार को समर्थन देने से इंकार कर दिया है। इनमें एक पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर (पूर्वी) विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक सरयू राय और दूसरे हजारीबाग जिले के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव हैं। सरयू राय ने कहा है कि वह सोमवार को झारखंड विधानसभा में होने वाले विश्वास मत पर तटस्थ रुख अपनाएंगे। वह मतदान नहीं करेंगे। सरयू राय ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने उनसे अब तक समर्थन नहीं मांगा है और न ही उनसे संपर्क किया है। भाजपा या किसी अन्य विपक्षी दल ने भी उनसे संपर्क नहीं किया है। इसलिए उन्होंने तटस्थ रहने का मन बनाया है। सरयू राय ने कहा कि चंपाई सोरेन अभी नए-नए मुख्यमंत्री बने हैं। उनके कामकाज को देखने के बाद ही उनकी सरकार के बारे में कोई आकलन कर पाएंगे। सदन में वह रचनात्मक भूमिका निभाएंगे। साथ ही कहा कि सत्ता या विपक्ष किसी को उनकी जरूरत नहीं है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर सरयू राय ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो नेता ने जान-बूझकर मक्खी को निगला। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने आसपास ऐसे लोगों को रखा, जो उनके लिए हानिकारक साबित हुए। विधायक ने कहा कि उन्हें कई बार सचेत किया गया लेकिन उनका कृत्य पांव पर कुल्हाड़ीनहीं, कुल्हाड़ी पर पांव मारने वाला रहा। सरयू राय ने झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भी सलाह दी है कि वे अलग लकीर खींचें। उन्होंने कहा कि चम्पाई सोरेन कह रहे हैं कि हेमंत सोरेन ने विकास की लंबी लकीर खींची है लेकिन अब चम्पाई सोरेन को अलग और लंबी लकीर खींचनी चाहिए। बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि उनका मत राज्यहित में होगा। वह सरकार के खिलाफ मतदान करेंगे।

# विधानसभा सत्र के दौरान 1500 जवान संभालेंगे सुरक्षा की कमान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सुरक्षा और ट्रैफिक के लिए पुलिस ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। रांची पुलिस ने सत्र के लिए 1500 पुलिसकर्मी की तैनाती की है। सुरक्षा में रेपिड एक्शन पुलिस(रैप), जिला बल की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस को लगाया गया है। ट्रैफिक पुलिस की तैनाती पूरे हरमू बाइपास रोड में सीएम आवास से शनिमंदिर, किशोरगंज चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, सेटलाइट चौक, शहीद मैदान मोड, शालीमार बाजार मोड़, मौसी बाड़ी, तिरिल मोड़, जेएससीए नार्थ एवं साउथ गेट, विस मुख्य गेट, वीवीआइपी, मुख्य गेट से विधानसभा जाने वाले सड़क पर, वीवीआइपी और सामान्य पार्किंग में की जायेगी। विधि-व्यवस्था पर एसडीओ उत्कर्ष कुमार और सुरक्षा का जिम्मा ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो की होगी। धरना प्रदर्शन करने वाले विस भवन की ओर न आ सके, इसकी पूरी जिम्मेवारी हटिया डीएसपी की होगी। सुरक्षा के लिए कई स्थानों पर बैरिकेडिंग किया गया है। वहां पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। विस के अंदर जाने के विशेष शाखा के कर्मियों की ओर से जांच की जायेगी। विशेष शाखा के पुलिसकर्मी और कोई भी पदाधिकारी किसी प्रकार का हथियार लेकर विस में प्रवेश नहीं करेंगे। विधि-व्यवस्था का ऑवर आल मॉनिटरिंग उपायुक्त राहुल सिन्हा तथा सुरक्षा का ऑवर ऑल मॉनिटरिंग एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा करेंगे। एसएसपी ने रविवार को बताया कि विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

## विधानसभा के 100 मीटर के दायरे में पांच और छह फरवरी को रहेगी निषेधाज्ञा

**रांची।** झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र पांच और छह फरवरी को धुर्वा स्थित विधानसभा में आयोजित होगा। इस दौरान सुरक्षा के सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से निर्देश रविवार को जारी किया। सत्र के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों, विभिन्न संगठनों के जरिये घेराव-धरना प्रदर्शन और विधान सभा का घेराव करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके मद्देनजर लोक परिशांति और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही उन्हें कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। विधान सभा परिसर के 100 मीटर के दायरे में पांच और छह फरवरी को निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इसके तहत इस क्षेत्र में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रर्दशन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार सुसंगत धाराओं के तहत थाना प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पांच फरवरी को सुबह आठ बजे पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति रहेगी। तैनात दंडाधिकारी और पुलिसकर्मियों को कड़ी निगरानी रखते हुए विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश उपायुक्त और एसएसपी ने दिया है। ग्रामीण एसपी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल ससमय अपने तैनाती स्थल पर पूरी अवधि में मुस्तैद रहें।

## एक आईएएस का तबादला, कई आईएएस और आईपीएस को मिला अतिरिक्त प्रभार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार ने तीन आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जबकि एक आईएएस अधिकारी का तबादला किया है। साथ ही एक आईपीएस अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उद्योग विभाग के निदेशक के पद पर पदस्थापित भोर सिंह यादव को स्थानांतरित करते हुए भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप विभाग का निदेशक बनाया गया है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पद पर पदास्थापित प्रभारी सचिव अरवा राजकमल को अपने कार्यों के अलावा नगर विकास एवं आवास विभाग का प्रभारी सचिव बनाया गया है। साथ ही मद्य निषेध विभाग का प्रभारी सचिव और जेयूआईडीसीईओ का प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा जियाडा के प्रबंध निदेशक के पद पर पदस्थापित शशि रंजन को खान निदेशक और मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार खेलकूद विभाग के निदेशक के पद पर पदस्थापित सुशांत गौरव को उद्योग विभाग का निदेशक और झारखंड खेल प्राधिकार विभाग का कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अपराध अनुसंधान विभाग के पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित सुदर्शन प्रसाद मंडल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ कारा महानिरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने व इसे संवारने की क्षमता : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की राजनीति में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने और इसे संवारने की क्षमता है। बस जरूरत हैं इन्हें सार्वजनिक मंच प्रदान करने का। आजसू पार्टी जनता की सेवा करने और युवाओं को राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक सशक्त मंच है। सुदेश कुमार महतो रविवार को कांके स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू नायक के नेतृत्व में रांची के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महतो ने कहा कि राजनीति में युवाओं का आगमन राज्य की उन्नति के लिए शुभ संकेत है। आजसू पार्टी में युवा जोश और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का अनुकूल समावेश है। राज्य सरकार ने युवाओं को नियुक्ति के नाम पर ठगा है। युवाओं के हक और अधिकार की लड़ाई हमने लड़ी है और आगे भी लड़ेंगे। संदीप राम, अजीत महली, दीपक गोप, रमेश कुमार साहू, सुनील साहू, ऋतिक महली, निखिल राम, रवि महतो, कर्मा राम, राजेश लोहरा, शिवा साहू, बबलू राम, विशाल बराईक समेत कई युवाओं ने पार्टी का दामन थामा।

## ईडी हेमंत के खिलाफ सबूत बनाएगी : सिब्बल

**आरएनएम। रांची/नई दिल्ली**
वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने रविवार को परोक्ष रूप से केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब ईडी हेमंत के खिलाफ सबूत 'बनाएगी'। झारखंड राजस्व विभाग के एक उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की गिरफ्तारी उसी दिशा में एक कदम थी। भानु प्रताप को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। सिब्बल ने कहा कि ईडी 5 फरवरी को भानु प्रताप को रिमांड पर लेगी और फिर उनसे हेमंत सोरेन के खिलाफ बयान दिलवाएगी। भानु प्रताप पहले से ही अपराधी हैं, लेकिन ईडी उनसे हेमंत के खिलाफ पुष्टि कराएगी।

# झारखंड में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा छह से 26 फरवरी तक

## 766520 परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए 1978 परीक्षा केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में छह से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू होने वाली है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित यह परीक्षा 26 फरवरी तक चलेगी। इस परीक्षा में राज्यभर के 766520 छात्रों ने फॉर्म भरा है। कुल 24 जिलों में 1978 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक में 421678 और इंटर में 344842 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। राज्य में मैट्रिक के लिए 1238 और इंटर के लिए 740 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड संबंधित स्कूल और कॉलेजों में दिया जा रहा है। दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा, पहले पाली में 9:45 से एक बजे तक मैट्रिक की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में दो से 5:20 बजे तक इंटर की परीक्षा होगी। रांची जिले में लगभग 70,000 छात्रों के लिए 157 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। रांची में मैट्रिक में लगभग 40,000 और इंटर में 30,000 छात्र, जिसमें मैट्रिक के लिए 100 और इंटर के लिए 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो, इसके लिए जरूरी सभी सुविधाएं सेंटर पर उपलब्ध करायी जाएगी।



**परीक्षा पद्धति में किया गया बदलाव :** मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में अब ओएमआर शीट का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। ऑब्जेक्टिव सवालों के जवाब अब आंसर सीट पर ही लिखना होगा। पहले की तरह परीक्षा तीन घंटे की होगी। साथ ही ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव प्रश्नों की संख्या और अंकों में बदलाव किया गया है। इस वर्ष मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में 30 अंकों के ऑब्जेक्टिव एवं 50 अंकों के सब्जेक्टिव सवाल रहेंगे। बचे 20 अंक अंतरिम मूल्यांकन और प्रैक्टिकल के लिए दिए जाएंगे जबकि 2025 में 20 अंक के ऑब्जेक्टिव और 60 अंक के सब्जेक्टिव सवाल रहेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**अपराध मुक्त झारखंड, राज्य सरकार की...**
अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पॉक्सो के मामलों में भी निरंतर कमी आई है। वर्ष 2019 में 1012, वर्ष 2020 में 1236, वर्ष 2021 में 1181, वर्ष 2022 में 1180 जबकि वर्ष 2023 से अबतक 973 पॉक्सो एक्ट के मामले दर्ज किए गए हैं। चंपाई सोरेन ने कहा कि पॉक्सो एक अत्यंत जघन्य अपराध है। इसके तहत दर्ज मामलों के अनुसंधान में कोई कोताही नहीं बरती जाए, यह सुनिश्चित करें।
**जेल में रहकर अपराध को बढ़ावा देने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें :** बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी भी खबरें मिल रही हैं कि जेल के भीतर से ही कुछ अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का गैंग राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनपर कड़ी कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एटीएस में एसपी एवं डीएसपी की पोस्टिंग शीघ्र की जाए।
**अपराध नियंत्रण में सहायक सभी संसाधन शीघ्र खरीदें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराध नियंत्रण में सहायक सभी संसाधन शीघ्र खरीदें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए वायरलेस उपकरणों के क्रय के लिए प्रशासनिक स्वीकृति तथा बजट उपलब्धता के लिए गृह विभाग से पत्राचार किया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य सचिव एवं डीजीपी सभी जिलों के डीसी एवं एसपी के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर शीघ्र बैठक करें। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) संजय आ. लाटकर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

**रांची, दुमका, धनबाद...**
नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखें। क्योंकि, ऐसी जगहों पर कोई अपराध होता है तो इसका नकारात्मक असर पूरे राज्य में पड़ता है।

**हत्या, महिला उत्पीड़न...**
को निर्देश दिया कि दहेज हत्या के मामलों का शीघ्र उद्भेदन किया जाना सुनिश्चित करें। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके इस निमित्त अनुसंधान ससमय पूरा करें।

**हैदराबाद से वापस लौटे...**
निर्दलीयों को मिलाकर ये संख्या 32 हो जाती है। इसलिए गठबंधन के 35 विधायकों को हैदराबाद भेजा गया क्योंकि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है। सीएम चंपाई सोरेन के साथ मंत्री आलमगीर आलम और आरजेडी से मंत्री सत्यानंद भोक्ता हैदराबाद नहीं गए थे। इसके अलावा कुछ विधायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के कारण हैदराबाद नहीं गए थे।

**संवेदक व पूर्व पंचायत समिति सदस्य...**
जिससे मौके पर ही मौत हो गयी। आराम से बिड़ला स्ट्रीट मार्ग से चलते बने। घटना की सूचना मिलने पर एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा कुडू थाना पहुंची और मामले की जानकारी ली। इधर पूर्व पंचायत समिति सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता रहे संतोष मांझी की हत्या की खबर जैसे ही फैली महिला, पुरुष और बच्चे घटना स्थल पर पहुंचना शुरू हो गए। कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 और कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए को इंदिरा गांधी चौक, ब्लॉक मोड़ और बस स्टैंड में बैरिकेटिंग कर जाम कर दिया। इससे पूरे दिन गाड़ियों की लंबी लाइन लगी रही। मौके पर पहुंचे सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने जामकर्ताओं से बात करने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित लोगों ने बार-बार और दिनदहाड़े लगातार हो रही घटना का हवाला देते हुए एक नहीं सुनी और जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और थाना गेट पर जमा हो गए। कुछ लोगों ने थाना गेट पर प्रर्दशन कर गेट तोड़ने का भी प्रयास किया लेकिन पुलिस और कुछ प्रबुद्ध लोगों के समझाने और बैठ कर बात करने के आग्रह पर माने। बाद में बस स्टैंड पहुंचे बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने मृतक के परिजनो को नवनिर्मित दुकान में एक दुकान देने और पत्नी को आउटसोर्सिंग में नौकरी देने का लिखित आश्वासन दिया लेकिन कुछ लोग वरीय पदाधिकारियों को बस स्टैंड बुलाकर बात करने की जिद पर अड़ गए जिसके बाद एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने परिजनों से बात की तब सभी माने तब शाम करीब 4 बजे जाम खुला।
**घटना में शामिल लोग जल्द होंगे गिरफ्तार :** प्रशासन और परिजनों की चली लंबी वार्ता में प्रशासन ने परिजनों और से पूरी जानकारी ली। एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और परिवार को हर संभव सरकारी मदद का भरोसा दिलाया। जिसके बाद लोग माने।
**मृतक अपने पीछे छोड़ गए हैं भरा पूरा परिवार :** संतोष उर्फ मंगलू अपने पीछे पत्नी पूनम देवी, पुत्र कार्तिक, विराट और छोटी बेटी परी को छोड़ गए हैं। बड़ा बेटा मराष्ट्र औरंगाबाद जीले के जालना प्रतुर में जेएनवी में पढ़ाई करता है। घटना के बाद से परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।
**गन पॉइंट पर खौफ में जी रहे लोग :** उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र के टाटी निवासी बैंक मित्र अमर पासवान 20 वर्ष पिता भुनु पासवान शुक्रवार 4 नवंबर 2022 की सुबह 10 : 30 बजे लुटेरों ने गोली मारी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं इस घटना के एक सप्ताह बाद लक्ष्मी नगर मुहल्ला में 15 नवंबर 2022 की संध्या लगभग सात बजे बढ़ई मिस्त्री का काम करनेवाले सुदेश्वर साहू के 27 वर्षीय पुत्र विकास साहू की गोली मारकर हत्या कर दी थी, और उसे बचाने गए उसकी पत्नी 20 वर्षीय प्रतिमा देवी चचेरा भाई 40 वर्षीय राजेश साहू को भी गोली मारकर घायल कर दिया था। और एक माह बाद कूडू बस स्टैंड में मुर्गी दुकान चलाने वाले अरबिंद पासवान उर्फ गुड्डू को गोली मारकर घायल कर दिया था और अब इस घटना से कुडू के लोग भयाक्रांत हैं।

**राजनीतिक रूप से मुखर पलामू बुनियादी...**
अंतर्गत भीष्म नारायण सिंह का केंद्रीय नेतृत्व में दबदबा जगजाहिर है। वर्तमान में डा. रामेश्वर उरांव, रामचंद्र चंद्रवंशी, भानू प्रताप शाही, मिथिलेश ठाकुर, कमलेश सिंह आदि विभिन्न दलों से विधान सभा में पलामू का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसके बाद भी प्रदेश ही नहीं देश के किसी भी कोने में आप जायें। पलामू का नाम आते ही सामने वाले के जेहन में भूख, मजदूर, नक्सलवाद का चेहरा ही आता है। पलामू नीति आयोग के 112 आकांक्षी जिलों में भी शामिल है। इसके बाद भी जिले में रोजगार सृजन की दिशा में धरातल पर कोई भी योजना मूर्त होती प्रतीत नहीं होती।
**पलामू में युवाओं का पलायन बड़ा मुद्दा :** रोजगार के अभाव में काम की तलाश में युवाओं का पलायन पलामू में बहुत बड़ा मुद्दा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों के कई गांव पलायन के कारण युवा विहीन नजर आते हैं। विशेषकर दूरस्थ स्थित पांडू, मनातू, विश्रामपुर, हुसैनाबाद आदि प्रखंडों के। नई दिल्ली, अहमदाबाद, विशाखापटनम, सूरत आदि स्थानों पर जाने वाली ट्रेनों में युवाओं की बेतहाशा भीड़ जिले में बेरोजगारी की समस्या की भयावहता का हाल बयां करती है।

**जल्द बोकारो सेल समेत कई...**
माफ नहीं किया, आदिवासियों से उनके जल जंगल और जमीन का हक भी छीन रही है। महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। अल्पसंख्यकों के साथ उचित न्याय नहीं हो रहे है। ऐसे में वह देश के समस्त नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए निकले हैं। जामताड़ा के रास्ते शनिवार की शाम ही राहुल गांधी धनबाद पहुंचे थे। टुंडी में रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह राहुल गांधी का काफिला जनसंपर्क के लिए निकला। राहुल गांधी गोविंदपुर के रास्ते स्टील गेट, स्टेशन रोड, बैंकमोड़, करकेंद, महुदा होते हुए बोकारो की तरफ बढ़े। धनबाद में जगह-जगह कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया। 500 गाड़ियों के काफिले के साथ राहुल गांधी धनबाद की सड़कों से होते हुए निकले। राहुल गांधी को देखने के लिए धनबाद की जनता भी सड़कों पर दिखी। जगह जगह राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगे। वहीं कांग्रेस कार्यकताओं ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। राहुल के कार्यक्रम को देखते हुए जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बोकारो जैना मोड़, पेटरवार होता उनका काफिला शाम को गोला पहुंचा। यहां भी उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया और खेती-किसानी व मजदूरों के मुद्दे उठाए। गोला से सभी रामगढ़ पहुंचे जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे।




# पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में बारिश, 70 गांवों का मुख्यालय से टूटा संपर्क



**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड में मौसम लगातार बदलता जा रहा है। मौसम विभाग के जारी पूवार्नुमान के अनुसार 5 फरवरी तक प्रदेश के 3000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले स्थनों पर बर्फबारी का अनुमान है। वहीं मैदानी इलाकों में गरज के साथ बारिश और ओले गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। चारों धामों में तापमान माइनस में है। ये बर्फ.की सफेद चादर से ढक गए हैं। रुद्रप्रयाग में कालिशिला, चोपता तुंगनाथ, मदमहेश्वर घाटी के साथ ही चमोली जिले में हेमकुंड साहिब औली समेत हिमालय की चोटियों पर भी लगातार जोरदार बर्फबारी हो रही है। राज्य के पहाड़ी जिलों में भारी बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई है। उत्तराखंड के 70 से अधिक गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। पहाड़ की चोटियों पर दिनभर रुक-रुककर बर्फबारी का क्रम जारी है। राज्य के मैदानी इलाकों में भी बारिश के साथ घना कोहरा है। उत्तराखंड के नैनीताल, हरिद्वार तथा ऊधमसिंह नगर जनपदों में कोहरे के चलते लोगों को काम करने में असुविधा हो रही है। उधर, देहरादून में बारिश के साथ ओले भी गिर रहे हैं। बारिश और ओलों से अचानक तापमान में गिरावट आ गई है। लोग अपने घरों में बैठ कर ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में तापमान में 4 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है।

उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अगले दो दिन राज्य में मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 3,000 से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी मात्रा में बर्फबारी होगी और राज्य के मैदानी जिलों में कहीं-कहीं गरज- चमक के साथ ओलावृष्टि को लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में बीते शनिवार की सुबह से धूप खिली, लेकिन दोपहर बाद बादल छा गए।

शनिवार को देर शाम बदरीनाथ, श्री हेमकुंड साहिब, औली व गौरसों में बर्फबारी हुई जिससे पूरे पहाड़ी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप है। चमोली जिले में बदरीनाथ हाइवे हनुमान चट्टी से 3 किमी आगे बीते दिनों हुई बर्फबारी के चलते बंद हैं।

## एक नजर

### भारत में जन्मे पाक के प्रमुख न्यायविद रशीद ए रजवी का निधन



**कराची।** भारत में जन्मे पाकिस्तान के वरिष्ठ न्यायविद रशीद ए रजवी का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। जिओ न्यूज के अनुसार, रजवी का कराची के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके जनाजे की नमाज आज (रविवार) डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी के एक इमाम बारगाह में पढ़ी जाएगी। रजवी एक अनुभवी वकील और सेवानिवृत्त न्यायाधीश थे। उन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान चार बार सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संभाला। उनका जन्म दिसंबर 1947 में मुंबई (भारत) में हुआ था। रजवी 1956 में अपने परिवार के साथ कराची आ गए थे।

### चिली में आया 5.1 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने कहा है कि रविवार को उत्तरी चिली में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप चार बज कर दो मिनट पर आया। इसका केंद्र 19.34 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 69.46 डिग्री पश्चिम देशांतर पर था। इसकी गहराई 121.0 किमी थी। हालांकि इससे नुकसान के बारे में कोई जानकारी अभी नहीं दी गई है।

### नामीबिया के राष्ट्रपति डॉ. हेग जी. गेनगोब नहीं रहे



**विंडहॉक।** नामीबिया के राष्ट्रपति डॉ. हेग जी. गेनगोब का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, गेनगोब ने रविवार को अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुछ हफ्ते पहले ही उन्हें कैंसर से पीड़ित पाया गया था। डॉ. नांगोलो मबुम्बा को नामीबिया गणराज्य का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। नाबीबिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स हैंडल पर यह दुखद सूचना साझा की। उनके कार्यालय ने कहा है, "अत्यंत दुख और खेद के साथ सूचित किया जा रहा है कि नामीबिया गणराज्य के राष्ट्रपति और हमारे प्रिय डॉ. हेज जी. गेनगोब का रविवार लगभग 00:04 बजे लेडी पोहाम्बा अस्पताल में निधन हो गया।

### पाक के लिए जासूसी करने वाला शख्स मेरठ से गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने रूस के मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में काम करने वाले एक युवक को मेरठ से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक हापुड़ जिले का रहने वाला है। उस पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने का आरोप है। उत्तर प्रदेश एटीएस के एडीजी मोहित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि एटीएस ने जासूसी के आरोप में हापुड़ निवासी सत्येंद्र सिवाल को गिरफ्तार किया है। वह 2021 से मॉस्को स्थित दूतावास में इंडिया बेस्ट सिक्योरिटी अस्सिटेंट के पद पर कार्यरत है। पूछताछ में आरोपित ने भारतीय दूतावास, रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और भारतीय सैन्य इंस्टिट्यूट की महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलरों को भेजने की बात को स्वीकारा है।

# घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य करने की दिशा में कर रहे हैं काम: मोदी



**एजेंसी। गुवाहाटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल को शून्य पर लाने के लिए काम कर रही है। मोदी ने असम में कई प्रमुख परियोजनाओं का अनावरण करते हुए कहा, बीते 10 वर्षों में हमने हर घर तक बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया। अब बिजली का बिल भी जीरो करने के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में एक करोड़ घरों के लिए छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने से शून्य बिजली बिल प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। मोदी ने यहां एक विशाल सार्वजनिक रैली में कहा, बजट में सरकार ने रूफटॉप सोलर की बहुत बड़ी योजना का ऐलान किया है। इस योजना के तहत प्रारम्भ में एक करोड़ परिवारों को सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए सरकार मदद करेगी। इससे उनका बिजली का बिल भी जीरो होगा और साथ ही सामान्य परिवार अपने घर पर बिजली पैदा करके, बिजली बेचकर के कमाई भी करेगा। मोदी ने कहा, 2014 के पहले 10 वर्षों में कुल 12 लाख करोड़ रुपए इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट रहा...। यानि जितना पहले की केंद्र सरकार ने अपने 10 साल में खर्च किया था, करीब-करीब उतनी राशि हमारी सरकार अगले एक साल में खर्च करने जा रही है।

### गोयनकाजी 'एक जीवन-एक ध्येय' का उदाहरण विपश्यना को किया जीवन समर्पित : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने रविवार को विपश्यना साधना संस्थान के संस्थापक एसएन गोयनका के जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित किया। अपने वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि ध्यान साधना हमें एकजुटता की भावना से जोड़ती है। एकजुटता की भावना, एकता की शक्ति ही विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार है। आचार्य एसएन गोयनका के जन्मशताब्दी समारोह में सभी ने वर्ष भर इसी मंत्र का प्रचार-प्रसार किया है। आचार्य गोयनका को 'एक जीवन-एक ध्येय' का बेहतरीन उदाहरण बताते हुए पीएम ने कहा कि उनका एक ही मिशन था- विपश्यना। विपश्यना पूरे विश्व को प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति की अद्भुत देन है लेकिन हमारी इस विरासत को भुला दिया गया था। भारत का एक लंबा कालखंड ऐसा रहा जिसमें विपश्यना सीखने और सिखाने की कला धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही थी। गोयनकाजी ने म्यांमार में 14 वर्षों की तपस्या करके इसकी दीक्षा ली और फिर भारत के इस प्राचीन गौरव को लेकर देश लौटे। पीएम ने गोयनकाजी के व्यक्तित्व को निर्मल जल की तरह शांत और गंभीर बताया और कहा कि एक मूक सेवक की तरह सात्विक वातावरण का संचार करते थे।

# जो बाइडेन ने पहली डेमोक्रेटिक प्राइमरी में हासिल की जीत



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दक्षिण कैरोलिना में आयोजित पार्टी के पहले प्राइमरी में जीत के साथ राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक नामांकन पर अपने दावे की शुरूआत की। बाइडेन ने पिछले सप्ताह दक्षिण कैरोलिना में एक अभियान के दौरान कहा, सच्चाई यह है कि मैं दक्षिण कैरोलिना के डेमोक्रेटिक मतदाताओं के बिना यहां नहीं होता। इसके लिए मैं तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। शनिवार रात कई अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स ने मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद बाइडेन की जीत का अनुमान लगाया था। टिकट के लिए उनके प्रतिद्वंद्वी प्रतिनिधि सभा के सदस्य डीन फिलिप्स और स्वयं सहायता लेखक मैरिएन विलियमसन हैं। राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के भतीजे डेमोक्रेट रॉबर्ट कैनेडी जूनियर ने खुद को स्वतंत्र घोषित कर दिया है और रूढ़िवादियों के बीच उदारवादियों के समान ही ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। डेमोक्रेट्स ने इस साल अपने प्राइमरी कार्यक्रम में बदलाव किया और परंपरा के उलट कॉकस के लिए आयोवा और प्राइमरी के लिए न्यू हैम्पशायर को छोड़कर अपने पहले राज्य के रूप में दक्षिण कैरोलिना को चुना। इस राज्य ने प्रचंड जीत के साथ बाइडेन के 2020 अभियान की किस्मत बदल दी थी। उहें राष्ट्रपति पद की दौड़ में सबसे आगे कर दिया था। राज्य में बाइडेन की अनुमानित जीत ने उनके पुनः नामांकन और दूसरे कार्यकाल की शुरूआत को चिह्नित किया। बाइडेन के रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी उनके पूर्ववर्ती और 2020 के प्रतिद्वंद्वी, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प होने की संभावना है, अगर उनके खिलाफ चल रहे कई मामलों में से किसी में उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाता और जेल नहीं भेजा जाता।

## समन का पालन नहीं करने पर केजरीवाल के खिलाफ ईडी अदालत पहुंची


**एजेंसी। नई दिल्ली**

ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में उसके समन का पालन नहीं करने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ यहां एक अदालत का दरवाजा खटखटाया है। ईडी ने बुधवार को केजरीवाल को एक नया समन जारी किया और उन्हें शुक्रवार को केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया। आप संयोजक को जारी किया गया यह पांचवां समन था। राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने शनिवार को मामले की सुनवाई की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने ईडी की ओर से दलीलें दीं। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई 7 फरवरी को तय की है। ईडी ने 13 जनवरी को केजरीवाल को चौथा समन जारी किया था और उन्हें 18 जनवरी को उसके सामने पेश होने को कहा था। शुक्रवार को आप ने कहा कि केजरीवाल पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश नहीं हुए और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह दिल्ली सरकार को गिराना चाहते हैं। आप ने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे।

## मेघालय में 3.5 तीव्रता का भूकंप, लोग अपने घरों से बाहर निकले

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले में रविवार को दोपहर बाद मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। सिस्मोलॉजी विभाग के अनुसार ईस्ट गारो हिल्स जिले में दोपहर 02 बजकर 37 मिनट 15 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और दहशत फैल गई। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले में जमीन में 12 किलोमीटर नीचे स्थित था।

# नोटिस देने के लिए आतिशी के आवास पर पहुंची दिल्ली पुलिस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के अधिकारी रविवार को दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी के आवास पर नोटिस देने पहुंचे। अधिकारी उन आरोपों की जांच कर रहे है, जिसमें कहा गया कि भाजपा 'आप' विधायकों को खरीदने की कोशिश कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्री घर पर नहीं हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय को दिल्ली पुलिस से समन मिला था और एक अधिकारी ने इसकी रिसीविंग भी पुलिस को दी थी। इस बीच, एक पुलिस सूत्र ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने दिल्ली के सीएम अरविन्द केजरीवाल से तीन दिन में नोटिस का जवाब मांगा है। सूत्रों ने बताया कि टीम ने केजरीवाल से इस मामले में सबूत भी देने को कहा। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को क्राइम ब्रांच की टीम केजरीवाल के आवास के अलावा 'आप' मंत्री आतिशी के आवास पर भी नोटिस देने गई थी। हालांकि, नोटिस स्वीकार नहीं किए गए। इस बीच, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा था कि भाजपा 'आप' के आरोपों की क्राइम ब्रांच द्वारा जांच शुरू करने की रिपोर्ट का स्वागत करती है। दिल्ली बीजेपी ने 30 जनवरी को एक शिकायत दर्ज की थी, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने 'आप' विधायकों को ऐसी कोई पेशकश नहीं की है, साथ ही केजरीवाल के आरोपों की पुलिस जांच की मांग की।

## हैदराबाद में विमान की मरम्मत के दौरान दुर्घटना में वायुसेना अधिकारी की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के हकीमपेट वायु सेना स्टेशन पर एक विमान की मरम्मत के दौरान दुर्घटना में वायु सेना के एक अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। कॉर्पोरल रैंक के अधिकारी हरवीर चौधरी यू-736 किरण विमान की मरम्मत कर रहे थे, तभी विमान की सीट अचानक उछल गई, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना शनिवार की है। वायु सेना के अधिकारियों ने अलवाल पुलिस को सूचित किया जो मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अलवाल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### भारत में निर्मित हथियार खरीदने से जीडीपी में होगा कई गुना बढ़ोत्तरी

# सुखोई लड़ाकू विमानों को आधुनिक बनाने के लिए 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित

### चीन-पाक के अग्रिम इलाकों में तैनाती मजबूत करने में मिलेगी मदद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार ने वित्त वर्ष 24-25 के बजट में 84 सुखोई लड़ाकू विमानों को आधुनिक बनाने और 12 नए सुखोई खरीदने के लिए अलग से 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने का फैसला लिया है। बजट का बड़ा हिस्सा देश को घरेलू स्तर पर निर्मित अगली पीढ़ी की हथियार प्रणाली प्रदान करने के लिए घरेलू स्त्रोतों के माध्यम से खरीद के लिए उपयोग किया जाएगा, जिसका जीडीपी पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। बढ़े हुए बजटीय आवंटन से सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक, विशिष्ट प्रौद्योगिकी वाले घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, जहाजों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन आदि से लैस किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में रक्षा बजट 6,21,540.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा का बजटीय आवंटन वित्त वर्ष 2022-23 के आवंटन से लगभग एक लाख करोड़ (18.35 प्रतिशत) और वित्त वर्ष 23-24 के आवंटन से 4.72 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा में पूंजीगत व्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.72 लाख करोड़ रुपये है जो वित्त वर्ष 22-23 के वास्तविक व्यय से 20.33 प्रतिशत अधिक है और वित्त वर्ष 23-24 के संशोधित आवंटन से 9.40 प्रतिशत अधिक है। बढ़े हुए बजटीय आवंटन से सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक, विशिष्ट प्रौद्योगिकी वाले घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, जहाजों, प्लेटफार्मों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन, विशेषज्ञ वाहनों आदि से लैस करने में सुविधा होगी। सरकार ने वित्त वर्ष 24-25 के बजट में वायु सेना के 84 सुखोई लड़ाकू विमानों को आधुनिक बनाने और 12 नए सुखोई खरीदने के लिए अलग से 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने का फैसला लिया है। आवंटित बजट के बड़े हिस्से का इस्तेमाल अगली पीढ़ी की स्वदेशी हथियार प्रणाली खरीदने के लिए किया जाएगा, जिसका जीडीपी पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा मौजूदा मिग-29 के लिए उन्नत इंजनों के अधिग्रहण, परिवहन विमान सी-295 और मिसाइल प्रणालियों के अधिग्रहण की भी योजना है। 'मेक इन इंडिया' पहल को आगे बढ़ाने के लिए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके-1 के आईओसी /एफओसी कॉनफि गरेशन को अतिरिक्त रूप से वित्त पोषित किया जाएगा। बजट में भारतीय नौसेना की परियोजनाएं जैसे डेक-आधारित लड़ाकू विमान, पनडुब्बियां, अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों आदि का अधिग्रहण करने के लिए भी अलग से आवंटन किया गया है। बजट का बड़ा हिस्सा रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

## तुर्की में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलटों की मौत



**अंकारा।** तुर्की के गाजियांटेप प्रांत में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दो पायलटों की मौत हो गई और एक तकनीशियन घायल हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पर कहा कि जनरल डायरेक्टरेट ऑफ सिक्योरिटी एविएशन डिपार्टमेंट की सूची में पंजीकृत हेलिकॉप्टर नूरदागी जिले के कार्तल गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर, जो दक्षिणी हटे प्रांत से रवाना हुआ था, से आखिरी बार शनिवार देर रात स्थानीय समयानुसार 10:49 बजे संपर्क किया गया था। कई जेंडरमेरी, फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया। घायल तकनीशियन को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## फिल्म जगत

### रानी मुखर्जी 'ब्लैक' की 19वीं एनिवर्सरी कर रही सेलिब्रेट, कहा- 'फिल्म ने बहुत कुछ सिखाया'



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी फिल्म 'ब्लैक' की 19वीं एनिवर्सरी सेलिब्रेट कर रही हैं, जिसमें उन्होंने बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ काम किया था। फिल्म के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि इस फिल्म ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया है। संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित यह फिल्म ऐसी महिला मिशेल (रानी द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जो सुन नहीं सकती और देख नहीं सकती। वह अपने बुजुर्ग टीचर देबराज (बिग बी द्वारा अभिनीत) के साथ रिश्ते की कहानी बताती है, जो शराबी है और बाद में उसे अल्जाइमर हो जाता है। रानी मुखर्जी ने कहा, "एक एक्टर और एक व्यक्ति के रूप में 'ब्लैक' का मेरे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। आसान कामों के लिए भी साइन लैंग्वेज का इस्तेमाल करने की चुनौतियां सीखने का एक बड़ा एक्सपीरियंस था और बहुत विनम्र भी। 'ब्लैक' मेरे लिए हमेशा बहुत खास रहेगी, क्योंकि इसने मुझे बहुत कुछ सिखाया।" यह फिल्म अपनी रिलीज के 19 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस ने आगे कहा, "अमित जी के साथ काम करना निश्चित रूप से मेरे जीवन के सबसे यादगार क्षणों में से एक था। उनके साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करना और बेस्ट परफॉर्मेंस देने का अवसर मिलना अपने आप में मेरे लिए एक मास्टरक्लास की तरह था। और हां, अपने पसंदीदा निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ काम कर रही हूं। मेरा मानना है कि 'ब्लैक' एक फिल्म निमार्ता के रूप में संजय के शानदार कामों में से एक है! उन्होंने ब्लैक के साथ जो किया, वह कुछ ऐसा है कि आने वाले सालों में अभिनेताओं, फिल्म प्रेमियों और दर्शकों की पीढ़ियां उनकी प्रतिभा को देख सकेंगी।"